जबलपुर
सोमवार 29 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष - पूर्णिमा
वर्ष : 21, अंक : 58
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम
अधि. 33
न्यून. 23


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 मोहर्रम की आड़ में दहशतगर्दी क्यों?





मैट्रो
14 बैंक खातों और एटीएम से फर्जीवाड़ा ...



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


ऐसी बेरुखी : दो जुलाई को नया पश्चिमी सक्रिय होने के बाद बारिश में आएगी तेजी

# मानसून अभी आधा आया, आधा कहीं फंसा पर 2 दिन बाद कई जिलों में बारिश फिर पकड़ेगी रफ्तार

- धूप-उमस के बीच पारे में 3 डिग्री तक घट-बढ़, सुबह से देर रात के बीच दो दर्जन जिलों में बौछारें
- प्रदेश में अब तक दीर्घावधि औसत से 38 प्रतिशत कम बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में दो दिन बाद बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। 2 जुलाई को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर जुलाई के पहले सप्ताह में सामान्य बारिश के रूप में देखने को मिलेगा। इस बीच रुक-रुककर बारिश का दौर प्रदेशभर में जारी रहेगा। रविवार तक प्रदेश में मानसून नॉर्दन लिमिट मंडला, इंदौर से आगे नहीं बढ़ी है।



### सुबह से देर रात तक यहां बौछारें पड़ीं

रविवार को करीब दो दर्जन जिलों के शहरों में बौछारें पड़ीं। इनमें नीमच, मंदसौर, सागर, रतलाम, गुना, अशोकनगर, देवास, भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, झाबुआ, इंदौर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आज यहां मध्यम बारिश का अलर्ट

सोमवार को बड़वानी, अलीराजपुर, धार, बालाघाट में कुछ जगह तेज बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, रीवा, सतना, अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा में कुछ जगह मध्यम से हल्की बारिश होगी।

प्रदेश में आकाशीय बिजली का कहर

## छिंदवाड़ा में एक युवती और शहडोल में दो बुजुर्गों की मौत



भोपाल। छिंदवाड़ा और शहडोल जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से भारी तबाही हुई है। पहली घटना छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा के जिलेहरी गांव की है, जहां खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के 7 लोगों पर अचानक बिजली गिर गई। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से झुलस चुकी एक युवती ने दम तोड़ दिया। अन्य 6 घायलों का इलाज जारी है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक है।

## खबर संक्षेप

### कलयुगी पिता ने की थी ढाई साल के बेटे की हत्या

गुना। कुंभराज थाना क्षेत्र में एक पिता ने पारिवारिक रंजिश में अपने ही ढाई साल के मासूम बेटे अनिरुद्ध की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी पिता मनोज साहू का मकसद इस हत्या का आरोप अपने बुजुर्ग माता-पिता और भाइयों पर मढ़कर उन्हें जेल भिजवाना था। 25 जून को बच्चे की संदिग्ध मौत के बाद पीएम रिपोर्ट में गला दबाने की पुष्टि हुई।



### जिला आबकारी अधिकारी सस्पेंड, ग्वालियर अटैच

मुरैना। सरकारी दुकानों पर एक्सपायरी डेट की देशी शराब बिकवाने के मामले में विभागीय कमिश्नर ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी अधिकारी जितेंद्र सिंह गुर्जर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें ग्वालियर कार्यालय से अटैच किया गया है। कलेक्टर जांगिड़ की जांच रिपोर्ट के बाद यह एक्शन लिया गया।



### सड़क हादसे में मीडियाकर्मी और उनकी पत्नी की मौत

मिर्जापुर। उप्र के मिर्जापुर में रविवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें कटनी के एक मीडियाकर्मी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। यह परिवार वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन कर वापस लौट रहा था। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में रात करीब 2 बजे चालक को झपकी आने के कारण तेज रफ्तार कार खड़े एक ट्रक से जा टकराई।



### पलटा आम से भरा ट्रक आम लूटने मची होड़

झाबुआ। दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे पर झाबुआ जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां आमों से लदा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद सड़क पर भारी मात्रा में आम बिखर गए। घायल चालक की मदद करने के बजाय मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और ग्रामीणों में आम लूटने की होड़ मच गई।



एक दशक बाद जब मैं यहां वापस आया हूं, तो मेरा यह विश्वास पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूत हुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए बताया कि भारत से दोस्ती की शुरुआत 1770 में हुई

# हिंद महासागर भारत-सेशेल्स को अलग नहीं करता, दोस्त बनाता है

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच के रिश्ते सरकारों ने नहीं बनाए थे। ये रिश्ते लोगों ने बनाए, परिवारों ने इन्हें संवारा और पीढ़ियों ने इन्हें कायम रखा

एजेंसी ▸▸ विक्टोरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि इस नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री के तौर पर आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए एक खास सम्मान की बात है। मैं अपने साथ भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं और बधाई लेकर आया हूं। प्रधानमंत्री के तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में मैंने जिस पहले देश का दौरा किया था, वह 2015 में सेशेल्स ही था।



नरेंद्र मोदी

हिंद महासागर हमारा साझा घर है। सेशेल्स और भारत दोनों एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो। पीएम मोदी ने कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे बीच के रिश्ते सरकारों ने नहीं बनाए थे। ये रिश्ते लोगों ने बनाए, परिवारों ने इन्हें संवारा और पीढ़ियों ने इन्हें कायम रखा। हिंद महासागर ने इसे मुमकिन बनाया।

सेशेल्स और भारत दोनों एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो



प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की संसद में

**नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री**

**भारत का लक्ष्य हिंद महासागर को 'अवसरों का महासागर' बनाना**

### प्रधानमंत्री ने की द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-सेशेल्स संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की व्यापक समीक्षा की और आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### राष्ट्रीय दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को देश के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में शामिल होंगे।

यह सम्मान बेहद खास माना जाता है

### सेशेल्स ने दी मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की उपाधि

सेशेल्स के गोल्डन जुबिली नेशनल डे समारोह में शामिल होने राजधानी विक्टोरिया पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्टेट हाउस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद सेशेल्स ने पीएम मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' उपाधि दी। गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन का मतलब है ।



**यह सम्मान क्यों मिला?**

मोदी को यह उपाधि समुद्री पर्यावरण संरक्षण, ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और सहयोग मजबूत करने तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े वैश्विक प्रयासों में भारत की सक्रिय भूमिका के सम्मान में प्रदान की है।

सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही पुलिस

## गिरीबाला के बंगले में घुसे चोर, सायरन सुनकर भागे

घर में खुली मिली अलमारी, बिखरा पड़ा मिला सामान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



गिरीबाला सिंह का बंगला

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह के बंगले में घुसे बदमाश गश्त कर रही पुलिस का सायरन सुनकर भाग निकले। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे से चार बजे के बीच की है। घटना के समय गिरीबाला सिंह के बंगले पर मौजूद थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

खंडवा में वन विभाग की टीम पर खूनी हमला

## 8 जवान घायल, महिलाओं की आड़ में बरसाए पत्थर

2 घंटे बाद पहुंची मदद, पुलिस सुरक्षा की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

जिले के गुड़ी रेंज स्थित आमा खुजरी जंगल में अतिक्रमण रोकने पहुंची वन विभाग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम पर करीब 400 अतिक्रमणकारियों ने जानलेवा हमला कर दिया।

'मन की बात' में मप्र की गूंज

## पीएम ने राजगढ़ की महिलाओं का 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल सराहा





रि-साइक्लिंग के जरिए किया शहर का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 135वें एपिसोड में राजगढ़ जिले के ब्यावरा की महिलाओं के अनूठे प्रयास की खुलकर तारीफ की। पीएम ने कहा कि ब्यावरा की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे को समस्या मानने के बजाए उसे समाधान का जरिया बना दिया और रिसाइक्लिंग के जरिए शहर का कायाकल्प कर दिया।

मोदी कैबिनेट में फेरबदल होगा!

## कुछ मंत्रियों की होगी छुट्टी कुछ का विभाग 'बदलेगा'



संगठन में भी बड़े बदलाव की तैयारी में भाजपा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले केंद्रीय राजनीतिक गलियारों में मोदी कैबिनेट के विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी दौरों से लौटते ही जुलाई के मध्य तक केंद्रीय मंत्रिमंडल का नया स्वरूप सामने आ सकता है। कैबिनेट के साथ-साथ भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी अपनी नई टीम (संगठन पदाधिकारियों) का ऐलान कर सकते हैं।

निष्ठुर मां-पिता की ये करतूत

## उफ! पाइप में बोरे के अंदर बंद मिला 'जिंदा नवजात'



ग्रामीणों ने बचाई जान, अस्पताल में हालत स्थिर


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतलाम

रतलाम के मथुरी गांव में रविवार सुबह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां रिंग रोड किनारे एक पानी के पाइप में बोरे और थैली के अंदर बंद एक नवजात बालक जिंदा मिला है। ग्रामीणों ने बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात को जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड केयर यूनिट में भर्ती कराया है।

'लापता लेडीज' के एक्टर को दौड़ाया

## पूरे पैसे मांगे तो डायरेक्टर और उनकी पत्नी ने जमकर धुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



सतेंद्र सोनी वीडियो में ये बताकर रो पड़े

किरण राव की हिट फिल्म 'लापता लेडीज' में अहम भूमिका निभाने वाले एक्टर सतेंद्र सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक परेशान करने वाला वीडियो शेयर किया है। वीडियो में सतेंद्र रोते हुए दिखाई दे रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि मैहर में एक फिल्म की शूटिंग के लिए उन्हें न पेमेंट दिया गया और डायरेक्टर व उसकी पत्नी ने उनको पीटा। उन्हें मारने की धमकी भी दी। डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह है। उनकी पत्नी प्रगति चौहान है। दोनों की टिप्पणी नहीं आई है।

बांधवगढ़ में घायल बाघ का सफल रेस्क्यू

## डॉक्टरों ने किया इलाज, हाथियों की मदद से रखी जा रही नजर

घाव का इलाज करने के साथ ही ब्लड सैंपल भी लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरिया

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत बिरुहली बीट में एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां घायल अवस्था में मिले करीब 3 वर्षीय नर बाघ का रविवार को सफल उपचार किया गया। इलाज के बाद पार्क प्रबंधन की टीम ने बाघ को वापस उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया है। वर्तमान में श्याम और लक्ष्मण हाथियों व विशेष गश्ती दल की मदद से उसकी चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।



उपचार करती रेस्क्यू टीम

### बाघ के एक पैर में चोट लगी थी

दरअसल, गश्ती दल को बाघ के एक पैर में चोट लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्षेत्र संचालक और उप संचालक के मार्गदर्शन में शनिवार से ही वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और वन अमले ने बाघ की ट्रैकिंग शुरू कर दी थी। रविवार सुबह ट्रैकिंग दल को बाघ की लोकेशन मिली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 'पल्स पोलियो अभियान' का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री ने कहा:** सरकार 'सर्वे सन्तु निरामया' के मंत्र के साथ कर रही काम

## 400 मोबाइल दल, 43 हजार टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी

- 1.66 लाख वैक्सीनेटर
- 26 हजार सुपरवाइजर
- 83 हजार पोलियो बूथ
- 30 जून तक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्वास्थ्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में है और डॉक्टर माता-पिता के बाद भगवान के समान हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने पल्स पोलियो अभियान, सुमन पंचायत कार्यक्रम की शुरुआत की और स्टेट एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस 2.0 पॉलिसी का अनावरण किया।



सीएम ने बैतूल के कुकरू में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया

### भोपाल में करीब 3.32 लाख बच्चों का लक्ष्य

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत भोपाल जिले में करीब 3.32 लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 2710 बूथ बनाए गए हैं। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने भी 28 से 30 जून तक विशेष अभियान चलाते हुए रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में 22 पोलियो बूथ एवं मोबाइल टीमें तैनात की हैं।

## पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन की हत्या का केस

# पुलिस ने लोहागढ़ किले पर पुतले से सिया गोयल के अपराध घटनाक्रम को दोहराया, सटीक तथ्य मिले

## पुलिस ने देखा कि कैसे सिया ने केतन को धक्का दिया था, किस रास्ते से वह वहां गई थी?

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुलिस पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की कथित हत्या की आरोपी एवं उनकी मंगेतर सिया गोयल को रविवार को लोहागढ़ किले लेकर गई जहां पुतले का इस्तेमाल कर अपराध स्थल पर घटनाक्रम दोहराया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बतया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य 18 जून के सटीक घटनाक्रम का पता लगाना है। आरोप है कि 20 वर्षीय सिया गोयल और उसके 'प्रेमी' चेतन चौधरी (22) ने 25 वर्षीय अग्रवाल को किले से धक्का देकर उनकी हत्या कर दी थी।

### सिया ने रास्ता भी बताया

देहात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपराध स्थल पर घटनाक्रम दोहराया गया। आरोपी को उस वास्तविक स्थान पर ले जाया गया जहां घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक पुतला तैयार किया और गोयल से यह दिखाने को कहा कि उसने केतन को उस स्थान से कैसे धक्का दिया था? इसके साथ ही गोयल ने अपराध स्थल तक पहुंचने के लिए उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया रास्ता भी बताया।



घटना स्थल का रीक्रिएशन करती पुणे की पुलिस। सफेद टी शर्ट में सिया।

### घटना से पहले और बाद के पहलुओं को जांचा

गोयल और चौधरी को अग्रवाल की हत्या की साजिश रचने और उन्हें पुणे जिले के लोहागढ़ किले से धक्का देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गोयल ने पुलिस को कथित तौर पर बताया कि वह अग्रवाल से शादी नहीं करना चाहती थी और उसे लगा कि शादी तोड़ने से परिवार की बदनामी होगी इसलिए उसने चौधरी के साथ मिलकर अग्रवाल की हत्या की साजिश रची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता कथित अपराध की साजिश, घटना से पहले और बाद में आरोपियों की गतिविधियां, उनके डिजिटल रिकॉर्ड और हत्या के मकसद समेत मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

### मेरी बेटी दोषी तो उसे फांसी दें


केतन की मौत ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिस बेटी के लिए परिवार ने सपनों का घर बसाने की तैयारी की थी, आज वही परिवार उसके खिलाफ सख्त सजा की मांग कर रहा है। केतन हत्याकांड में गिरफ्तार सिया को अब सिर्फ केतन के परिवार ही नहीं, बल्कि उसके अपने माता-पिता का भी साथ नहीं मिल रहा है। सिया की मां औरपिता दोनों ने कहा है कि अगर उनकी बेटी दोषी साबित होती है तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। दूसरी ओर, केतन का परिवार भी इस मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच, तथ्यों ने मामले को और भी सनसनीखेज बना दिया है।

### सिया और चेतन ने गूगल पर सर्च किया था डेथ पॉइंट

पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। केतन की हत्या से पहले सिया और चेतन ने गूगल से काफी मदद ली थी और अपनी पूरी तैयारी पुख्ता की थी। उन्होंने केतन की हत्या कैसे करनी है। उसका पूरा रिहर्सल किया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद वह कैसे सुरक्षित निकल सकते हैं, इसकी भी प्लानिंग की थी। पुलिस ने बताया कि सिया ने गूगल पर यह सर्च किया था कि आखिर घटना को कैसे अंजाम दिया जाए?

## खबर संक्षेप

### छात्रा पर भड़का कोर्ट आपकी मर्जी नहीं चलेगी




**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कम हाजिरी से परीक्षा में बैठने से रोकने के विवि के फैसले को चुनौती देने वाली लॉ की छात्रा को 'लापरवाह और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा न्याय का मतलब यह नहीं कि मैं जो चाहूं और जैसे चाहूं करूं। जस्टिस विभा कंकनवाड़ी,अजित कदेथंकर की बेंच ने यह कहा।

### टायर गोदाम में आग लाखों का माल खाक



**मुंबई।** मुंबई-नासिक हाइवे पर भिवंडी के निंबावली इलाके में टायर और लकड़ी के पैलेट के गोदाम में भीषण आग लग गई। आसमान में धुएं का गुबार छा गया। गोदाम को पूरी तरह आग ने अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे गोदाम का सामान जलकर खाक हो गया।सभी कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### अनंत अंबानी ने तिरुपति में चढ़ाए बाल



**तिरुपति।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी एक बार फिर गहरी धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर चर्चा में हैं। रविवार को उन्होंने आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुमला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान के दर्शन किए। पवित्र सुप्रभात सेवा में भाग लिया। पारंपरिक केश दान किया।

### अमरावती में हादसे में 5 लोगों की मौत



**अमरावती।** समृद्धि महामार्ग पर एक और हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। रविवार सुबह अमरावती के धामनगांव रेलवे तालुका में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब चंद्रपुर से मुंबई जा रही वैगन-आर तेज रफ्तार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कई बातों का किया जिक्र

इस महीने भारत को कई उपलब्धियां मिलीं

# आज सागर से लेकर अंबर तक हमारा देश सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना

### मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में बोले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद किया। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह दिखा।

यह पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। कोलकाता में आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक,सब कुछ स्वदेशी है। जून में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे देश सुरक्षित और आत्म निर्भर बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा-इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की जिन पर गर्व




### सफलताएं सभी भारतीयों के सामूहिक प्रयास का परिणाम

पीएम मोदी ने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां सरकार की नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं ।

### योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि भारत में करोड़ों लोगों ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### नांदेड़ के परिवार की सराहना की

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार की सराहना की। इस परिवार ने अनोखा फैसला लिया। परिवार ने 3 हजार लोगों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की।

### 'हरगिला आर्मी', बर्मन के प्रयास सराहनीय

प्रधानमंत्री ने असम की 'हरगिला आर्मी' और जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि असम में पाया जाने वाला दुर्लभ पक्षी 'हरगिला' प्रकृति को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। कई लोग उन पेड़ों को भी काट देते थे, जिन पर इस पक्षी के घोंसले बने होते थे।प्रधानमंत्री ने बताया कि जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने लोगों की इस सोच को बदलने का संकल्प लिया।

### नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों को सराहा

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'नगालैंड बेबी लीग' और 'नगालैंड विमेन फुटसल लीग' युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का बेहतरीन मंच प्रदान कर रही हैं। पीएम मोदी ने बताया कि 'नागालैंड बेबी लीग' की शुरुआत बच्चों को फुटबॉल से जोड़ने के लिए की गई थी।

### 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह को प्रेरणादायी बताया

प्रधानमंत्री ने डोमिनिकन रिपब्लिक के 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। स्पेनिश भाषी लोगों के इस समूह के सदस्य मिलकर वैदिक साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं और वैदिक मंत्रों का उच्चारण भी सीख रहे हैं। आज वे पुरुष सूक्तम, श्री सूक्तम, श्री रुद्रम, दुर्गा सूक्तम और देवी महात्म्यम जैसे कई मंत्रों का सटीक जाप कर रहे हैं। उनका प्रयास बेहद प्रेरणादायक है।

### सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र किया

प्रधानमंत्री ने सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सस्ती बीमा योजनाएं देश के करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के तहत केवल 20 रुपए के सालाना प्रीमियम पर 2लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। योजना से 58 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' का भी उल्लेख किया।

## चढ़ावा चोरी में एसआईटी की कार्रवाई

# जेल भेजे गए आरोपियों के घर पर की छापेमारी, डिटेल खंगाला

### 8 आरोपियों के घर और प्रतिष्ठानों पर छापा



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम नगरी में राम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में जेल भेजे गए आठों आरोपितों के घर और प्रतिष्ठानों पर रविवार को पुलिस की टीमों ने ताबड़तोड़ छापा मारा है। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट पर 8 नामजद और एक अज्ञात सहित 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में एसआईटी के बाद अब अयोध्या पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की टीमें सबसे पहले रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर पहुंचीं। जांच अधिकारी सीओ आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में छापा मारने पहुंची पुलिस टीम से टिन्नू के रिश्तेदार की बहस भी हुई। अनुकल्प, लवकुश व अविनाश के के घरों पर छापे मारी की। जेल भेजे गए कुछ आरोपियों के घर पर भारी संख्या में फोर्स के साथ सुबह सात बजे से छापा मारा।

### टिन्नू के आवास पर पुलिस का छापा, अन्य जगहों पर भी तलाशी

चढ़ावा चोरी मामले में आरोपितों को जेल भेजने के साथ ही पुलिस की जांच तेज हो गई है। रविवार सुबह ही पुलिस ने टिन्नू के आवास पर छापा मारा। उसके घर पर तलाशी ली। इस अन्य आरोपितों के घर और उनके संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। अन्य आरोपियों के घरों पर भी छानबीन की जा सकती है। पुलिस की जांच का दायरा अब बढ़ रहा है। 8 ट्रस्ट कर्मियों ने चोरी की रकम कहां निवेश की है इसका पता करने के लिए भी पुलिस इनके बैंक खातों को खंगालने की तैयारी कर रही है। काल डिटेल से इस बात का पता लगाएगी कि आरोपी किन ट्रस्टियों और बैंककर्मियों के संपर्क में थे। गबन करने के बाद आरोपितों की तरफ से किससे अधिक लेन-देन किया गया यह भी सामने आ जाएगा।

### बैंक खातों व कॉल डिटेल की छानबीन की

मंदिर व्यवस्था से जुड़े रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के अलावा ट्रस्ट कर्मी अनुकल्प मिश्र, उसका बहनोई लवकुश मिश्र, टिन्नू का भतीजा मनीष यादव, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र, अविनाश शुक्ल व रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव शामिल हैं।जांच के बीच ही यह तथ्य उजागर हो चुके हैं कि इन लोगों ने विभिन्न जगहों पर महंगे भूखंड खरीदे हैं और अन्य मदों में निवेश किया है। बैंक खातों व काल डिटेल की की छानबीन शुरू हो

## बेअदबी कानून के मुद्दे पर पंजाब में बढ़ा विवाद

मुख्यमंत्री मान ने कहा

# सभी सिख विधायक व मंत्री आज अकाल तख्त के सामने पेश होंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने रविवार को कहा कि बेअदबी कानून के मुद्दे पर सभी सिख विधायक और मंत्री 29 जून को अकाल तख्त के समक्ष पेश होंगे। मान ने अमृतसर में पार्टी विधायकों के साथ बैठक के बाद यह कहा। बैठक में अकाल तख्त के निर्देशों के मद्देनजर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। मान ने कहा कि हमारे विधायक व मंत्री अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत करेंगे। जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने 15 जून को सभी से बेअदमी कानून पर सवाल किए थे।

### कुछ कानूनों को हटाने की बात आई सामने

अकाल तख्त ने पहले राज्य सरकार से कहा था कि वह बेअदबी कानून से उन प्रावधानों को हटाए, जो गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और 'संगत' (सिख समुदाय) की भावनाओं के खिलाफ हैं।



जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को 13 अप्रैल को पंजाब विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े किसी भी कृत्य के लिए उम्रकैद सहित कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। अन्य दलों के सिख विधायकों ने पुष्टि कर दी कि वे अकाल तख्त के समक्ष पेश होंगे।

### अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होगा यूसीसीः सीएम सुवेंदु



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के लिए एक बिल लाने की योजना बना रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ किया कि कोड में कुछ भी शेड्यूल्ड ट्राइब्स (एसटी) पर लागू नहीं होगा। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का स्टैंड साफ है। यह पार्टी के इलेक्शन मैनिफेस्टो और राजनीतिक वादे का हिस्सा है।

## राहुल के कामों की आलोचना की पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी शर्मिष्ठा ने कहा

# राजनीति 24 घंटे 365 दिन का काम, राहुल कुछ इवेंट्स के बाद लगातार गायब हो रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राहुलजमीनी स्तर पर कुछ दिन सक्रिय रहने के बाद गायब हो जाते हैं। शर्मिष्ठा ने बताया कि 2014 से, लगभग उसी समय से जब राहुल कांग्रेस के चेहरे के रूप में उभरने लगे थे, पार्टी लगातार चुनाव हारती रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा नतीजा मिला।



### कुछ रैलियां की और फिर भागे

शर्मिष्ठा ने कहा कि अफसोस की बात है कि राहुल गांधी कुछ इवेंट्स करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। राजनीति 24 घंटे, 365 दिन का काम है। आप आते हैं और फिर 2 दिन बाद चले जाते हैं। आप कुछ रैलियां करते हैं और फिर चले जाते हैं। तो, मेरे हिसाब से राजनीति ऐसी नहीं होती।

### दिल्ली में लगे राहुल के 'गुमशुदा' वाले पोस्टर



दिल्ली में कई जगहों पर राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लगे हुए दिखाई दिए। ये मंडी हाउस, आईटीओ आदि इलाकों में लगे हुए थे। बड़े शब्दों में लिखा था- गुमशुदा। भाजपा के शहजाद पूनावाला ने सवाल उठाए थे।

## बेंगलुरु में 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' को संबोधित किया

# उपराष्ट्रपति : नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों का सामूहिक प्रयास जरूरी

### नशा उत्पादकता, परिवार कल्याण और विकास में बाधक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षण संस्थानों, परिवारों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा कानून लागू कराने वाली एजेंसियों से नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने का रविवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा यह अभियान सभी शैक्षणिक परिसरों, शहरों और पूरे देश में चलाया जाना चाहिए।बेंगलुरु में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विवि के स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' में राधाकृष्णन ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत के लिए, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, परिवार कल्याण का नाशक है।

### खात्मे के लिए इच्छाशक्ति को अहम बताया

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का दृष्टिकोण सिर्फ मादक पदार्थों का न होना नहीं है। स्वस्थ विकल्प, सोच-समझकर लिए गए फैसले, सहयोगी परिवार और मजबूत समुदाय।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर तैयार करने में अहम है। छात्र उपचार, जन-जागरूकता, नीति-समर्थन और साक्ष्य-आधारित समाधानों के जरिए मादक पदार्थों के खतरे से निपटने की कोशिशों में अगुवाई करेंगे।

## पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग

# जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक-प्रधान इस्तीफा दें

### 20 जून से शुरू हुए इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आ रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन लगातार 9वें दिन भी जारी है। इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आए हैं। पुलिस के साथ कई बार नोकझोंक हुई, सुविधाओं को लेकर आरोप लगे और अब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने अभिजीत दीपके के साथ राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। हरियाणा की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे।

### बिजली पानी को लेकर बढ़ा विवाद

आंदोलन के दौरान अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि कुछ समय के लिए धरनास्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति रोक दी गई थी। हालांकि बाद में दोनों सेवाएं बहाल कर दी गईं। इस घटना के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया।



### जब तक मांगें नहीं पूरी होंगी, धरना देंगे

सीजेपी नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं होंगी, जंतर मंतर से धरना समाप्त नहीं किया जाएगा।

### 20 जून से शुरू हुआ प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद 20 जून को दीपके समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। छात्र हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग करते नजर आए। अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शन खत्म करने को कहा, लेकिन नहीं उठे।

## खबर संक्षेप

### भारत से रिश्ते रहेंगे मजबूत: कनिष्क



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद लेबर पार्टी में नेतृत्व बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच, स्टार्मर की टीम के सदस्य और भारतीय मूल के एआई मंत्री कनिष्क नारायण ने भरोसा जताया है कि राजनीतिक बदलाव के बावजूद भारत-ब्रिटेन के रिश्ते मजबूत बने रहेंगे। इंडिया एपीपीजी के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी हमेशा से भारत की पक्की दोस्त रही है, जिसने तय समय से पहले ही मुक्त व्यापार समझौते को पूरा कर दिखाया। कनिष्क ने कहा कि दोनों के रिश्तों में स्थिरता बनी रहेगी।

### चीन से रिश्ते सामान्य करने की कवायद



**बीजिंग।** भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों के बीच बीजिंग में भारतीय दूतावास की मंत्री श्वेता सिंह ने चीन की सरकारी समाचार के उप महानिदेशक वांग जियानक्सिन से मुलाकात की। कई मुद्दों पर चर्चा की गई। 2020 के लद्दाख संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तल्खी को कम करने के लिए यह चीनी मीडिया के साथ जुड़ाव बढ़ाने का हिस्सा है। हाल ही में दोनों देशों ने कैलाश-मानसरोवर यात्रा, वीजा और उड़ानें फिर से शुरू की हैं।

### वेतन हड़पने वाले का पासपोर्ट जब्त

**सिंगापुर।** भारत और बांग्लादेश के 400 से अधिक प्रवासी श्रमिकों का कई महीनों का वेतन न चुकाने वाला भारतीय मूल का निदेशक रामू पलानी वेलु सिंगापुर लौट आया है। वह तीन इंजीनियरिंग कंपनियों का निदेशक है।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

# मोदी का सेशेल्स मिशन: रक्षा से लेकर यूपीआई और इसरो तक, भारत ने किए 19 बड़े समझौते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स की राजकीय यात्रा भारत और हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी के लिहाज से अहम मानी जा रही है। यात्रा के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस दौरे के 19 प्रमुख परिणाम साझा किए।

इन उपलब्धियों में रक्षा सहयोग से लेकर स्वास्थ्य, डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, कृषि, कानून, शिक्षा और विकास परियोजनाओं तक कई महत्वपूर्ण समझौते और पहल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष सहयोग को नई गति दी है। विदेश मंत्रालय ने इस दौरे के 19 प्रमुख आउटकम साझा करते हुए दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई मिलने की बात कही।

## भारत और सेशेल्स के बीच बड़े समझौते और फैसले



### रक्षा और समुद्री सुरक्षा

- **तेज गश्ती जहाज:** भारत, सेशेल्स को एक तेज गश्ती जहाज उपहार में देगा, जिससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी।
- **सैन्य वाहन और नावें:** सेशेल्स डिफेंस फोर्स को 10 यूटिलिटी वाहन और 5 लेजर रेडियल क्लास बोट्स दी जाएंगी।
- **पीएस जोरोएस्टर का रीफिट:** सेशेल्स कोस्ट गार्ड के जहाज पीएस जोरोएस्टर की मरम्मत (रीफिट) का काम भारत ने पूरा किया।
- **डॉर्नियर विमान का अपग्रेड:** सेशेल्स के डॉर्नियर विमान को आधुनिक ग्लास कॉकपिट तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा।

### डिजिटल और वित्तीय क्रांति

- **सेशेल्स में चलेगा यूपीआई:** भारत की एनपीसीआई और सेशेल्स के सेंट्रल बैंक के बीच समझौता हुआ है। अब सेशेल्स में भी भारत की यूपीआई तकनीक से डिजिटल पेमेंट हो सकेगा।
- **अम्ब्रेला लाइन ऑफ क्रेडिट:** भारत के एक्जिम बैंक और सेशेल्स के बीच कर्ज की सुविधा को लेकर समझौता हुआ है, जिससे वहां के विकास कार्यों में मदद मिलेगी।

### अंतरिक्ष और पर्यावरण

- **इसरो का जलवा:** अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण इस्तेमाल करने के लिए दोनों देशों में समझौता हुआ है, जिससे भारतीय सैटेलाइट्स और इसरो की ताकत दुनिया में बढ़ेगी।
- **जलवायु आपदा से लड़ाई:** सेशेल्स अब भारत के नेतृत्व वाले कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर संगठन में शामिल होगा।

### स्वास्थ्य और दवाइयाँ

- **जनऔषधि योजना:** भारत की एचएलएल लाइफकेयर और सेशेल्स के स्वास्थ्य मंत्रालय में डील हुई है, जिससे सेशेल्स के लोगों को भारत की सस्ती और अच्छी दवाइयाँ मिल सकेंगी।
- **नया राष्ट्रीय अस्पताल:** सेशेल्स में एक नए नेशनल हॉस्पिटल को बनाने की शुरुआती तैयारियों के लिए समझौता हुआ है।

### खाद्य और विकास सहायता

- ***चावल की मदद:*** *खाद्य सुरक्षा को देखते हुए भारत, सेशेल्स को 500 मीट्रिक टन चावल देगा।*
- ***सीमेंट की सप्लाई:*** *सेशेल्स में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए भारत 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट मुहैया कराएगा।*

### शिक्षा, कानून और अन्य समझौते

- ***प्रत्यर्पण संधि :*** *अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए दोनों देशों ने इस कानूनी संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।*
- ***राजनयिकों की ट्रेनिंग:*** *भारत के 'सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस' और सेशेल्स के विदेश मंत्रालय के बीच डिप्लोमैट्स की ट्रेनिंग को लेकर समझौता हुआ।*
- ***एजुकेशन सेंटर की शुरुआत:*** *सेशेल्स में एक प्रोफेशनल एंड टेक्निकल एजुकेशन सेंटर का शिलान्यास किया गया।*
- ***कृषि में सहयोग:*** *साल 2026 से 2031 तक के लिए कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर मिलकर काम करने की योजना बनी है।*
- ***नाविकों को रोजगार:*** *सेशेल्स के जहाजों पर काम करने वाले नाविकों की ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट को मान्यता दी जाएगी, जिससे भारतीय नाविकों के लिए नौकरी के अवसर बढ़ेंगे।*
- ***50 साल का जश्न:*** *भारत और सेशेल्स के दोस्ती के 50 साल पूरे होने की खुशी में एक विशेष स्मारक लोगो लॉन्च किया गया।*

ट्रंप के आदेश पर लगातार कार्रवाई

# होर्मुज में यूएस का हमला, ईरान के ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक

***अंतरिम शांति समझौता टूटने की कगार पर***



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच हुआ अंतरिम शांति समझौता लगातार बढ़ते तनाव के कारण पूरी तरह खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीधे आदेश पर ईरान के भीतर कई महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए भीषण हवाई हमले किए।

वॉशिंगटन और तेहरान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष-विराम समझौते के बावजूद, ईरानी ठिकानों के खिलाफ यह लगातार दूसरे दिन की बड़ी सैन्य कार्रवाई है, जिसने पूरे मध्य पूर्व में युद्ध की आशंका को और गहरा कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (एक्स) पर एक बयान जारी कर कहा कि ईरान के पास सीजफायर समझौते का सम्मान करने का पूरा मौका था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। शनिवार तड़के ईरानी सेनाओं ने दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक, होर्मुज स्ट्रेट के पास एक बड़े तेल टैंकर पर हमला कर दिया था, जिसके जवाब में अमेरिका को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। इस बीच ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर ने दक्षिणी शहर सिरिक के पास तेज धमाकों की पुष्टि की है, जो एक टेलीकम्युनिकेशन टावर से प्रोजेक्टाइल टकराने के कारण हुए। तनाव को देखते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तेहरान को सख्त चेतावनी दी है। वेंस ने कहा, ईरान ने सीजफायर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और हमने उसका सम्मान किया। अगर उन्हें कोई असहमति थी, तो वे फोन कर सकते थे, लेकिन अब हिंसा का जवाब हिंसा से ही दिया जाएगा। फिलहाल, अमेरिकी सेना इस समुद्री मार्ग पर पूरी तरह सतर्क और तैनात है।

### ड्रोन हमले के बाद बढ़ा तनाव

अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान ने संघर्ष-विराम का खुला उल्लंघन करते हुए एक वन-वे अटैक ड्रोन से हमला किया। यह ड्रोन शनिवार तड़के पनामा के झंडे वाले एक विशाल तेल टैंकर किकु से जा टकराया। यह टैंकर उस समय दो मिलियन बैरल से ज्यादा कच्चा तेल लेकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था। इससे पहले शुक्रवार को भी अमेरिका ने सिंगापुर के कार्गो जहाज एवर लवली पर हुए ईरानी हमले के जवाब में तटीय रडार साइटों को नष्ट किया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## फिल्म निर्देशक को ऑडियो क्लिप भेज मांगी 20 करोड़ की रंगदारी, कहा-निशाना सटीक है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर बॉलीवुड फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर आ गए हैं। रोहित शेट्टी के स्टाफ को एक खौफनाक 90 सेकंड की ऑडियो क्लिप मिली है, जिसमें फिल्ममेकर से 20 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है और ऐसा न करने पर सीधे जान से मारने की धमकी दी गई है। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। धमकी देने वाले ने अपना नाम शुभम लोणकर (लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) बताया है। ऑडियो में बेहद आक्रामक लहजे में कहा गया है कि तुम्हें पुलिस सुरक्षा का जो वहम है, उसे छोड़ दो। मेरे शूटर तुम्हारे आसपास ही हैं। मुंबई में तो क्या, विदेश जाने पर भी नहीं छोड़ेंगे। धमकी में यह भी दावा किया गया है कि फरवरी 2026 में रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर हुई फायरिंग सिर्फ एक ट्रेलर थी।

## काठमांडू में फंसे 52 भारतीय, जारी एडवाइजरी, पास में रखें दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर निकले करीब 52 भारतीय तीर्थयात्री वैध दस्तावेजों की कमी के कारण नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंस गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने श्रद्धालुओं को सख्त सलाह दी है कि वे वैध चीनी वीजा और आवश्यक प्रवेश परमिट जैसे सभी अनिवार्य दस्तावेजों के बिना यात्रा की शुरुआत बिल्कुल न करें। केवल दस्तावेज मिलने की उम्मीद में घर से निकलना तीर्थयात्रियों के लिए भारी परेशानी खड़ी कर सकता है।



# एमएसएमई, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उद्यमिता नवाचार तथा विनिर्माण क्षमताओं की अनूठी प्रदर्शनी

## मुख्यमंत्री ने विकसित औद्योगिक परिवेश का संदेश देती प्रदर्शनी का किया उद्घाटन अनेक उत्पादों की ली जानकारी

*अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2026 पर रवींद्र भवन में आयोजित विकसित औद्योगिक पर लगाई गई प्रदर्शनी में मप्र के उद्यमियों, स्टार्ट-अप क्रिएटर्स, कारीगरों एवं श्रमिकों ने अपने स्टॉल लगाए। प्रदर्शनी में ड्रोन निर्माण, आईओटी आधारित फिजियोथेरेपी उपकरण, सोलर वाटर हीटर एंड डीट पंप, रेलवे और रक्षा इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स एवं ईवी चार्जिंग, कृषि यंत्र सहित नवाचारी उत्पाद खास रहे।*


प्रदर्शनी का शुभारंभ करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को 10 वें अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर रवींद्र भवन में ही दो पवेलियन में विकसित औद्योगिक परिवेश का संदेश देती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में मप्र के एमएसएमई एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उद्यमिता, नवाचार तथा विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेक उत्पादों की जानकारी ली और स्टार्टअप एवं सूक्ष्म,लघु मध्यम उद्यमियों से चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया।

प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। ड्रोन निर्माण समाधान, आईओटी-आधारित फिजियोथेरेपी उपकरण, सोलर वाटर हीटर एवं डीट पंप, रेलवे तथा रक्षा इंजीनियरिंग उत्पाद, पेटेंटयुक्त इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स एवं ईवी चार्जिंग समाधान, कृषि-अवशेष पैलेट्स तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के उत्पादों सहित विविध नवाचारी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बाजार से' नामक एआई-आधारित प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया, जो ग्राहकों एवं व्यवसायों को जोड़ता है तथा इसे देश के पहले एआई-संचालित बाज़ार के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री ने बांसकारी स्टॉल पर बांस से बनी अनेक वस्तुओं की जानकारी ली। एमएसएमई विभाग की ओर से मप्र के सात जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित पवेलियन (एमपी पवेलियन) भी स्थापित किया गया।

इसके साथ ही औद्योगिक नीतियों एवं योजनाओं संबंधी एमएसएमई की जिज्ञासाओं के निवारण संबंधी एक हेल्पडेस्क तथा उद्यमियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस फेसिलिटेशन डेस्क की भी स्थापना की गई। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई), एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) सहित विभिन्न संस्थानों ने भी राज्य में एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स के विकास के लिए इस प्रदर्शनी में सहभागिता की।

### प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल लगाए

#### व्योम रोबोट करेगा फसलों की सुरक्षा



इंदौर से आई 'मॉडर्न विलेज फ्यूचर कंपनी के डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर राहुल राठौर ने बताया कि उनकी कंपनी का ऑटोनोमस व्हीकल सेल्फ-ड्राइविंग करके सेंसर, कैमरों और एआई (एआई) की मदद से खुद को नेविगेट करने और चलाने में सक्षम हैं। व्योम नामक रोबोट का काम खेतो में लगी फसलों को स्प्रे करना है, इसको सेटेलाइट द्वारा संचालित किया जाएगा। इसे खास तौर पर फसलों की देखभाल के लिए बनाया गया है। यह घास,जमीन, फसलों की जड़ों को पहचान कर स्प्रे करता है। जो पूरी तरह से इको-फ्रेंडली है।

#### खेतों के अवशेष से बन रहा ईंधन



एग्रो वंडर पावर (इंदौर) के मैनेजर प्रदीप जैन ने बताया कि उनकी कंपनी ने खेतों में फसल कटाई के बाद बचने वाले अवशेष, जैसे पराली, सरसों का भूसा और सोयाबीन के डंठलों का उपयोग कर बायोमास ब्रिकेट और पेलेट बनाए हैं। इनका इस्तेमाल ईंधन के रूप में किया जाता है। एनटीपीसी, डाबर, रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियां और थर्मल पावर प्लांट भी कोयले के विकल्प के रूप में इन बायोमास पेलेट का उपयोग कर रहे हैं। इससे प्रदूषण कम होता है, किसानों को फसल अवशेष का बेहतर मूल्य मिलता है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

#### रौनक इंडस्ट्री की अहम भूमिका



रौनक इंडस्ट्री के मैनेजर राहुल चक्रवर्ती ने बताया कि उनकी कंपनी रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की शिफ्टिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले रेलवे प्वाइंट्स का निर्माण करती है। इन उपकरणों की पूरी मेटल प्रोसेसिंग, मशीनिंग और निर्माण कंपनी के प्लांट में किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्वाइंट्स की गुणवत्ता, सही फिटिंग और सुरक्षित संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कंपनी की टीम रेलवे साइट पर जाकर इनकी फिटिंग भी करती है। बेहतर गुणवत्ता और सटीक निर्माण के कारण रेलवे संचालन को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## श्रीअन्न से बने बिना शक्कर के बिस्किट से मिलेगा स्वास्थ्य और स्वाद

एमएसएमई समारोह में मप्र से उद्यमिता, स्वरोजगार, स्टार्टअप, स्व-सहायता समूह तथा एक जिला, एक उत्पाद पर आधारित भव्य प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए गए थे। 50 से अधिक स्वदेशी स्टॉलों पर ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर गीजर, श्रीअन्न से बने बिना शक्कर के बिस्किट, कच्ची घानी के तेल, मसाले, प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद, केले के तने के रेशों से बने बैग, बोतलें, टोकरियां तथा श्रम और समय बचाने वाली नवाचारी मशीनों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज, लघु उद्योग भारती और स्वावलंबी भारत अभियान की प्रांत सह समन्वयक प्रतिभा शुक्ला और भोपाल विभाग की टीम सह प्रमुख संगीता तिवारी, रचना भार्गव, अंशिका सोनी, नंदनी व्यास, प्रज्ञा सेन, बिदिया खर्ब उद्यमी, केट की मंजरी श्रीवास्तव, हरिओम सेन, अभिनव, प्रणव पारे, दीपक वर्मा की उपस्थिति रहीं। सभी ने प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया। टीम ने उद्यमियों के नवाचारों की सराहना की। स्वदेशी पत्रक वितरित किए तथा उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मिलेट्स के विभिन्न प्रकार के बिस्किट खरीदे और उद्यमियों को स्वदेशी जागरण मंच से जोड़ा।


प्रदर्शनी में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज और पदाधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया।

#### स्वदेशी और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होने की जरूरतः सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि इस आयोजन में बैतूल, खरगोन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग अपने स्टॉल लगाकर स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। जब दूसरे जिलों से आए लोग अपने उत्पादों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से न केवल छोटे उद्यमियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

### धरातल पर आया 9,300 करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। अब तक जो एमओयू हुए उनमें से 9,300 करोड़ का निवेश धरातल पर आया है। कनाडा की मैकमैन कंपनी आगर मालवा, यूके की दो बड़ी कंपनियां पीथमपुर, जापान, चीन, आयरलैंड और दक्षिण कोरियाई कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि कपास पर मंडी शुल्क घटाकर आधा करने की मांग 25 साल से की जा रही थी। ऐसा नहीं होने से हमारे कपास उत्पादक किसान महाराष्ट्र और अन्य पड़ोसी राज्यों में अपनी उपज बेचने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश कपास उत्पादक किसानों को मंडी शुल्क कम कर सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले के रेवेन्यू का मॉडल तैयार करने पर काम करेगी।

#### जमीन पर दिखने लगा निवेश

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र की विकास यात्रा में 49 प्रतिशत निर्यात एमएसएमई सेक्टर से आता है। राज्य में जीआईएस के दौरान मिले निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ का निवेश जमीन पर दिखाई देने लगा है। निवेश से जीडीपी को गति मिलती है। मप्र ने एमएसएमई उत्पादों के निर्यात में एक वर्ष में 4 स्थानों की छलांग लगाई है। इस मामले में देश में मप्र का नंबर अब 11 वां है। मप्र वह राज्य है, जिसने भारत सरकार की ओर से तय 23 सुधारों को शत प्रतिशत लागू किया और देश में टॉप अचीवर बना। राज्य में पहली बार जनविश्वास बिल पारित किया गया। 900 से अधिक गैर-जरूरी कानूनों को शिथिल किया गया

## अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित हुए विशेष सत्र

### पूंजी तक पहुंच, निरंतर क्षमता वृद्धि जरूरी, बाजार, नई उड़ान और पूंजी की व्यवस्था सत्रों में बड़ी संख्या में जुटे उद्यमी

भोपाल। अंतराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर रवींद्र भवन में शनिवार को हुई समिट के दौरान नये बाज़ार, नई उड़ान और पूंजी की व्यवस्था सत्रों मे निवेशको, उद्यमियों और विभिन्न व्यावसायिक तथा बैंकिंग संस्थाओं के बीच सार्थक संवाद हुआ। इस सत्र में एमएसएमई के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों, विशेषकर सीमित बाजार पहुंच, पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा निर्यात, डिजिटल कॉमर्स, शोध एवं विकास, जोखिम कम करने तथा लॉजिस्टिक्स के क्षेत्रों में व्यावहारिक समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया। सीनियर प्रोजेक्ट कंसल्टेंट एंड यंग एलएलपी (मॉडरेटर) अंकिता पांडे एवं विशेषज्ञों ने संस्थागत सहयोग के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें फियो ने प्रथम बार निर्यात करने वाले उद्यमियों को दस्तावेजीकरण, बाजार चयन तथा वैश्विक व्यापार गतिकी के संबंध में मार्गदर्शन देकर निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाने पर बल दिया। सीएसआईआर-एएमपीआरआई के डॉ. भास्कर ने कच्चे एवं अपशिष्ट पदार्थों को मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित करने में नवाचार तथा सतत प्रक्रियाओं की भूमिका पर बल दिया तथा शोध एवं उद्योग के मध्य सुदृढ़ सहयोग की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

#### सुरक्षा के लिए निर्यात ऋण बीमा के लाभों को किया रेखांकित

ओएनडीसी तथा ईसीजीसी के प्रतिनिधियों ने बाजार पहुंच विस्तार के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तथा विशेष रूप से छोटे एवं नवीन निर्यातकों के लिए भुगतान जोखिमों से सुरक्षा हेतु निर्यात्त ऋण बीमा के लाभों को रेखांकित किया। चर्चा में इंडिया पोस्ट के विस्तृत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को एक विश्वसनीय एवं किफायती समाधान के रूप में उजागर किया गया तथा यह निष्कर्ष निकाला गया कि एमएसएमई डिजिटल उपकरणों, नवाचार, वित्तीय संरक्षण तथा सुदृढ़ सप्लाई चेन सहायता का लाभ उठाकर प्रभावी रूप से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं।

#### वित्त पोषण परिदृश्य पर की गई चर्चा

नई पीढ़ी के एमएसएमई के लिए वित्त-पोषण सत्र में मॉडरेटर ऋचा सिंह, सीनियर मैनेजर, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी ने तकनीकी सत्र का संचालन किया। विकसित हो रहे वित्त पोषण परिदृश्य पर चर्चा की गई तथा डिजिटल एवं वैकल्पिक वित्त-पोषण माध्यमों के द्वारा ऋण प्राप्ति में आने वाली बाधाओं को कम करने पर बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के बावजूद, एमएसएमई को समय पर एवं सुलभ वित प्राप्त करने में कोलैटरल की कमी, अपूर्ण दस्तावेज़ीकरण तथा सीमित क्रेडिट इतिहास जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चर्चा में डिजिटल लेनदेन के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया गया, जिसमें यूपीआई डेटा को नकद प्रवाह तथा साख-योग्यता के आकलन हेतु एक उपयोगी उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया गया।

#### दोनों सत्रों में नव उद्यमियों के प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया गया

डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैंकिंग दृष्टिकोण से एमएसएमई की ओर से वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, दस्तावेजीकरण में सुधार करने तथा ऋण पात्रता बढ़ाने के लिए सुदृढ साख प्रोफाइल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इनवॉइस डिस्काउंटिंग के माध्यम से कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में ट्रेड्स की भूमिका को भी रेखांकित किया गया, जिससे त्वरित नकदी प्रवाह तथा औपचारिक क्रेडिट ट्रेल स्थापित करने में सहायता मिलती है। सत्र में यह निष्कर्ष निकाला गया कि एमएसएमई को विकास के लिए पूंजी तक पहुंच तथा सतत विस्तार सक्षम बनाने में डिजिटल अंगीकरण, वित्तीय साक्षरता, वैकल्पिक वित्त पोषण तथा सुदृढ़ संस्थागत सहयोग को समाहित करने वाला एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है।

---

### सोने-चांदी के जेवरात, वाहन सहित नकदी बरामद

## मकान और वाहनों को निशाना बनाने वाले दो आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

सूने मकानों और दोपहिया वाहनों को निशाना बनाने वाले गिरोह के दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही शहर में हुई चोरी और नकबजनी के आठ मामलों का खुलासा हो गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवर, वारदात में इस्तेमाल की गई दो एक्टिवा समेत करीब 4.50 लाख रुपये का सामान बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की दोपहिया गाड़ियों से शहर की अलग-अलग कॉलोनियों में घूमते थे। सूने मकानों की रेकी करने के बाद मौका मिलते ही नकबजनी की वारदात को अंजाम देते थे। गिरोह ने डीडी नगर थाना क्षेत्र में पांच सूने मकानों में चोरी की, जबकि डीडी नगर और राखी थाना क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन भी चुराए थे।

#### पहले ही पकड़ा जा चुका था तीसरा आरोपी

इस मामले में पुलिस पहले ही गिरोह के एक सदस्य सिद्धार्थ सिंह उर्फ सिद्धू को गिरफ्तार कर चुकी थी। उससे पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जांच के आधार पर फरार चल रहे आशुतोष सिंह उर्फ सूरज और साहिल सोनकर की पहचान हुई। लगातार तलाश के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी और नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी के सोने-चांदी के जेवर और वारदात में इस्तेमाल की गई दो एक्टिवा बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ संगठित तरीके से अपराध करने के कारण भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संगठित अपराध संबंधी धारा भी जोड़ी गई है।

---

ग्राम राउरपुर की घटना, एक महिला भी हादसे में घायल

## जर्जर कच्ची दीवार भरभराकर गिरी, दो मासूम बच्चियों की मौत

हरिभूमि न्यूज >> बेमेतरा



जिले के ग्राम राउरपुर में रविवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया।


जर्जर कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो मासूम बच्चियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, परिवार के सदस्य भोजन करने के बाद घर के बाहर बर्तन साफ कर रहे थे। इसी दौरान शशिकला खंडेलवाल कच्ची दीवार के पास बैठकर बर्तन मांज रही थीं। उनके साथ 12 वर्षीय वंशिका कोशले और 10 वर्षीय राधिका कोशले भी मौजूद थीं।

---

आरोपी ट्राला चालक फरार, पुलिस कर रही तलाश

## बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्राले ने मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज >> मरवाही



मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहारी मुख्य मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मयंक कुमार केवट, निवासी ग्राम लोहारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मयंक अपनी बाइक से सब्जी मंडी मनेंद्रगढ़ जाने के लिए घर से निकला था और वापसी के दौरान लोहारी पेट्रोल पंप के आगे तेज रफ्तार ट्राले ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मयंक के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

### नन्हें-मुन्ने बच्चों को हो रहा फायदा, गंभीर बीमारियों से मिल रहा छुटकारा

## 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के सुकमा जिले में मिल रहे बेहतर परिणाम

हरिभूमि न्यूज >> सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के तहत कुपोषण से प्रभावी तरीके से निदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत जिले की गुमडी गांव में आयोजित हेल्थ कैंप में जांच के दौरान चार बच्चों की हालत चिंताजनक पाई गई। गणेश नाम के छह महीने के बच्चे में गंभीर कुपोषण और एनीमिया की पहचान हुई।

जांच के समय बच्चे का वजन लगभग दो किलोग्राम था और उसका हीमोग्लोबिन 4.7 था, जिसके बाद उसे न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर भेजा गया, जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ है। कुपोषण और एनीमिया से गंभीर रूप से पीड़ित छह महीने के गणेश को नया जीवन मिला है। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर संध्या नाग ने बताया कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के तहत गुमडी और उसके आस-पास के गाँवों में पहुँची, तो हेल्थ चेक-अप के दौरान गणेश समेत चार बच्चों की पहचान कुपोषित के तौर पर की गई।



#### जिला अस्पताल के एनआरसी भेजे गए बच्चे

उन्होंने बताया कि जांच के नतीजों के बाद, सभी बच्चों को जिला अस्पताल के एनआरसी में भेजा गया। गणेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे विशेष निगरानी में रखा गया और उसका इलाज शुरू किया गया है। बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। नाग ने बताया कि गंभीर एनीमिया के कारण उसे ब्लड ट्रांसफ़्यूजन की जरूरत पड़ी। इसके बाद उसकी हालत तेजी से सुधरने लगी। जिले में लगातार की जा रही कोशिशों से कुपोषण और माताओं व बच्चों की मृत्यु दर में कमी नजर आ रही है। दूर-दराज के इलाकों में भी हेल्थकेयर सर्विस बढ़ाई जा रही है ताकि कोई भी बच्चा इलाज से वंचित न रहे।

#### कुपोषण से निपटने में आंगनबाड़ियों की भूमिका

सीएचओ अंजलि बघेल का कहना है कि कुपोषण से निपटने के लिए हर मंगलवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेंटर्स में 'विलेज हेल्थ सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे' आयोजित किया जाता है। इन सेशन के दौरान बच्चों की लंबाई और वजन की नियमित रूप से जाँच की जाती है। इन मापों के आधार पर यह तय किया जाता है कि बच्चा स्वस्थ है या कुपोषित, और फिर इलाज का तरीका तय किया जाता है। जिला प्रशासन अब शिक्षा को सेहत और पोषण से जोड़ने पर काम कर रहा है। आंगनवाड़ी सेंटर्स को 'बालवाड़ी' से जोड़कर, प्राइमरी स्कूल के टीचरों के बच्चों के साथ समय बिताने की योजना बनाई जा रही है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफ़िसर डॉ. आरके सिंह के अनुसार, ज़िले में सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ में तीन एनआरसी चल रहे हैं। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण सुधारने के लिए यहाँ लगभग 15 दिनों तक भर्ती किया जाता है। बच्चों को तय डाइट चार्ट के हिसाब से पौष्टिक खाना, साफ-सुथरा माहौल और नियमित हेल्थ चेक-अप की सुविधा दी जाती है। गणेश का इलाज भी इसी तरह किया गया।

कलमवीर संघर्ष संगठन ने भी निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, एल्गिन अस्पताल में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

दो बूंद जिंदगी की...

## कलेक्टर ने पहली खुराक पिलाकर किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आगाज




हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय (एल्गिन अस्पताल) से हुआ। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से असुरक्षित न रहे।

### कलमवीरों ने भी बढ़ाया जागरूकता का हाथ

अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलमवीर संघर्ष संगठन के पदाधिकारियों ने भी एल्गिन अस्पताल पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला, कोषाध्यक्ष संजय साहू, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यजीत यादव, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, प्रदेश सचिव सुधीर खरे, प्रदेश प्रवक्ता हर्षित चौरसिया, दिलीप तिवारी उपस्थित रहे।

### 3.89 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

जिले में इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 3 लाख 89 हजार 226 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 2468 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 4936 टीकाकरण कर्मी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता सेवाएं दे रहे हैं।

### घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, ताकि कोई भी पात्र बच्चा दवा से वंचित न रह जाए।

### अधिकारियों और स्वास्थ्य अमले की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षिका डॉ. नीता पाराशर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, आरआई मैनेजर विजय पांडे, अर्चना शिवहरे, विकास श्रीवास्तव, अंजली दीवान, शारदा बुंदेला सहित स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## दादा ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जयंती पर 'दादा लीजेंडरी रन उत्सव 2026' में उमड़ा जनसैलाब



**जबलपुर।** स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी के 80वें जन्मदिवस पर दादा रोहाणी सेवा समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय सामाजिक एवं जनसेवा कार्यक्रमों की शुरुआत रविवार को 'दादा लीजेंडरी रन उत्सव 2026' से हुई। शिवाजी ग्राउंड, सदर से प्रारंभ हुई रन में लगभग 4,000 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दौड़ सदर मेन रोड, भारत माता चौक (पेंटीनाका), सृजन चौक और माल रोड होते हुए पुनः शिवाजी ग्राउंड पहुंची। आयोजन के माध्यम से फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति और 'फिट इंडिया–स्वस्थ भारत' का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, खिलाड़ियों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर स्वर्गीय दादा रोहाणी के सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को याद किया। समिति ने बताया कि कार्यक्रमों की अगली कड़ी में 29 जून को पीएम श्री महाकौशल महाविद्यालय, सिविल लाइंस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन होगा। रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल और रानी दुर्गावती चिकित्सालय के सहयोग से रक्त संग्रह किया जाएगा, जबकि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। समिति ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने राजकुमार गुप्ता को प्रदान किया 'हीरक मणि सम्मान'



**जबलपुर।** गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ, मध्यप्रदेश, जबलपुर की कार्यकारिणी बैठक में संघ के सदस्य राजकुमार गुप्ता (पिपरसानियां) को 'हीरक मणि सम्मान' प्रदान किया गया। वे विगत 29 मार्च 2026 को आयोजित संघ के स्थापना दिवस समारोह में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके थे, जिसके चलते उन्हें सम्मान उस अवसर पर नहीं मिल पाया था। गहोई वैश्य समाज पंचायती भवन में आयोजित बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष इं. कमलकांत गुप्ता 'बहरे' सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सायबर ठगों ने लालच में उलझा कर दो लाख हड़पे

## ऑनलाइन टास्क देकर बीएमएस छात्रा को ठगा



**जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन टास्क के जरिए कमाई कराने का लालच देकर बीएमएस की एक छात्रा से 1 लाख 95 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता 23 वर्षीय कीर्ति जैन मूलतः अशोकनगर जिले की निवासी हैं और वर्तमान में तिलवारा स्थित पूर्णायु चिकित्सालय दयोदय में अध्ययनरत हैं। शिकायत के अनुसार टेलीग्राम पर संपर्क करने वाले अज्ञात साइबर ठगों ने रेस्टोरेंट रिव्यू सहित अन्य ऑनलाइन टास्क पूरे करने के बदले अच्छी कमाई का झांसा दिया। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए उनके खाते में 5 हजार रुपये भेजे गए, जिसके बाद अलग-अलग टास्क के नाम पर उनसे कुल 1 लाख 95 हजार रुपये जमा करा लिए गए।

ठगों ने पहले 5 हजार, 10 हजार, 30 हजार और 50 हजार रुपये निवेश कराने के बाद लाभ सहित पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन भुगतान नहीं किया। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि पहले जमा की गई राशि वापस पाने के लिए 1 लाख रुपये और जमा करने होंगे। रकम वापस मिलने की उम्मीद में छात्रा ने 25-25 हजार रुपये की चार किस्तों में यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। इसके बावजूद न तो पहले जमा किए गए पैसे लौटाए गए और न ही बाद में भेजी गई रकम वापस मिली। उल्टे आरोपियों ने और रुपये जमा करने का दबाव बनाया। ठगी का एहसास होने पर कीर्ति जैन ने तिलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पार्षद कार्यालय में सुनी गई मन की बात

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जवाहरगंज वार्ड स्थित पार्षद कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि रहीं। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अमर शहीद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती वर्ष के अवसर पर उनके चित्र पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि एवं पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नगर मंत्री मनीष जैन, शक्ति केंद्र प्रमुख सुरेंद्र राठौर, राजेश जैन, तारेश विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष रचित सोनी, अंशु गुप्ता, नगर के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश साहू, छोटे सेन, संजय जायसवाल, कैलाश पटेल, श्रीमती वर्षा साहू एवं श्रीमती शालिनी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्य परिषद की मुहर के बाद आदेश जारी

## रादुविवि में 13 कर्मचारियों का नियमितीकरण

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) प्रशासन ने लंबे समय से लंबित 13 स्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण के आदेश जारी कर दिए हैं। कार्य परिषद (ईसी) की सहमति और शासन के निर्देशों के अनुरूप लिए गए इस निर्णय से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने इसे कर्मचारियों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नियमितीकरण की प्रक्रिया वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर गठित समिति की अनुशंसाओं के आधार पर शुरू की गई थी। समिति ने संबंधित कर्मचारियों के नियमितीकरण की स्पष्ट अनुशंसा की थी। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे।



### कार्य परिषद में उठा था मुद्दा

विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय यादव ने नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। 30 मार्च को आयोजित कार्य परिषद की बैठक में उन्होंने वर्ष 2023 की समिति की अनुशंसाओं से सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद परिषद ने 15 अप्रैल तक आदेश जारी करने की समय-सीमा तय की थी। हालांकि दीक्षांत समारोह की तैयारियों के कारण प्रक्रिया में कुछ विलंब हुआ, लेकिन कर्मचारी संघ के अभ्यावेदन पर कुलगुरु के निर्देश के बाद कुलसचिव ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए नियमितीकरण के आदेश जारी कर दिए।

### कर्मचारियों में खुशी की लहर

नियमितीकरण के आदेश जारी होने के बाद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। कर्मचारी संगठन ने इसे लंबे संघर्ष का परिणाम बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन और कार्य परिषद का आभार व्यक्त किया है।

### क्या बोले ईसी सदस्य

चंद्रशेखर पटेल, ईसी सदस्य ने कहा, "कार्य परिषद हमेशा विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों की आवाज उठाती रही है। कर्मचारियों के नियमितीकरण का मामला भी परिषद में गंभीरता से रखा गया था, जिस पर सकारात्मक निर्णय हुआ। छाया श्रीवास्तव, ईसी सदस्य ने कहा, "शासन के नियमों के अनुरूप निर्णय लिया गया है। कर्मचारियों की यह लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसे ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण के आदेश जारी किए गए हैं।

पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए जनजागरण तेज

**जबलपुर।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने और आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस के निर्देश पर 24 जून से 8 जुलाई तक प्रदेशव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जबलपुर में इस 15 दिवसीय अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने अभियान के शुभारंभ के दौरान सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड फ्रॉड और साइबर बुलिंग जैसी घटनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करें।

अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और नगर पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में पुलिस टीमें स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। बैनर-पोस्टर, पंपलेट वितरण और साइबर सुरक्षा शपथ के माध्यम से लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की सलाह दी जा रही है।

पुलिस नागरिकों से अपील कर रही है कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध कॉल, फर्जी क्यूआर कोड या ऑनलाइन ऑफर पर विश्वास न करें। ओटीपी, एटीएम पिन और पासवर्ड किसी से साझा न करें तथा किसी भी अनजान एप्लिकेशन को डाउनलोड करने या मोबाइल स्क्रीन शेयर करने से बचें। पुलिस ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930, जबलपुर साइबर सेल हेल्पलाइन 7701050010 या राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अभियान का उद्देश्य लोगों को समय रहते सतर्क कर साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

### स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराई जांच

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री परिसर विकास समिति, अमखेरा द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर के आयोजन में श्रीमती स्वाति स्वर्णकार, अमित कोरी, रितेश गुप्ता, श्रीमती ऋचा शुक्ला, वसीम सिद्दीकी, जकी अख्तर, अशोक पांडे, अनिल सोंधिया, काकुर शुक्ला, भारती पुनिकर, पवन मिश्रा, देवेश कोष्टा, राजू सहित समिति के सदस्यों एवं कॉलोनीवासियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## पहली जबलपुर ड्यूबॉल लीग में खालसा स्पोर्ट्स अकादमी का दबदबा, बालक-बालिका दोनों वर्गों में बनी चैंपियन




**जबलपुर।** सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित पहली जबलपुर ड्यूबॉल लीग में मेजबान खालसा स्पोर्ट्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या मौलश्री दुबे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। एक दिवसीय प्रतियोगिता में आगरा, विदर्भ, शुजालपुर, गोटेगांव-नरसिंहपुर सहित विभिन्न स्थानों की अंडर-19 टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग के फाइनल में खालसा स्पोर्ट्स अकादमी ने जबलपुर जूनियर गर्ल्स को 7-2 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम की तनवी सतनामी, अंशिका जंघेला, तनुजा सेन, चांदनी बर्मन और श्रद्धा पांडे ने शानदार खेल दिखाया। वहीं बालक वर्ग के रोमांचक फाइनल में खालसा स्पोर्ट्स अकादमी ने जबलपुर जूनियर बॉयज को 4-3 से पराजित कर खिताब जीता। टीम के अनिकेत पासी, वैभव गुप्ता और रितेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर रजनीश जैन (सचिव, म.प्र. ड्यूबॉल एसोसिएशन), हर्षित सिंघई (अध्यक्ष, म.प्र. ड्यूबॉल एसोसिएशन) एवं डॉ. रोहित वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो ने किया, जबकि निर्णायक की भूमिका पलक चंसौरिया और महक जायसवाल ने निभाई।

मप्र की उच्च शिक्षा 'प्रभारी व्यवस्था' के सहारे, 16 विवि में स्थायी रजिस्ट्रार नहीं

## 571 कॉलेजों में केवल 10 नियमित प्राचार्य

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से नियमित नियुक्तियों के अभाव से जूझ रही है। प्रदेश के सभी 16 सरकारी विश्वविद्यालयों में नियमित रजिस्ट्रार नहीं हैं, जबकि 571 सरकारी कॉलेजों में से केवल 10 कॉलेजों में ही नियमित प्राचार्य पदस्थ हैं।

विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का संचालन वर्तमान में प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है। कहीं प्रभारी रजिस्ट्रार जिम्मेदारी संभाल रहे हैं तो कहीं वरिष्ठ प्राध्यापकों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े मामले न्यायालय में लंबित होने के कारण वर्षों से नियमित पदोन्नतियां नहीं हो सकी हैं। विश्वविद्यालयों में रजिस्ट्रार पद पर पिछले 16 वर्षों से और कॉलेजों में प्राचार्य पद पर लगभग 17 वर्षों से नियमित पदोन्नति नहीं हुई है। इसका असर प्रशासनिक कार्यों, परीक्षा संचालन, परिणाम घोषित करने, नियुक्तियों और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। राज्य विश्वविद्यालय सेवा के उपकुलसचिव और अन्य अधिकारी लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन का कहना है, कि नियमित रजिस्ट्रारों की नियुक्ति के प्रयास जारी हैं। प्राचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शासन स्तर पर जारी है।

30 हजार आवेदनों की उम्मीद, आए सिर्फ 10,500 आवेदन; नई नीति की शर्तों का भी दिखा असर

## जनगणना ड्यूटी ने बिगाड़ा तबादलों का गणित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में इस वर्ष शिक्षकों के तबादलों का गणित पूरी तरह बदल गया। जहां विभाग को करीब 30 हजार स्वैच्छिक तबादला आवेदन मिलने की उम्मीद थी, वहीं अंतिम समय तक केवल 10,500 आवेदन ही प्राप्त हुए। विभाग का मानना है कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी लगने और नई तबादला नीति की कड़ी शर्तों के कारण आवेदन अपेक्षा से काफी कम रहे। अब विभाग प्रशासनिक और स्वैच्छिक स्थानांतरण के आदेश जारी करने की तैयारी में है। स्वैच्छिक तबादलों की सूची 28 से 30 जून के बीच जारी होने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस बार प्राप्त आवेदन पिछले तबादला सत्र की तुलना में करीब ढाई हजार अधिक हैं, लेकिन अनुमानित संख्या से काफी कम हैं। यदि जनगणना कार्य और नीति संबंधी प्रतिबंध नहीं होते तो आवेदन 25 से 30 हजार के बीच पहुंच सकते थे।

### जनगणना ड्यूटी बनी सबसे बड़ी वजह

स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस बार बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई थी। इसी कारण कई शिक्षक समय पर आवेदन नहीं कर सके या तबादले की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी नहीं कर पाए। इसका सीधा असर कुल आवेदनों की संख्या पर पड़ा। इसके अलावा विभाग पहले ही करीब एक हजार प्रशासनिक तबादले कर चुका है। विभाग का प्रयास है कि स्थानांतरण के बाद किसी भी स्कूल में शिक्षकों की कमी न हो और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### नई नीति की शर्तों से भी घटे आवेदन

शिक्षकों का कहना है कि इस वर्ष लागू की गई स्थानांतरण नीति में स्वैच्छिक तबादलों के लिए कई नई शर्तें जोड़ दी गईं। इन शर्तों के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक पात्रता से बाहर हो गए। प्रशासनिक और स्वैच्छिक तबादलों के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए हैं, जिससे स्वैच्छिक तबादले की प्रक्रिया अपेक्षाकृत अधिक सीमित हो गई। शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस को भी आवेदन कम होने की एक वजह बताया है। उनका कहना है कि कई तकनीकी और सेवा संबंधी शर्तों के कारण आवेदन करना आसान नहीं रहा।

### पोर्टल की तकनीकी खामियों से भी बढ़ी परेशानी

स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन पोर्टल में तकनीकी समस्याएं भी सामने आईं। मुरैना जिले के एक शिक्षक का मामला चर्चा में है, जिनका तबादला प्रभारी मंत्री की स्वीकृत सूची में शामिल होने के बावजूद पोर्टल पर संबंधित रिक्त पद प्रदर्शित नहीं होने के कारण लंबित रह गया। शिक्षकों का आरोप है कि कई स्थानों पर रिक्त पदों की सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे स्वीकृत मामलों में भी स्थानांतरण आदेश जारी नहीं हो सके।

## शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण के नियम बदले

# अब पटवारी की रिपोर्ट के बिना नहीं होगा रिन्यूअल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में शस्त्र (गन) लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण कराने वाले प्रत्येक आवेदक के लिए स्थानीय पटवारी की जांच रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गई है। बिना पटवारी की अनुकूल रिपोर्ट के किसी भी लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य फर्जी पते पर शस्त्र लाइसेंस लेने वालों पर रोक लगाना, आवेदकों का वास्तविक सत्यापन सुनिश्चित करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को लाइसेंस मिलने से रोकना है। इसके लिए अब पुलिस सत्यापन के साथ राजस्व विभाग की रिपोर्ट भी प्रक्रिया का अहम हिस्सा होगी।

### पटवारी करेगा मौके पर जांच

नई व्यवस्था के अनुसार पटवारी आवेदक के स्थायी निवास, भूमि संबंधी जानकारी, आर्थिक स्थिति और सामाजिक आचरण का परीक्षण करेगा। जांच के बाद तैयार की गई रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। यदि रिपोर्ट में किसी प्रकार की प्रतिकूल टिप्पणी या आपत्ति दर्ज होती है तो संबंधित शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोका जा सकता है।

### पांच वर्ष के लिए होगा नवीनीकरण

शस्त्र लाइसेंस अब पांच वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित शुल्क 2,500 रुपये तथा 1,000 रुपये का स्टांप शुल्क देना होगा। समय सीमा के बाद आवेदन करने पर 2,000 रुपये का अतिरिक्त अर्थदंड भी देना पड़ेगा।

### ये दस्तावेज होंगे अनिवार्य

नवीनीकरण के लिए आवेदक को पुलिस वेरिफिकेशन, डीसीआरबी रिपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के साथ अब पटवारी की सत्यापन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी। इसके अलावा राष्ट्रीय शस्त्र डाटाबेस में दर्ज यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर भी अनिवार्य होगा। बिना यूआईएन वाले लाइसेंस को वैध नहीं माना जाएगा।

### कारतूस रखने की सीमा तय

नए प्रावधानों के तहत लाइसेंसधारी एक समय में अधिकतम 25 कारतूस ही अपने पास रख सकेंगे। वहीं शस्त्र नियम, 2016 के अनुसार एक लाइसेंस पर अधिकतम तीन हथियार रखने की अनुमति है तथा नया लाइसेंस प्राप्त करने के लिए हथियार संचालन का प्रशिक्षण और परीक्षा उत्तीर्ण करना भी आवश्यक है।

### हाईकोर्ट ने भी दिए अहम निर्देश

हाल ही में ग्वालियर हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ केवल एफआईआर दर्ज होने मात्र से उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त नहीं किया जा सकता। लाइसेंस रद्द करने से पहले सक्षम प्राधिकारी को संबंधित पक्ष को सुनवाई का अवसर देना होगा और ठोस कारणों के आधार पर ही निर्णय लेना होगा।

### समय पर आवेदन करने की सलाह

जिला प्रशासन ने सभी लाइसेंसधारकों से समय रहते नवीनीकरण के लिए आवेदन करने और सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से शस्त्र लाइसेंस प्रणाली अधिक पारदर्शी होगी, फर्जीवाड़े पर अंकुश लगेगा और अवैध हथियारों के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलेगी।

## शराब विक्रेता आशीष शिवहरे के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

### बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** बहुजन चेतना विकास मोर्चा के अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा पिता पंचम लाल मेहरा, आयुषीधरा कालोनी, थाना तिलवारा जिला जबलपुर निवासी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मैं राजनीतिक पार्टी बहुजन चेतना विकास मोर्चा म.प्र. का प्रदेश अध्यक्ष हूँ। मेरे द्वारा कुछ दिनों से लगातार अवैध शराब दुकान एवं ओवर रेट पर गाँव-गाँव में अवैध शराब बंद करवाने की मुहिम चलायी जा रही है, बहुजन चेतना विकास मोर्चा, भीम आर्मी, भारत एकता मिशन, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा पार्टी द्वारा 10.06.2026 को अवैध शराब दुकान सिवनीटोला में प्रशासन की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन किया गया था। जहां प्रशासन के लोगों ने भी उसे अवैध दुकान स्वीकार किया था, तहसीलदार द्वारा पंचनामा बनाकर 15 दिवस के अन्दर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कार्यवाही नहीं की गई। मोर्चा सदस्यों ने शराब माफिया आशीष शिवहरे के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।



## भारतीय महिला हॉकी टीम की सहायक कोच रैना यादव का सम्मान

**जबलपुर।** रैना यादव को भारतीय महिला हॉकी टीम के सहायक कोच के रूप में अंतरराष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता के लिए नियुक्त किया गया।जो आस्ट्रेलिया में आयोजित थी। एवं उसमें सफलता पूर्वक भाग लेने के पश्चात जबलपुर वापसी पर उन्होंने हाकी मध्य प्रदेश कार्यालय राइट टाउन जबलपुर पहुंचकर लोक बहादुर महासचिव हाकी मध्य प्रदेश से मुलाकात की। एवं प्रतियोगिता से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस पर लोक बहादुर महासचिव हाकी मध्य प्रदेश द्वारा बहुत हर्ष व्यक्त किया। एवं पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर रैना यादव का स्वागत एवं सम्मान किया। तथा उसके उज्वल भविष्य केलिए शुभकामनाएं प्रेषित की।ओर यह भी कहा कि मध्यप्रदेश के लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश की ओर से अनेकों खिलाड़ियों एवं कोचों का चयन भारतीय हॉकी टीम के लिए लगातार किया जा रहा है। तथा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता पूर्वक भाग लिया है एवं शीर्ष स्थान हासिल किए हैं।जो कि ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं। हाल ही में आस्ट्रेलिया में आयोजित की गई,अंतरराष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता के लिए हाकी मध्य प्रदेश की ओर से रैना यादव का चयन भारतीय महिला हॉकी टीम के सहायक कोच के रूप में किया गया। इसके पूर्व में रैना यादव को मध्य प्रदेश की ओर से अनेक नेशनल हाकी चैम्पियनशिपस एवं नेशनल गेम्स में कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। जिसमें उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस अवसर पर इमरान खान, अभिषेक श्रीवास, प्रवीन कुमार पसेरिया, मंगल वेद, जाकिर अली, सौरभ राजपूत तथा अन्य लोग मौजूद थे। जिन्होंने इस उपलब्धि पर रैना यादव को बधाईयां दी।



## जीआरपी ने यात्री का गुम हुआ मोबाइल लौटाया

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर ड्यूटी के दौरान महिला आरक्षक क्रमांक 252 छाया को एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन लावारिस अवस्था में मिला, उक्त मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 15,000 रुपये है। महिला आरक्षक द्वारा ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए मोबाइल को सुरक्षित रूप से थाना जीआरपी जबलपुर में जमा कराया गया। जांच एवं सत्यापन के दौरान मोबाइल के स्वामी जगदीश प्रसाद लोधी पिता रामनाथ लोधी, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम रूड़मड़, थाना रीठी, जिला कटनी, जो कटनी-मुरवारा में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत हैं, की पहचान की गई। मोबाइल स्वामी के थाना जीआरपी जबलपुर में उपस्थित होने पर आवश्यक सत्यापन उपरांत उनका मोबाइल उन्हें सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस प्राप्त कर मोबाइल स्वामी ने जीआरपी जबलपुर एवं महिला आरक्षक छाया का आभार व्यक्त किया।

# आध्यात्म, संयमित जीवनशैली और संतुलित आहार से ही संभव है नशा व मधुमेह से मुक्ति

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा विश्व नशा निरोधक एवं मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारी आश्रम, भंवरताल में "नशा मुक्त, संतुलित जीवनशैली स्वस्थ जीवन का आधार" विषय पर विचार गोष्ठी एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. परिमल स्वामी, अध्यक्षता बहन भावना दीदी, विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा पांडे, संगठन अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील मिश्रा उपस्थित रहे।

बहन भावना दीदी ने आध्यात्म, राजयोग और सकारात्मक सोच को नशा व मधुमेह से मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताया। डॉ. परिमल स्वामी ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मेडिटेशन और अनुशासित दिनचर्या अपनाने पर जोर देते हुए मधुमेह की रोकथाम संबंधी जानकारी दी। वहीं डॉ. पुष्पा पांडे ने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआत स्वयं और परिवार से होनी चाहिए तथा आध्यात्मिक ऊर्जा स्वस्थ जीवन का आधार है। संगठन अध्यक्ष पवन पांडे ने वर्ष 2026-27 के सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया तथा कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम जी रावत को नशा मुक्ति अभियान में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कौशिक होरे ने मंच से नशा छोड़ने का संकल्प लिया। संचालन मनोज सेठ एवं आभार उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






## आम आदमी पार्टी ने मार्शल आर्ट कराटे खिलाड़ियों का सम्मान किया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश वूशु संघ की उपस्थिति में लाइगर मार्शल कराटे किड्स एकाडमी के अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा (मामाजी) के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने नेपाल यूथ चैंपियनशिप खेलते हुए भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा। सभी बच्चों को सम्मान समारोह में आम आदमी पार्टी के मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश जायसवाल, मनोज गुप्ता सचिव, मध्यप्रदेश वूशु संघ के द्वारा कराटे चैम्पियन किड्स को पदक, सार्टिफिकेट, ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया गया। मुकेश जायसवाल ने खेल रत्न उपाधियों के लिए बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष नवीन मामा ने कहा कि हमारी एकेडमी में आयुषी मैम के प्रशिक्षण में बच्चों ने गोल्डन उपलब्धि हासिल करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आगामी आयोजित होने वाले चैंपियनशिप में मेरी एकेडमी के सभी बच्चे कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जो प्रत्येक टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर डॉ. मुकेश जायसवाल, मनमोहन लाल जाटव, मनोज गुप्ता, एकेडमी अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा मामाजी, आयुषी पिल्ले एकेडमी कोच, मास्टर के. अनिरुद्धा जूनियर ब्लैक बेल्ट, रायन लाल, रिधिमा यादव, वेदांत सिंह ठाकुर, मयंक श्रीपाल मौजूद रहे।

## गैलेक्सी हॉस्पिटल में निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी सिवनी के मरीज को मिला नया जीवन

**जबलपुर।** उखरी चौक स्थित गैलेक्सी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत सिवनी निवासी 50 वर्षीय घनश्याम अग्रवाल की निःशुल्क ओपन हार्ट बायपास सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित मरीज को सांस लेने में तकलीफ और असामान्य हृदय गति की शिकायत थी। जांच के बाद सर्जरी की सलाह दी गई।



अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन का नेतृत्व वरिष्ठ हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. अखिलेश दुबे एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने किया। आधुनिक कार्डियक मॉनिटरिंग, आईसीयू स्टाफ की सतर्क देखरेख और बेहतर पोस्ट-ऑपरेटिव केयर से सर्जरी सफल रही तथा मरीज स्वस्थ होकर रिकवरी कर रहे हैं। डॉ. अखिलेश दुबे ने कहा कि आयुष्मान योजना के माध्यम से गंभीर मरीजों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना अस्पताल की प्राथमिकता है। मरीज घनश्याम अग्रवाल ने समय पर मिले उपचार के लिए डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनका जीवन बच सका।

## शहीद भगत सिंह युवा विचार मंच ने अमर शहीद सरदार उधम सिंह की प्रतिमा स्थापना हेतु राम प्रसाद अहिरवार आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** शहीद भगत सिंह युवा विचार मंच के सचिव डिम्पी बिन्द्रा ने यह जानकारी दी कि अमर शहीद सरदार उधम सिंह की प्रतिमा की स्थापना हेतु रामप्रसाद अहिरवार आयुक्त, नगर निगम, जबलपुर को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें उनसे यह माँग की गई कि संस्कारधानी जबलपुर में चंदन वन दयानंद सरस्वती वार्ड या शहर के किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर अगर स्थापित होती है तो संस्कारधानी के लिए यह एक गौरव की बात होगी। अमर शहीद सरदार उधम सिंह ने जलियाँ वाला बाग में जनरल डायर के द्वारा किए गए नरसंहार का बदला इंग्लैंड में जाकर लिया था, जो कि एक असली देश भक्त ही कर सकता है, जिनके हृदय में देश के प्रति सच्चा प्रेम था और वह देश के खातिर ही शहीद हुए।




इस मौके पर तजिन्दर सिंह टीटू, डिम्पी बिन्द्रा, सतीश राजपूत, केशव नारायण, गुरुप्रीत सिंह, अशोक यादव, सतीश गुप्ता, जीतेन्द्र यादव, अनुज ठाकुर, मैनी जी, अशोक राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश के कर्मचारियों का भी वेतन केंद्र की भांति 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते में विलय किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा आठवाँ वेतनमान लागू किए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है तथा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का 50 प्रतिशत मूल वेतन में मर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान समय तक आठवां वेतनमान लागू किए जाने पर किसी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। अतः संगठन मुख्यमंत्री मंत्री से मांग करता है कि प्रदेश कर्मचारियों का भी महंगाई भत्ता का 50 प्रतिशत मूल वेतन में विलय करते हुए आठवां वेतनमान लागू कराए जाने हेतु कमेटी का गठन कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश जारी किए जाएं।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, रऊफ खान, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, राकेश गुप्ता, गोपिशाह, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, संतोष चौरसिया आदि ने मांग की है।

## योग वेदांत सेवा समिति का कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण योजना के अंतर्गत हर महीने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के द्वारा संत आशाराम आश्रम खितौला बाजार सिहोरा में नेत्र शिविर का आयोजन होता है। गत दिवस भी दसवें वर्ष में प्रवेश पर संत श्री सियावल्लभदास वेदांती महाराज कटाव धाम के पावन सानिध्य, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, माधुरी दाहिया पार्षद, दिनेश गुप्ता, लता रघुवंशी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि समिति ने पिछले नौ वर्षों में करीब 13 हजार मरीजों का नेत्र परीक्षण, 2446 मरीजों का सफर नेत्र आपरेशन के साथ 2678 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरित किए जा चुके हैं। श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पहारिया ने आश्रम व समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर राकेश मालवीय, द्वारिका मिश्रा, शिवचरण दाहिया, ,अशोक शर्मा, महेश साहू, नितिन पहारिया आदि उपस्थित थे।



## बिना कारण बताये मारपीट करने वाले पीसीआर वाहन पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज की जाए

### घमापुर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** आवेदक अमन गोंटिया पिता संतोष गोंटिया जबलपुर निवासी ने बिना कारण बताये मारपीट करने वाले पीसीआर वाहन में तैनात पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग पर पुलिस अधीक्षक के नाम घमापुर थाना प्रभारी से की है। आवेदक ने बताया कि 23 जून को रात्रि लगभग 12.30 बजे मैं रेलवे स्टेशन से अपने घर जा रहा था, रास्ते में डीबी क्लब के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर शौचालय के लिए रुका था, उसी समय एक पीसीआर वाहन आया, जिसमें एक एएसआई एवं दो आरक्षक सवार थे। उक्त पुलिस कर्मियों ने बिना किसी पूछताछ के मुझे एवं मेरे साथियों के साथ लाठियों से बेरहमीपूर्वक मारपीट की, जिससे मेरे दांये कंधे (कॉलर बोन) की हड्डी दो जगह से फ्रैक्चर हो गई जिसके कारण मैं आज भी उपचाररत हूं। मैंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है किन्तु अब तक दोषी पुलिस कर्मियों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। अतः अनुरोध है कि घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराकर घटना में शामिल एएसआई एवं दोनों आरक्षकों पर विधिक प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।




## पेंशनर्स पदाधिकारियों ने जबलपुर के 2 विधायकों से भेंट करके 13 सूत्रीय माँग पत्र सौंपा

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी लम्बित 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन विधायक द्वय लखन घनघोरिया एवं डॉ. अभिलाष पांडे को सौंपकर माँग की है कि पेंशनर्स की मांगों का ज्ञापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेज कर मांगों की पूर्ति यथाशीघ्र कराने की कृपा करें, जिसमें विशेष रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा-49 (6) को विलोपित कराया जाये, पेंशनर्स को केंद्र के समान 2% महँगाई राहत के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं, पेंशनर्स को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए तक इलाज की सुविधा निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराई जाए, आदि। विधायक ने मांग पत्र को शीघ्र मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में एचपी उरमलिया, शेष मणि पांडेय, आरके श्रीवास्तव, एके शुक्ला, डॉ. एसपी सिंह, एसके श्रीवास्तव, उमेश हंस, राधा रमण तिवारी, श्रवण कुमार, श्रुति सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाजी रशीद सोनी का इंतकाल

**जबलपुर।** मंसूराबाद निवासी हाजी रशीद सोनी का इंतकाल हो गया। हाजी रशीद सोनी, मरहूम पीर मोहम्मद 'पीरू' सुनार के साहब जादे ( बेटे ) एवं मरहूम सईद सोनी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी कदीर सोनी के भाई थे और अमीन सोनी के तथा अज़हर सोनी के वालिद थे। उनकी मय्यतरविवार रात 10 बजे उनके निवास मंसूराबाद, मस्जिद अल्फ़ बेग के बाजू से उठाई गई। नमाज़-ए-जनाज़ा मस्जिद अल्फ़ बेग के सामने अदा गई, जिसके बाद मंसूरी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया।






**श्रीमती ममता बाई अवस्थी-** पनागर निवासी श्री धर्मेंद्र अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता बाई अवस्थी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश राजपूत-** गोकलपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज हॉस्टल नंबर 7 के पीछे निवासी श्री प्रकाश राजपूत (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि शंकर नेमा-** सुदामा नगर आमनपुर निवासी श्री रवि शंकर नेमा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक के पास निवासी श्री मुन्ना कश्यप (54) का निधन हो गया अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जगदीश कौर-** नेपियर टाउन भंडारी हॉस्पिटल रोड निवासी श्री गुरमुख सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती जगदीश कौर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय तिवारी-** ठक्कर ग्राम पश्चिमी करियापाथर निवासी श्री राम कुमार तिवारी के पुत्र श्री उदय तिवारी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा राजपूत-** सिद्धबाबा शिव मंदिर के पास निवासी श्री शारदा सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती उषा राजपूत (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन गुप्ता-** कुम्हार मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री रोशन गुप्ता (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश प्रसाद पासी-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड बंबा देवी शीतला माई रोड निवासी श्री महेश प्रसाद पासी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रत्ना कुमारी-** टैगोर नगर पोलीपाथर निवासी श्री धीरज नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना कुमारी नायडू (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संतोष सिंह-** रामपुर सहकार नगर निवासी श्री श्रीकांत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. रूही मेहतो-** रामपुर नगर निगम ऑफिस के पीछे निवासी श्री संजू मेहतो की पुत्री कुमारी रूही (08) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री टी पी कन्नन-** अधारताल निवासी श्री टीपी कन्नन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमेश चंद्र राय-** पचपेढी निवासी श्री उमेश चंद्र राय (85) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज ... प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मामूली सुधार रहा। इसके चलते सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं पर देश के हाजिर कारोबार में मांग कमजोर रहने से कारोबारी गतिविधियां धीमी हैं।

### आईटीसी प्रमुख पुरी के वेतन में 6.8 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी कंपनी आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी का कुल पारितोषिक वित्त वर्ष 2025-26 में 6.8 प्रतिशत घटकर 23.91 करोड़ रुपये रहा। प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/ कमीशन में कमी के कारण वेतन में कमी आई। आईटीसी की सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया। पुरी के पारितोषिक में 3.85 करोड़ रुपये का मूल/एकीकृत वेतन, 88 लाख रुपये की परिलब्धियां और प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/कमीशन के रूप में 19.17 करोड़ रुपये शामिल थे।

### भारत ने 'हॉट रोल्ड स्टील' के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन, जापान और रूस से कुछ ''हॉट रोल्ड स्टील'' उत्पादों के सस्ते आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। यह जांच जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड और जिंदल स्टील ओडिशा लिमिटेड की ओर से दायर आवेदन के बाद शुरू की गई है।

### पावर ग्रिड ने कंपनी के कर्ज लेने की सीमा 2.2 लाख करोड़ की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने कंपनी की कर्ज लेने की सीमा 1.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.20 लाख करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गयी। हालांकि, इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी के बाद लगेगी।

### 'कॉरपोरेट मित्र' योजना 2,000 प्रतिभागियों के साथ होगी शुरू



**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 'कॉरपोरेट मित्र' योजना की शुरुआत 2,000 प्रतिभागियों के साथ की जाएगी। इनमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के 200 प्रतिभागी भी शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार, योजना में 30 वर्ष तक की आयु के युवा भाग लेने के पात्र होंगे। योजना के तहत तैयार किए जाने वाले कॉरपोरेट मित्र सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नियामकीय अनुपालन, माल एवं सेवा कर (जीएसटी), लेखांकन, वित्तीय परामर्श, लागत लेखांकन तथा कंपनी सचिवीय सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में किफायती सहायता उपलब्ध कराएंगे।

# गर्मी के मौसम में एसी की मांग रही ठंडी, शीतल पेय की बिक्री बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की मांग में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। मौसम में आए बदलाव और महंगाई के दबाव के कारण एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री अपेक्षा से कमजोर रही है। वहीं ठंडे पेय, आइसक्रीम, डेयरी उत्पाद और अन्य ताजगी देने वाले उत्पादों की मांग मजबूत बनी रही। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि जून में कई हिस्सों में बेमौसम बारिश, आंधी और शाम के समय अपेक्षाकृत कम तापमान रहने से एसी की जरूरत कम महसूस हुई। वहीं बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ता महंगे एसी खरीदने के बजाय एयर कूलर और पंखों जैसे अपेक्षाकृत सस्ते विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। नंदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की मूल्य वृद्धि के कारण एसी की कीमतें करीब 18 से 20 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इसी वजह से कई उपभोक्ता एसी की जगह एयर कूलर और पंखों को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक प्रमुख एसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बार गर्मी का मौसम उद्योग की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, विशेषकर जून का महीना कमजोर रहा।

हालांकि, चालू वर्ष में अब तक उद्योग के कारोबार के मूल्य में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी और ऊंची कीमतें हैं।

## जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की मांग में मिला-जुला रुख रहा

### मानसून के आगमन से वाशिंग मशीन की मांग बढ़ी

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के कारोबार प्रमुख और ईवीपी (उपकरण कारोबार) कमल नंदी ने कहा कि ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों की श्रेणी में मांग का रुख मिला-जुला रहा। रेफ्रिजरेटर की मांग सामान्य और प्रीमियम दोनों वर्गों में मजबूत बनी हुई है, जबकि मानसून के आगमन के साथ वॉशिंग मशीन की मांग भी बढ़ रही है।



### उत्तर भारत में एसी की बिक्री घटी

हालांकि, उन्होंने कहा कि जून में पूरे देश, खासकर उत्तर भारत में एसी की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उनके अनुसार, उद्योग स्तर पर एसी की बिक्री घटी है। इसकी बड़ी वजह मौसम में बदलाव है। कई क्षेत्रों में आंधी-बारिश और रात के समय तापमान कम रहने से लोगों को एसी की जरूरत पहले जैसी नहीं रही। इसके अलावा महंगाई के चलते उपभोक्ता गैर-जरूरी खर्च टाल रहे हैं।

## सरकार का ध्यान कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित

# जीएसटी के 10 सालः अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है। इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके।

- सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं

**खास बातें**

- एमएसएमई के लिए लागत कम करने पर जोर
- सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क का डेटा आपस में जोड़ रही




### सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### शुरुआत में जीएसटी के चार कर स्लैब थे

शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया। बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया।

### पहले 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर लागू थे

एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे।

### लागू करने में जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही

जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी।

### पंजीकृत करदाता बढ़कर 1.6 करोड़

जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है।

# 'मेड इन इंडिया' सिर्फ लेबल नहीं बल्कि गुणवत्ता का प्रतीक : गोयल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि 'मेड इन इंडिया' केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं, बल्कि देश के प्रति एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। गोयल ने लंदन में 27 जून को आयोजित एक कारोबारी सत्र में तमिलनाडु के अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी के संस्थापक अकील अहमद पनारूना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय उद्यमी विश्वस्तरीय विनिर्माण के जरिये 'ब्रांड इंडिया' की छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। गोयल ने बताया कि एक अंतरराष्ट्रीय ग्राहक ने काहिरा हवाई अड्डे पर लक्जरी ब्रांड ह्यूगो बॉस का एक जूता देखा। जूते पर लगे लेबल की जांच करने पर उस पर 'मेड इन इंडिया' अंकित मिला। यह जूता अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी में तैयार किया गया था।

- गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक

### ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजित किए

सोशल मीडिया पर साझा संदेश में मंत्री ने कहा कि पनारूना ने भारतीय कारीगरी को दुनिया के प्रतिष्ठित ब्रांड तक पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किया है। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' जैसी पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी को अपनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

### समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होगा


गोयल 25 से 27 जून तक ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर थे, जहां उन्होंने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यह समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होगा। इसके तहत चमड़ा और फुटवियर जैसे श्रम-प्रधान भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

# संकट में सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बनीं ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने जब-जब किसी बड़े संकट का सामना किया है हर बार देश की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे 2015 की विनाशकारी बाढ़ हो, कोविड-19 महामारी हो या फिर वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट उत्पन्न करने वाला पश्चिम एशिया का हालिया संघर्ष। विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हर राष्ट्रीय आपातकाल ने इस बात को और मजबूत किया है कि सरकारें देश की ऊर्जा जीवनरेखा को नियंत्रित करने वाली इन कंपनियों पर से अपनी पकड़ ढीली करने में क्यों कतराती रही हैं। दशकों से भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की अक्सर कम मुनाफे, ईंधन मूल्य निर्धारण में सरकारी हस्तक्षेप और बड़े परिचालन के लिए आलोचना की जाती रही है।

- विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना



### लॉकडाउन में बिना बाधा के काम किया

इसी तरह, कोविड-19 महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन के बावजूद इन कंपनियों ने लगभग बिना किसी बाधा के काम किया। उन्होंने बताया कि सख्त आवाजाही प्रतिबंधों के बीच भी ईंधन स्टेशन खुले रहे, रिफाइनरियां न्यूनतम कर्मचारियों के साथ चलती रहीं, करोड़ों घरों में एलपीजी सिलेंडर पहुंचाए गए और राहत एवं चिकित्सा उड़ानों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की आपूर्ति बनाए रखी गई।

### कच्चे तेल की खरीदी में विविधता लाई

ईरान युद्ध के कारण जब कच्चे तेल के व्यापार मार्ग प्रभावित हुए और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ीं, तो भारत की सरकारी रिफाइनरियों ने तेजी से अपने परिचालन को व्यवस्थित किया। उन्होंने पेट्रोरसायन से ध्यान हटाकर एलपीजी उत्पादन बढ़ाया, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से कच्चे तेल की खरीद में विविधता लेकर आईं और स्थानीय स्तर पर किल्लत से बचने के लिए देश भर में ईंधन की आपूर्ति का समन्वय किया।

# बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनों के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही। एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज (मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा। राणा ने कहा, ''हम आम तौर पर 15 से 20 प्रतिशत बफर रखने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस वर्ष बेहतर उत्पादन के कारण कई कंपनियों के पास 20 से 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त बीज उपलब्ध है।



# आर्थिक आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे। इसके अलावा, एक जुलाई को जारी होने वाले विभिन्न वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा




### बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है

पोनमुडी ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक बाजार पूंजीकरण में रही सबसे आगे

**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

# ईरान संकट पर निर्भर करेगी सोना और चांदी की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कई वृह्द आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषक का कहना है कि फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले की दिशा के अनुरूप अगले सप्ताह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई, यूरो क्षेत्र के मुद्रास्फीति के आंकड़े तथा अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार तथा बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता ठप होने तथा दोनों देशों के बीच बढ़े सैन्य तनाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी सर्राफा बाजार को प्रभावित कर सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतों में अब भी गिरावट का रुख बना हुआ है और बाजार फिलहाल 'करेक्शन' के दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स पर सोना 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं चांदी 7.13 डॉलर यानी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई। 'मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' पर सप्ताह के दौरान अगस्त में आपूर्ति होने वाले सोने का वायदा 3,041 रुपये यानी 2.06 प्रतिशत गिरकर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी डालेगा असर



### सोने के वायदा भाव में गिरावट

त्रिवेदी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट से महंगाई संबंधी चिंताएं कम हुईं, जिससे मुद्रास्फीति से बचाव के साधन के रूप में सोने की मांग कमजोर पड़ी। वैश्विक बाजार में सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं अमेरिका में चांदी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई।


## कंपनी की वर्ष 2030-31 तक चार नए मॉडल लाने की योजना

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ईवी पर बड़ा दांव लगाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन अपने 'अर्ली अडॉप्टर्स' चरण को पार कर गया है। ऐसे में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स बिजलीचालित वाहन खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल लाने की तैयारी कर रही है। 'अर्ली अडॉप्टर्स' वे ग्राहक हैं जो प्रतिस्पर्धी बढ़त पाने के लिए कोई नया विचार या प्रौद्योगिकी चुनते हैं। निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा कि वह अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड में वृद्धि के अगले चरण की तैयारी कर रही है, और 2030-31 तक 30 प्रतिशत से ज्यादा की ईवी पहुंच पर नजर रखे हुए है।

- कंपनी 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल की तैयारी कर रही




**कंपनी उत्पादों को बेहतर बनाएगी :** कंपनी ने कहा, ''अभी, ईवी पर 'अर्ली मैजोरिटी' विचार कर रही है। हम अर्ली और लेट मैजोरिटी ग्राहकों के बीच ईवी को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्पादों को बेहतर बनाएंगे।'' 'अर्ली मैजोरिटी' ग्राहक वे होते हैं जिन्हें खरीदने से पहले सफल 'केस स्टडीज' देखने की जरूरत होती है, जबकि 'लेट मैजोरिटी' वाले ग्राहक आम आदमी के नए विचार या प्रौद्योगिकी को अपनाने के बाद ही उसे स्वीकार करते हैं।

### बाजार अर्ली अडॉप्टर्स से अर्ली मैजोरिटी की और बदला

*कंपनी का कहना है कि भारत का ईवी बाजार अर्ली अडॉप्टर्स से अर्ली मैजोरिटी की ओर स्थानांतरित हो गया है। कंपनी के मुताबिक, ईवी के बाजार में अर्ली अडॉप्टर्स की हिस्सेदारी 13.5 प्रतिशत है, जबकि अर्ली मैजोरिटी और लेट मैजोरिटी का हिस्सा 34-34 प्रतिशत है। वहीं पीछे रहने वालों की संख्या 16 प्रतिशत है। नवोन्मेषक की संख्या ढाई प्रतिशत है।*

### 10 ईवी गाड़ियों का पोर्टफोलियों होगा

भविष्य की वृद्धि को बढ़ाने के लिए कंपनी ने प्रस्तुतीकरण में कहा गया , ''2030-31 तक, हमारे पास 10 ईवी गाड़ियों का पोर्टफोलियो होगा। हमारे पोर्टफोलियो को पूरी तरह से मजबूत करने के लिए वृद्धि के अगले चरण के लिए हम लगातार नई पेशकश लाएंगे।'' कंपनी के मौजूदा ईवी पोर्टफोलियो में एक्सप्रेस-टी, कर्व.ईवी, हैरियर ईवी, नेक्सॉन ईवी, पंच ईवी और टियागो ईवी शामिल हैं।

### कंपनी तेज चार्जिंग पर काम कर रही

कंपनी की योजना 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद जोड़ने और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल पेश करने की है। आने वाले उत्पादों में सिएरा.ईवी शामिल है, जो इसके अविन्या कॉन्सेप्ट पर आधारित एक उत्पाद है और दो अन्य मॉडल हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि वह अपनी ईवी की श्रृंखला की रेंज को दो से तीन गुना और तेज चार्जिंग को तीन गुना बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है।

चिंतन

# अब देश में ही पूरा होगा विदेशी डिग्री का सपना

देश में उच्च शिक्षा के नए दौर की शुरूआत हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा 15 प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की मंजूरी देना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत है। लंबे समय से लाखों भारतीय छात्र बेहतर शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय डिग्री के लिए विदेश जाने को मजबूर रहे हैं। अब वही अवसर देश के भीतर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। हर वर्ष लाखों भारतीय छात्र अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के अन्य देशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में करोड़ों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाती है। विदेश में पढ़ाई का कुल खर्च कई बार 80 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच जाता है, जो अधिकांश परिवारों की पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में यदि वही डिग्री, वही पाठ्यक्रम, वही मूल्यांकन प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी भारत में ही उपलब्ध हो जाए, तो यह लाखों छात्रों के लिए सुनहरा अवसर होगा। सरकार ने जिन विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, लिवरपूल, इलिनोइस टेक और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का स्तर उनके मूल कैंपस के अनुरूप होगा। पाठ्यक्रम, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री में कोई अंतर नहीं रखा जाएगा। यही नहीं, छात्रों को एक या दो सेमेस्टर विदेशी कैंपस में पढ़ने का अवसर भी मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि इस फैसले के साथ कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विदेशी विश्वविद्यालय भारत में भी अपने मूल कैंपस जैसी गुणवत्ता बनाए रख पाएंगे? इसलिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अन्य नियामक संस्थाओं को नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। फैकल्टी, शोध सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, प्लेसमेंट और शैक्षणिक मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। दूसरी चुनौती फीस को लेकर भी है। भले ही विदेश की तुलना में पढ़ाई का खर्च 30 से 40 प्रतिशत कम होगा, लेकिन यह अभी भी देश के अनेक विद्यार्थियों के लिए महंगा हो सकता है। इसलिए छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण और वित्तीय सहायता की मजबूत व्यवस्था जरूरी होगी। सरकार और विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र केवल फीस के कारण इन संस्थानों से वंचित न रहें। इस निर्णय का एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यदि आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में छात्र विदेश जाने के बजाय भारत में ही पढ़ाई करेंगे, तो विदेशी मुद्रा की बड़ी बचत होगी। भारत केवल छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का आकर्षक गंतव्य भी बन सकता है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खुलना भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इससे लाखों छात्रों का विदेशी डिग्री हासिल करने का सपना अपने ही देश में पूरा हो सकेगा। साथ ही ब्रेन ड्रेन में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत, वैश्विक स्तर की शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर जैसे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# मोहर्रम की आड़ में दहशतगर्दी क्यों?

मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के बड़नगर में मुहर्रम जुलूस के दौरान क्रेन से करीब 40 फीट ऊपर लटकाई गई एक वैन में हुए विस्फोट जैसे प्रदर्शन ने सुरक्षा व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों की मर्यादा और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस्तेमाल की गई सामग्री क्या थी तथा इस प्रदर्शन का उद्देश्य क्या था। किसी भी धार्मिक आयोजन की आड़ में ऐसा कोई भी कृत्य, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका हो, कानून के दायरे में निष्पक्ष और सख्ती से जांच का विषय होना चाहिए।

मध्य प्रदेश के महाकाल की नगरी उज्जैन में मुहर्रम के जुलूस के दौरान एक कार को क्रेन से लगभग 40 फीट ऊपर उठाया गया। फिर उसे "धमाके से उड़ा दिया गया"। ये घटना 24 जून को उज्जैन के बड़नगर इलाके में हुई थी। अब इस मामले में चार लोगों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज किया है। कहा जा रहा है कि ये खतरनाक काम स्थानीय अखाड़ों के बीच एक प्रतियोगिता के तौर पर किया गया था, ताकि भीड़ जुटाई जा सके और सोशल मीडिया पर ध्यान खींचा जा सके। पुलिस के मुताबिक, बड़नगर के अदान इलाके से मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था, तभी लोगों की भारी भीड़ के सामने यह स्टंट किया गया। जिस कार पर "ले फिर आ गए" लिखा था, उसे क्रेन से ऊपर उठाया गया। कार में सवार दो युवक लाल झंडे लहरा रहे थे, तभी धुएं, चिंगारियों और टूटे हुए कांच से ऐसा नजारा बना जैसे कोई जबरदस्त धमाका हुआ हो। मौके पर "शेरे अदान अखाड़ा" के पोस्टर भी दिखाई दिए।

बता दें कि इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने 'मुहर्रम' का मुख्य उद्देश्य पैगंबर हज़रत मुहम्मद के नवासे, इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में हुई शहादत का शोक और मातम मनाना है। यह कोई आतंक या शक्ति प्रदर्शन का त्योहार नहीं है, बल्कि ज़ुल्म और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का प्रतीक है। हालांकि, मुहर्रम के दौरान जुलूसों (अखाड़ों) में कुछ जगहों पर तलवारबाज़ी, आग के करतब, या कभी-कभी गैर-पारंपरिक स्टंट (जैसे वाहनों में विस्फोट करना) जैसे खतरनाक प्रदर्शन किए जाते हैं। कर्बला की जंग (680 ईस्वी) की याद में अखाड़ों के माध्यम से युवा अपनी बहादुरी, पारंपरिक हथियारों के इस्तेमाल और लड़ने की कला (मार्शल आर्ट्स) का प्रदर्शन करते हैं। कभी-कभी धार्मिक जोश में आकर युवा भीड़ को आकर्षित करने के लिए खतरनाक स्टंट या आतिशबाजी करते हैं, जिसे अक्सर बाहरी लोग आतंक या डराने वाला शक्ति प्रदर्शन समझ लेते हैं। कुछ असामाजिक तत्व या आयोजक ऐसे विवादास्पद प्रदर्शन जानबूझकर करते हैं ताकि समाज में दहशत फैले, दो समुदायों के बीच तनाव पैदा हो, या राजनैतिक रोटियां सेकी जा सकें। ऐसे भड़काऊ और हिंसक प्रदर्शनों को लेकर प्रशासन द्वारा हमेशा सख़्ती बरती जाती है और अक्सर आयोजकों के खिलाफ पुलिस मामले भी दर्ज़ किए जाते हैं। अधिकांश मुस्लिम संगठन और विद्वान भी ऐसे खतरनाक प्रदर्शनों को इस्लाम के मूल सिद्धांतों के खिलाफ मानते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसमें संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत बहुसंख्यकों के बराबर ही अल्पसंख्यकों को समान रूप से धार्मिक सांस्कृतिक त्योहार मनाने की व्यवस्था है, लेकिन मोहर्रम जैसे आयोजन की आड़ लेकर सार्वजनिक स्थल पर सरेआम एक क्रेन के जरिए एक वैन को 40 फुट ऊपर लटकाकर उसमें विस्फोट करना कहीं न कहीं उपद्रवी अराजकता आतंक फैलाने और दूसरे समुदाय में दहशत पैदा करने की मानसिकता का नंगा नाच है। पूर्व में भी देश के कई हिस्सों में मोहर्रम पर इसी तरह के हथियारों बरछी भाले तलवारों के साथ अराजकता का प्रदर्शन किया जाता रहा है और हर साल इस प्रदर्शन व जूलूस के दौरान सांप्रदायिक तनाव और हिंसा की दर्जनों वारदातों का होना रिकार्ड है। इस के चलते राज्य सरकारों द्वारा इस आयोजन के पहले



लगातार सख्त निर्देश जारी किए जाते हैं और स्थानीय प्रशासन द्वारा इस मौके पर शांति अमन-चैन बनाए रखने के लिए शांति कमेटी की बैठक की जाती है। इसके बावजूद देश भर में कई शहर कस्बे अशांति और तनाव के दौर से गुजरना पड़ा है। उज्जैन के बड़नगर में मुहर्रम जुलूस के दौरान एक वैन को क्रेन से लटकाकर किए गए धमाके के बाद तीन मुस्लिम एवं एक हिन्दू के खिलाफ एफ़आईआर की गई है। इनमें तीन को गिरफ्तार भी किया गया है। एटीएस व एफएसएल ने जांच शुरू की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में मुहर्रम के जुलूस में ऐसी घटना ने कई सारे सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद उज्जैन के साथ-साथ भोपाल (पुलिस मुख्यालय) भी सकते में बताया गया है। तीन मुस्लिम एवं एक हिन्दू युवक सहित कुल चार लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है। इनमें तीन को गिरफ्तार भी किया गया है। आरोपियों से पूछताछ हुई है। सामने आया है, जुलूस के दौरान एक वैन में पटाखों के जरिए ब्लास्ट किया गया। आरोपियों ने वैन को क्रैन के जरिए 40 फीट हवा में उठाया। दो युवक लाल झंडे लेकर उस पर खड़ा रहे। झंडा लहराते रहे। अपनी बात रखते रहे। बाद में इसमें ब्लास्ट किया गया। हंगामा इसलिए बरपा क्योंकि वैन पर लिखा हुआ था, 'ले, फिर आ गए।' सवाल यही उठाया गया कि ये ( ले, फिर आ गए) क्यों एवं किसके लिए लिखा गया होगा। हालांकि यह भी कहा गया है कि 'ले, मैं फिर आ गया' लिखा था। दावा ये भी कि विस्फोट पटाखों से किया गया। मगर पुलिस, एफएसएल टीम एवं एटीएस की टीमें हरेक एंगल से जांच कर रही है। विस्फोटक क्या था, पता लगाने में जुटी हुई है। ब्लास्ट से वैन के कांच फूटकर हवा में उड़ गए थे। लोग नीचे तमाशबीन बने रहे। अच्छा यह रहा कि किसी को चोट नहीं लगी। घटनाक्रम के वीडियो सामने आने के बाद विरोध शुरू हुआ। हिन्दू संगठनों ने आपत्तियां जताईं। कार्रवाई की मांग की।सामने आया है कि हिन्दू युवक किराये से क्रैन देने काम करता है। उसका कहना है, जुलूस में फूल बरसाने के लिए क्रैन की मांग की गई थी। आयोजकों की मांग पर उसने क्रैन दे दी। वीडियो वायरल होने के बाद उसे मालूम हुआ कि आयोजक गलत कथन करके वैन को ले गए थे। घटना के बाद उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने मीडिया बयान में कहा, 'बड़नगर में अडान और शरजील अखाड़ों में स्पर्धा चलती है। दोनों अखाड़े एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ताक में रहते हैं। संभव है कि इसी वजह से पूरा घटनाक्रम हुआ और भड़काऊ संदेश लिखे गए हों, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।' बता दे कि विश्व मानचित्र पर हिन्दू धर्म की पवित्र पहचान रखने वाले धार्मिक नगरी उज्जैन में इस तरह का प्रदर्शन आतंकवाद का छिपा समर्थन करने वाले तत्वों का सुनियोजित षड्यंत्र हो सकता है। उज्जैन के साथ-साथ बड़नगर, उन्हेल, नागदा और महिदपुर संवेदनशील क्षेत्रों में शुमार हैं। सांप्रदायिक उन्माद की घटनाएं इन क्षेत्रों में होती रही हैं, लिहाजा पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतना चाहिए थी। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उज्जैन 'मुख्यमंत्री का गृह जिला है। वे गृह महकमे के दायित्व का निर्वहन भी करते हैं, ऐसे में पुलिस की अतिरिक्त सतर्कता ज्यादा बनती है, लेकिन देखा गया है कि प्रशासन सतर्क नही था अन्यथा यह वारदात को अंजाम नहीं दिया जाता सवाल यह है कि राज्य की खुफिया ईकाई ने समय से पहले इस तरह की आतंकी कारवाई की पूर्व सूचना क्यों नहीं दी? मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पहले से ही धर्मगुरुओं और आयोजकों के साथ संवाद स्थापित करें, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। कानून ऐसे दंगाइयों अराजकता फैलाने वाले समाजकंटको के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा




# सांख्यिकी संख्याओं का खेल नहीं, विकास का आईना है

भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रोजाना की जिंदगी और योजना एवं विकास की प्रक्रिया में सांख्यिकी के महत्त्व के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह दिन भारत के प्रख्यात सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जन्मतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। वे आंकड़ों के जादूगर थे। भारत सरकार ने वर्ष 2007 में आधिकारिक तौर पर प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहला सांख्यिकी दिवस 29 जून 2007 को मनाया गया था। वर्ष 2026 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश विकसित भारत @2047 के विजन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जहां डेटा-संचालित नीतियां देश की प्रगति का मुख्य आधार हैं। किसी भी योजना और परियोजना की सफलता उसके सांख्यिकीय महत्त्व पर निर्भर करती है। आंकड़े हमें नियोजित विकास की राह प्रदर्शित करते है। भारत सरकार सांख्यिकीय आंकड़ों के जरिये समय समय पर विकास का आइना दिखती है। यही हमारी प्रगति का अहसास कराती है। बाधाओं का ज्ञान भी कराती है। बिना आंकड़ों के हम किसी योजना की सफलता का अनुमान नहीं लगा पाते। सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की कहानी कहने वाली भाषा है। जैसा कि प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस ने कहा था, सांख्यिकी का उद्देश्य केवल डेटा एकत्र करना नहीं है, बल्कि उसके आधार पर सही निष्कर्ष निकालकर समाज का कल्याण करना है। पीसी महालनोबिस बंगाली साइंटिस्ट और अप्लाइड स्टैटिस्टीशन थे, जिनका जन्म 29 जून 1893 को कोलकाता में हुआ था। उन्हें पॉप्युलेशन स्टडीज की सांख्यिकी माप महालनोबिस डिस्टेंस देने के लिए जाना जाता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य भी थे। महालनोबिस ने इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट की नींव रखी और बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे को तैयार करने में भी योगदान दिया। उनके इस योगदान के चलते उन्हें भारत में मॉडर्न स्टैटिस्टिक्स का पिता माना जाता है। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें स्वतंत्रता के बाद नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल का सांख्यिकी सलाहकार भी नियुक्त किया था।

पंडित जवाहरलाल नेहरू के काफी नजदीक रहने के बावजूद उन्होंने कभी कोई पद आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। सरकार ने महालनोबिस के विचारों का उपयोग करके कृषि और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग किए। उनके द्वारा सुझाए गए बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर अमल करते हुए सरकार को इस दिशा में अप्रत्याशित सफलता मिली। स्वतंत्र भारत में औद्योगिक उत्पादन की बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी दूर करने के प्रयासों को सफल बनाने के लिए महालनोबिस ने ही योजना तैयार की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1949 में महालनोबिस की अध्यक्षता में ही एक श्राष्ट्रीय आय समितिश का गठन किया गया था। जब आर्थिक विकास को गति देने के लिए योजना आयोग का गठन किया गया तो उन्हें इसका सदस्य बनाया गया। महालनोबिस चाहते थे कि सांख्यिकी का उपयोग देशहित में हो। उन्होंने देश को आंकड़ा संग्रहण की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई। पीसी महालनोबिस बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। एक वैज्ञानिक होने के साथ ही साहित्य में भी उनकी जबरदस्त रुचि थी। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की कृतियों पर अनेक लेख लिखे थे। शांति निकेतन में रहकर महालनोबिस ने टैगोर के साथ करीब 2 महीने का समय बिताया। इस दौरान टैगोर ने उन्हें आश्रमिका संघ का सदस्य बना दिया। बाद में जब टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना की, तो महालनोबिस को संस्थान का सचिव भी नियुक्त किया। आज जब भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध सांख्यिकीय आंकड़े नीति निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। महालनोबिस का जीवन इस बात का प्रमाण है कि विज्ञान और सांख्यिकी का उद्देश्य केवल संख्याओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित में उनका सार्थक उपयोग करना है। डिजिटल युग में डेटा ही नई शक्ति बन चुका है और यही शक्ति भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसलिए सांख्यिकी को केवल विषय नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता व राष्ट्र निर्माण के सबसे प्रभावी उपकरण के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- ***गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*** राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# बहरूपियों से हमेशा सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

## चढ़ावे की चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

चार माह पहले मुझे अयोध्या, प्रयागराज व काशी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मैंने नहीं सोचा था कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे के पैसे पर ही डाका पड़ जाएगा। जो लोग चढ़ावे के नोट गिनते थे, उन्होंने ही हेराफेरी कर ली। बताया जाता है कि पिछले चार वर्षों में करोड़ों का घोटाला हो गया और यह हेराफेरी करने वालों के संबंध बड़े बड़े लोगों से हैं। लोगों द्वारा चढ़ाए गए करोड़ों रुपए के सोने-चांदी व हीरे के हार गायब हो गए हैं। इस संबंध में जनता चाहती है कि घोटाला करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। प्रचार किया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रवैया रखने वाले मुख्यमंत्री हैं, तो क्यों न इस घोटाले के आरोपियों को बेनकाब किया जाए। *- संजय कश्यप, करनाल*

ट्रेंड

## मतदाताओं से बातचीत करेंगे



मैं जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत वादियों के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के साथ बातचीत करूंगा, खासकर बडगाम जिले के जमीनी स्तर पर कार्यरत बूथ-स्तरीय अधिकारियों के साथ, जो आयोग की नींव हैं। बीएलओ और अन्य संबंधित पक्षों के साथ संवाद करेंगे।

**-ज्ञानेश कुमार**, सीईसी

## अपने अंदर झांके पाक



हमने कराची में घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी हैं। 'हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, पाक को अपने अंदर झांकना चाहिए।

**-रणधीर जायसवाल,** प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

## सख्त कार्रवाई होगी



मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला व गुटखा जैसे उत्पादों में भी नशा मिलाया जा रहा है। यदि कोई इन उत्पादों में थोड़ी-सी मात्रा में भी कोई नशीला पदार्थ मिलाता पाया गया, तो कर्नाटक में ऐसे उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। **-डीके शिवकुमार,** सीएम, कर्नाटक

## सबसे यादगार पल



विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक है। कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। 'भारत में अपने प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका और भी विशेष बनाता है।

**-पीवी सिंधू,** बैडमिंटन खिलाड़ी

करंट अफेयर

# वॉशिंगटन में भारतीय आमों का स्वाद चखने उमड़ी भीड़



अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित 'ड्यूपॉन्ट सर्कल' में हजारों लोग भारतीय आमों की मिठास और लजीज बिरयानी का स्वाद लेने के लिए उमड़े। भारतीय दूतावास ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें भारतीय मूल के अमेरिकी वर्जीनिया और मैरीलैंड से ड्यूपॉन्ट सर्कल पहुंचे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा कीं और केसर, लंगड़ा एवं मालदा सहित विभिन्न किस्मों के रसीले आमों का स्वाद चखा। अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की दिशा ने केसर आम का लुत्फ उठाते हुए कहा, 'मुझे याद है कि गर्मियों में मेरी दादी हमें आम खिलाया करती थीं। मैं बस भारतीय आमों का स्वाद लेने के लिए ही यहां आई हूं।' फुटबॉल विश्व कप देखने के लिए अमेरिका की यात्रा कर रहे एंड्रयू ने कहा, 'मैंने पहले कभी इतना स्वादिष्ट आम नहीं खाया।' 'टेस्ट द ट्रॉपिकल मैजिक' नामक यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से वॉशिंगटन में गर्मियों के दौरान प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है और इसका दायरा हर साल बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, 'यहां केवल आम का की एक फांक या भारत की झलक ही नहीं, बल्कि भारत के विविध स्वाद उपलब्ध हैं।'

ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में सब्जियों पर अधिक जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्राः केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### कटंगी खुर्द में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम कटंगी खुर्द में शनिवार की रात करीब 10 बजे दो पड़ोसियों के बीच भारी बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि रात के सन्नाटे में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर देर रात ही मामला कायम कर लिया। 62 वर्षीय रामकृष्ण तिवारी ने पुलिस को बताया कि वे रात में अपने घर पर थे तभी गांव के संजू पटेल, शिवम श्रीवास, रामसेवक सेन, कृष्णकुमार सेन और रमेश सेन लाठियां लेकर उनके घर के अंदर घुस आए। आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से कृष्णकुमार सेन 41 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि वे रामकृष्ण तिवारी के घर के पास थे, तभी रामकृष्ण, चंद्रिका तिवारी, शिवनारायण तिवारी और सालिकराम तिवारी ने उन्हें घेर लिया और गंदी गालियां देते हुए लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में रामसेवक उर्फ बल्लू सेन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 9 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोर के साथ मारपीट

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव स्थित शासकीय स्कूल परिसर में शनिवार दोपहर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार, पुरैनी निवासी 17 वर्षीय छात्र सौरभ चौधरी दोपहर करीब 2 बजे स्कूल में था तभी गांव के ही राज कोल और रितेश कोल वहां पहुंचे। किसी पुरानी बात को लेकर आरोपियों ने सौरभ को गालियां देना शुरू कर दिया। जब सौरभ के भाई राज चौधरी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने दोनों भाइयों को घेरकर लात-घूसों और डंडों से बेरहमी से पीट दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने सौरभ चौधरी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### महिलाएं आपस में भिड़ी क्रॉस केस दर्ज

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत सिविल लाइन की राम रानी जौहर गली में बीती रात दो पड़ोसी परिवारों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों ही पक्षों की महिलाएं लहूलुहान हो गईं, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है। सुमन रजक 50 वर्ष पति राजेश रजक ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे उनके घर के पास रहने वाले अजीत खटीक, बिट्टू, नीरज और श्यामा ने उन्हें घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की। वहीं दूसरी पड़ोसी रोशनी कछवाहा 55 वर्ष पति स्व. मुकेश कछवाहा ने शिकायत दर्ज कराई कि राजेश रजक की पत्नी सुमन रजक ने उनके घर के पास आकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर उनके साथ मारपीट की।पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बरही निवासी दंपत्ति की मौत

**कटनी।** बरही निवासी एक परिवार की कार उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में बरही निवासी विकास ताम्रकार 40 और उनकी पत्नी सोनम ताम्रकार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विकास ताम्रकार अपने बेटे के मुंडन संस्कार तथा अपना जन्मदिन मनाने के लिए परिवार सहित शुक्रवार रात बरही से वाराणसी रवाना हुए थे। दर्शन-पूजन के बाद शनिवार देर रात वापस लौटते समय उनकी कार मिर्जापुर जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़े मालवाहक वाहन में पीछे से जा घुसी।टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में विकास और उनकी पत्नी सोनम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक हीरालाल निवासी छिदिया टोला, मृतक का साला हिमांशु 27 निवासी उचेहरा (जिला सतना), भांजा सक्षम (17) निवासी नागौद तथा बहन राधा (40) पत्नी प्रह्लाद निवासी नागौद गंभीर रूप से घायल हो गए।

### जलभराव से निपटने इंतजाम नाकाफी, गत वर्ष जल भराव से हुई थी बड़ी क्षति

# अतिवृष्टि में टापू बन जाते हैं गांव, दशकों बाद भी पुलियों व रपटों की नहीं बढ़ी ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



वर्षा काल का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में अब एक ही बात सामने आ रही हैं कि यदि गत वर्ष कि भांति वर्षा हुई तो फिर बड़ी क्षति लोगों को हो सकती हैं क्योंकि स्लीमनाबाद गत वर्ष वर्षा से जलभराव के कारण बड़ी क्षति उठानी पड़ी थी। स्लीमनाबाद का शांतिनगर मोहल्ला वर्षा के पानी से चारों ओर से जलमग्न हो गया था। पानी से घर डूब गये थे ओर कई घर जमीदोंज हो गये। साथ ही घरों मै रखा राशन भी खराब हो गया था।

कटनी नदी बाढ़ में आने के कारण खेतों मै बने कई घर घिर गये ओर मवेशी भी बह गये थे। गत वर्ष हुई अतिवृष्टि क्षति के वाबजूद इस वर्ष जलभराव की समस्या से निपटने कोई खास इंतजाम नहीं दिख रहे। साथ ही अन्य स्थानों पर बनने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के इंतजाम नदारद हैं। इसके अलावा बहोरीबंद का गाड़ा पड़रिया गाँव भी वर्षा काल मै टापू बन जाता हैं क्योंकि यहाँ बना हुआ पुल डूब जाता हैं।

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमरगढ़ व सोमाकला के मध्य गाड़ा पड़रिया पुल की ऊंचाई आज तक नही बढ़ाई गई जिससे वर्षा काल मे सुहार नदी उफान पर आने से पुल डूब जाता है ।जिससे आवागमन प्रभावित होता है।पुल की ऊंचाई बढाई जा सके जिससे वर्षा काल मे परेशानी का सबब न बने इसके लिए जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन तक ही बात सीमित रही।वही स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के कौड़यि से पिपरिया परौहा मार्ग के मध्य खिरहनी मैं भी कटनी नदी मैं बने पुल की ऊंचाई छोटी है जिससे यहां भी वर्षा काल मे कटनी नदी उफान पर आने से पुल डूब जाता है।जिस कारण आवागमन प्रभावित होता है।राहगीरों को दूसरे मार्गो से होकर अपने गंतव्य स्थानों तक पहुँचना पड़ता है।

#### संगम नदी पुल चढ़ा लापरवाही की भेंट

स्लीमनाबाद से बिलहरी मार्ग के मध्य बना संगम नदी पुल के हाल भी बदहाल है।यहां पुल की ऊंचाई बढ़ाने का काम विगत पांच सालों से चल रहा है।लेकिन अभी तक पुल बनकर तैयार नहीं हुआ हैं!ऐसे में पुल-पुलिया से आवागमन खतरे से खाली नहीं होगा। आवागमन में आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हादसों की आशंका भी बनी रहेगी।प्रतिवर्ष मानसून के समय असहज स्थिति निर्मित होती है।ऐसे मैं अधिकांश समस्याएं विभागीय लापरवाही की वजह से उत्पन्न होती हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के ढीले कामकाज की वजह से जनता मुश्किल में आ जाती है।हादसे होने के बाद शासन-प्रशासन की नींद खुलती है। जर्जर पुल-पुलिया की वजह से तेज बारिश के समय कई गांव टापू बन जाते हैं। आवागमन के सभी रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा का कहना है कि यह सही है कि अभी भी बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कुछ पुल-पुलियों की ऊंचाई कम है। वर्षा काल में अतिवृष्टि से जलभराव से होने वाली समस्या निपटने के इंतजाम स्थानीय प्रशासनिक स्तर पर किये जा रहे हैं। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली जलभराव समस्या से को लेकर निपटने पहले से तैयारियां बनाई जा सके, जनपद सीईओ को निर्देशित किया जायेगा।

# जालसाजों ने एक लाख रूपये की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के झिंझरी में एक युवक को क्रिप्टोकरेंसी (बिटकॉइन) में निवेश कर घर बैठे 30 फीसदी रिटर्न कमाने का लालच भारी पड़ गया। शातिर साइबर अपराधियों ने युवक को अपने झांसे में लेकर 1,09,000 रूपये की ऑनलाइन चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महावीर नगर कॉलोनी निवासी अवनीश तिवारी को अज्ञात साइबर ठगों ने सोशल मीडिया या मैसेजिंग ऐप के जरिए निशाना बनाया था। जालसाजों ने खुद को एक नामी क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म 'बीट कॉइन स्कैन' का प्रतिनिधि बताया। शुरुआत में पीड़ित को यह झांसा दिया गया कि इस प्लेटफॉर्म पर पैसा लगाने से महज कुछ ही दिनों के भीतर 30 प्रतिशत का बंपर मुनाफा कमाया जा सकता है। ठगों ने अवनीश का भरोसा जीतने के लिए मुस्तैदी से कुछ फर्जी स्क्रीनशॉट और 'प्रॉफिट ग्राफ' भी दिखाए, जिससे वह उनके बुने जाल में फंस गया। जालसाजों के झांसे में आकर पीड़ित अवनीश तिवारी ने बताए गए बैंक खातों और यूपीआई आईडी पर कुल 1,09,000 ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद ठगों द्वारा संचालित फर्जी पोर्टल या वॉलेट पर पीड़ित को उसका मुनाफा बढ़ा हुआ दिखने लगा। लेकिन असली खेल तब शुरू हुआ जब पीड़ित ने उस पैसे को अपने बैंक खाते में निकालना चाहा। जब अवनीश ने पैसे निकालने की कोशिश की तो शातिर ठगों ने 'प्रोसेसिंग फीस', 'सर्विस टैक्स' और 'एंटी-लॉन्ड्रिंग क्लियरेंस' के नाम पर और पैसों की मांग शुरू कर दी।

#### घर बैठे निवेश करके अच्छा रिटर्न कमाने का दिया था लालच

पीड़ित को जब एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुका है और उसने और पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उससे संपर्क तोड़ दिया और उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित अवनीश तिवारी ने माधवनगर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# पहले दिन 18 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखण्ड में पल्स पोलियो अभियान का आगाज रविवार यानि 28 जून से हो गया।अभियान के तहत पहले दिन रविवार को बूथ स्तरों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।सुबह से लेकर देर शाम तक पोलियो की दवा पिलाने का क्रम जारी रहा।बहोरीबंद विकासखण्ड में पल्स पोलियो अभियान के लिए 280 बूथ बनाये गए ओर 35 सुपरवाइजर मानिटरिंग करेंगे।

स्लीमनाबाद में चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे द्वारा रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ बच्चों को दवा पिलाकर की।साथ ही सभी ग्रामवासियों से अपील की गई कि 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चो को अभिभावक पोलियो की खुराक आवश्य पिलाये।हमारा लक्ष्य यही है कि कोई बच्चा छूट न पाए, हर बच्चें को पोलियो की दवा पिलाई जाये!इस दौरान



सुपरवाइजर शिव ठाकुर, आशा कार्यकर्ता आभा दुबे उपस्थित रही।

बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड मैं 0 से 5 वर्ष के लगभग 23 बच्चों को पोलियो की दवा का सेवन कराया जाएगा।अभियान के पहले दिवस रविवार को 18 हजार 656 बच्चों को दवा पिलाई गई।

अभियान के लिए विकासखण्ड अंतर्गत 280 बूथ बनाये गए है।पहले दिन बूथ स्तर पर तो 29 व 30 जून को घर-घर दस्तक देकर छुटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

# गांव-गांव पहुंचकर युवाओं को दी योजनाओं की जानकारी, किया प्रेरित

**उमरियापान।** शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा द्वारा प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए विकासखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर युवाओं एवं अभिभावकों को आईटीआई में प्रवेश संबंधी जानकारी दी जा रही है। कटनी आईटीआई के प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा के निर्देशन तथा ढीमरखेड़ा आईटीआई के प्राचार्य संत सिंह के मार्गदर्शन में प्रचार-प्रसार प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बम्हनी, महनेर, मडेरा, पौड़ी खुर्द, पौड़ी बड़ी, सिमरिया, ढीमरखेड़ा, पिंडरई, दशरमन, देवरी बिछिया, रामपुर, सनकुई, मुरवारी, गनियारी, परसवारा, परसेल एवं बरहटा सहित अनेक गांवों का भ्रमण किया।अभियान के दौरान युवाओं को आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की विस्तृत जानकारी दी। इच्छुक अभ्यर्थियों का मौके पर ही ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कराने में सहयोग किया। इस अवसर पर अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर, पीएम इंटर्नशिप योजना, मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन योजना सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं की जानकारी भी दी। महिलाओं को आईटीआई में उपलब्ध 35 प्रतिशत आरक्षण के बारे में अवगत कराया। आईटीआई उत्तीर्ण करने के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार के उपलब्ध अवसरों की जानकारी देकर युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



महर्षि विद्या मंदिर मैं स्लीमनाबाद में चेयरमैन ब्रह्मचारी डॉक्टर गिरीश के निर्देशन में शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,भारतीय ज्ञान परम्परा, मूल्य आधरित शिक्षा, स्मार्ट कक्षा,कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) कैरियर मार्गदर्शन तथा नवीन शिक्षण पद्धतियो पर गहन अध्ययन एवं अभ्यास किया गया। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम स्लीमनाबाद महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय व जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि शिक्षक होना हमारे लिए गौरव की बात है ओर हम बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दे!यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिले, ताकि वह अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार सके।बच्चों को नवाचार से शिक्षा देने का समय है ताकि वह बड़े होकर वह समाज के सुसभ्य नागरिक बन राष्ट्र व समाज की समर्पणभाव से सेवा करें।जन शिक्षक द्वारा प्रभावी एवं प्रेरणादायक ढंग से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन एवं राहुल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों में नवाचार, तकनीकी दक्षता तथा छात्र –केंद्रित शिक्षण के प्रति नई ऊर्जा ओर उत्साह का संचार किया।

# 60 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने शराब का अवैध कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 60 लीटर अवैध महुआ की कच्ची शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी (मुख्यालय) रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बड़वारा के लखाखेरा स्टेशन रोड स्थित भार जंगल में एक व्यक्ति चार प्लास्टिक के गुम्मों में हाथ भट्टी से निर्मित



महुआ शराब लेकर बिक्री की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, लेकिन स्टाफ और गवाहों की मदद से उसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम महेश गोड़ (29) पिता बाबूलाल गोड़, निवासी ग्राम जगतपुर उमरिया मदारी टोला, थाना बड़वारा, जिला कटनी बताया।

आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों में रखे चार प्लास्टिक के गुम्मों की तलाशी ली गई, जिनमें करीब 60 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई। शराब रखने और बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।संपूर्ण वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, एएसआई सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, आरक्षक गौरीशंकर, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी तथा महिला आरक्षक रुपाली यादव की भूमिका रही।

### स्व सहायता समूह से जुड़ कर बदली प्रतीक्षा की तकदीर

# संघर्ष भरे जीवन में अपनी मेहनत से बनी आत्मनिर्भर, समाज में बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जब शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और सही अवसर जुड़ जाते हैं, तो बदलाव तय होता है। विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम कुँआ की 40 वर्षीय श्रीमती प्रतीक्षा शुक्ला इसका जीवंत उदाहरण हैं। स्नातक और एलएलबी जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद एक समय ऐसा था जब उन्हें आर्थिक कठिनाइयों से जूझना पड़ा, लेकिन आज वे आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

#### संघर्ष से भरी शुरुआत

प्रतीक्षा शुक्ला का जीवन पहले आर्थिक अभावों से घिरा हुआ था। उनके पति दिनेश शुक्ला एक स्कूल में अतिथि शिक्षक हैं, जिनकी



मासिक आय मात्र 10 से 12 हजार रुपये थी। सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो जाता था और वे कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे थे। उच्च शिक्षा होने के बावजूद प्रतीक्षा को उपयुक्त रोजगार नहीं मिल पा रहा था।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जब वे श्री कृष्ण स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, तभी उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत हुई। उनकी शिक्षा और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें समूह का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उन्हें 'बैंक सखी' की जिम्मेदारी भी मिली।

बैंक सखी के रूप में वे ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, जिसके लिए उन्हें प्रतिमाह 3हजार रूपये का मानदेय प्राप्त होता है। इस भूमिका ने न केवल उनकी आय बढ़ाई, बल्कि समाज में उनकी पहचान भी मजबूत की।

समूह से जुड़ने के बाद प्रतीक्षा ने सामुदायिक निवेश निधि (सीसीएल) के तहत 3 लाख रुपये और ग्राम संगठन से 40 हजार रुपये का ऋण लेकर अपने घर पर ही किराना एवं मनिहारी दुकान शुरू की। उनकी मेहनत, लगन और व्यावसायिक समझ के चलते यह दुकान तेजी से सफल हुई।

आज उनकी दुकान पर प्रतिदिन 3 से 4 हजार रुपये तक की बिक्री होती है। उनकी व्यक्तिगत मासिक आय लगभग 24 हजार रुपये तक पहुँच गई है, जबकि परिवार की कुल आय 36 हजार रुपये से अधिक हो गई है। वे नियमित रूप से ऋण का भुगतान कर रही हैं और 40 हजार रुपये का ऋण पूरी तरह चुका भी चुकी हैं।

#### आत्मनिर्भरता से सम्मान तक

अपनी बढ़ी हुई आय से प्रतीक्षा ने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि कच्चे मकान की जगह पक्का घर भी बनवाया। आज वे आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल बन चुकी हैं।

### बाबा हरिदास मंदिर में चल रहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

समीपस्थ ग्राम पंचायत बंधी स्टेशन स्थित बाबा हरिदास मंदिर मै विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को को कथावाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।



महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।इस दौरान आओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो, आज मेरे श्याम की शादी है गीतों पर जमकर लोग नाचे।

#### विवाह का सुनाया प्रसंग

कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था।लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत मैं भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गणेश तिवारी, शिवदत्त तिवारी , दीपक तिवारी, अनुराग मिश्रा, सविनय तिवारी, बी के दुबे सहित बड़ी संख्या मै श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को 3.13 लाख रूपये भुगतान करने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला उपभोक्ता फोरम ने एक डॉक्टर के अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने पर क्लेम खारिज करने वाली बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया है। आयोग ने कंपनी को न सिर्फ रिपेयरिंग की राशि लौटाने का आदेश दिया है, बल्कि 9% ब्याज और मानसिक प्रताड़ना का हर्जाना भी लगाया है।

अस्पताल संचालक डॉ. उमा निगम ने नवंबर 2021 में अपने अस्पताल के लिए एक 'डॉपलर अल्ट्रासाउंड स्कैनर' खरीदा था। सुरक्षित निवेश के तौर पर उन्होंने इसका बकायदा बीमा भी कराया था। कुछ समय बाद मशीन ने काम करना बंद कर दिया। जब कंपनी के टेक्नीशियन ने इसकी जांच की, तो



पता चला कि मशीन का 'प्रोब फेल्योर' (मुख्य हिस्सा खराब) हो गया है। डॉक्टर ने मशीन को ठीक कराने के लिए अपनी जेब से 3,30,400 रूपये का भुगतान किया। इसके बाद जब उन्होंने बीमा कंपनी के पास क्लेम (नुकसान की भरपाई) के लिए आवेदन किया, तो कंपनी ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि ₹यह खराबी ब्रेकडाउन के दायरे में नहीं आती₹ और क्लेम रिजेक्ट कर दिया।

बीमा कंपनी की इस मनमानी के खिलाफ डॉ. निगम ने अधिवक्ता शहबाज खान के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप और सदस्यों के सामने बीमा कंपनी ने अपना बचाव तो किया, लेकिन अपने तर्कों के समर्थन में कोई भी पुख्ता कानूनी या तकनीकी दस्तावेज पेश नहीं कर सकी। उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बीमा कंपनी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया है कि वह 45 दिनों के भीतर डॉ. उमा निगम को 3,13,880 रूपये का भुगतान करे। इसके साथ ही, कंपनी को 1 फरवरी 2021 से लेकर भुगतान के दिन तक 9% की दर से वार्षिक ब्याज भी देना होगा। मानसिक परेशानी और सेवा में कमी के लिए 5,000 रूपये का अतिरिक्त हर्जाना भी लगाया गया है।

**सुन्नी मुस्लिम काज़ियात कमेटी ने जताया बयानों पर रोष**

# नाजिया इलाही खान पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

## रासुका की कार्यवाही करवाने की मांग लेकर थाने पहुँचा प्रतिनिधि मण्डल

**जबलपुर।** इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद मुस्तफा साहब व उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीका की शान में गुस्ताखी करने वाली नाजिया इलाही खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते उस पर रासुका लगाने की मांग को लेकर सुन्नी मुस्लिम काज़ियात कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे साहब के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल द्वारा पुलिस थाना ओमती, जबलपुर को चर्चा उपरांत प्रतिवेदन सौंपा गया जिसमें नाजिया इलाही खान पर ज़ीरो एफआईआर की कायमी करने की मांग की गई।



सुन्नी मुस्लिम काज़ियात कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे साहब ने बताया कि आरोपी नाजिया इलाही खान द्वारा अशोभनीय व अपमानजनक कृत्य किया गया उक्त कृत्य धार्मिक स्वंत्रता पर प्रहार, धार्मिक विध्वंशता, नफरत व कटुता फैलाने, इस्लाम धर्म से ईर्ष्या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का घृणित कृत्य कारित करते अल्लाह, मज़हबे इस्लाम, इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) व उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा सिद्दीका (र.अ.) के विरुद्ध अति आपत्तिजनक टिप्पणी करते सांप्रदायिक विद्वेष का विष फैलाने के अपराध में आरोपी नाजिया इलाही खान के द्वारा संज्ञेय अपराध कारित किया गया है।

सुन्नी मुस्लिम काज़ियात कमेटी प्रदेश विधिक सलाहकार एडवोकेट तकमील नासिर द्वारा पुलिस को बताया गया कि अगर किसी शिकायत के द्वारा संज्ञेय अपराध के गठित होने का खुलासा होता है, तो उक्त मामले में पुलिस को एफ.आई.आर. दर्ज करना अनिवार्य है जैसा की माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ललिता कुमारी विरुद्ध उत्तरप्रदेश राज्य व अन्य (2014) 2 SCC 1 में अवधारित किया गया है इसके अतिरिक्त संज्ञेय अपराध पर आज्ञापद है की आपराधिक कृत्य कारित होने पर पुलिस द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज किया जाना आवश्यक है जैसा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रियंका श्रीवास्तव विरुद्ध उत्तरप्रदेश राज्य क्रिमिनल अपील नम्बर 781/2012 में अवधारित किया गया है एवं उक्त न्यायदृष्टान्त के प्रकाश में नाजिया इलाही खान द्वारा कारित उक्त घटिया कृत्य भी संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त प्रतिनिधि मण्डल में प्यारे साहब, एडवोकेट तकमील नासिर, मोहम्मद शमीम, यासीन खान, आमिर आज़ाद अंसारी, तशकील फारान, मोहम्मद मोहसिन, इख्लाक खान, रज़्ज़ाक खान, नवाज़ अख्तर आदि मौजूद रहे।

# युवा आयाम प्रज्ञा प्रवाह रादुविवि स्टडी सर्किल ने आयोजित की हेरिटेज वॉक

## जीविका आश्रम में युवाओं ने ग्रामीण जीवन, लोककला और भारतीय संस्कृति को जाना

**जबलपुर।** युवा आयाम प्रज्ञा प्रवाह महाकौशल विचार मंच महाकौशल रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय स्टडी सर्किल जबलपुर जिले की मझौली तहसील के इंद्राणा गांव स्थित जीविका आश्रम में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। विंध्य पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों के बीच स्थित इस आश्रम में प्रतिभागियों ने भारतीय ग्रामीण जीवन, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का निकट से अनुभव प्राप्त किया। हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने विलुप्त होती लोककलाओं, पारंपरिक शिल्प, लोकसंगीत तथा ग्रामीण जीवनशैली का अवलोकन किया। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय कारीगरों की कार्यशैली और भारतीय संस्कृति की जड़ों को समझने का अवसर मिला। आश्रम में लोहा, लकड़ी, हस्तशिल्प, नक्काशी एवं अन्य पारंपरिक ग्रामीण कलाओं का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने युवाओं को भारतीय लोक संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचय कराया।इस अवसर पर डॉ. आशीष यादव ने कहा कि जीविका आश्रम का प्रवास उनके लिए आजीवन स्मरणीय अनुभव रहा, जहां उन्हें भारतीय ग्रामीण जीवनशैली, परंपराओं और संस्कृति को निकटता से देखने एवं समझने का अवसर मिला।



समूह की सदस्य शालिनी सिंह ने कहा कि आज जब महानगरों की चकाचौंध के कारण ग्रामीण जीवन से जुड़ाव लगातार कम होता जा रहा है, ऐसे समय में जीविका आश्रम उन्हें गांव की शैली और भारतीय संस्कृति को निकट से जानने, समझने तथा अनुभव करने का अविस्मरणीय अवसर प्रदान किया।

भ्रमण के दौरान डॉ. निखिल चौरसिया, नवीन धनवार, खुशी, कन्हैया, पल्लवी, सृष्टि, संतोष, अरुष्का, दीपांश, प्रिया, हिमांशु, परी, वरद, मानस, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में भारतीय सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं ग्रामीण जीवन के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता तथा आत्मीय जुड़ाव विकसित करना था।



# जल संकट को लेकर कांग्रेस पार्षद मिले निगम आयुक्त से

**जबलपुर।** रांझी क्षेत्र अंतर्गत गोकलपुर, बिलपुरा, मढ़ई के वार्ड एवं अन्य वार्डों में भीषण जल संकट व्याप्त है। टैंकरों से पानी बेचा जा रहा है, वहीं जलशोधन संयंत्र से प्राईवेट टैंकरों से पानी बेचा जा रहा है। बताया गया एक टाईम पानी देने की बात कही गई थी, परंतु एक टाईम भी पानी बंद कर दिया गया है, वहीं गोकलपुर, बिलपुरा एवं मढ़ई आदि क्षेत्रों में भेदभावपूर्ण टैंकर से आपूर्ति की जा रही है। आम जनता पानी के लिए भटक रही है, निगम सत्ता मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। इन्हीं सब मांगों को लेकर 26 जून को कांग्रेस पार्षदों का एक प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से भेंट की और जल संकट को लेकर चर्चा की। साथ ही जलप्रभारी कमलेश श्रीवास्तव से जल संकट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार द्वारा तत्काल टैंकर बढ़ाने एवं समुचित पानी व्यवस्था के लिए कमलेश श्रीवास्तव को आदेशित किया गया। इस अवसर पर एक ज्ञापन आयुक्तको सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि गोकलपुर, मढ़ई, बिलपुरा एवं अन्य वार्डों में टैंकर व्यवस्था बढ़ाई जाये। टैंकर आपूर्ति की व्यवस्था निगम प्रशासन की निगरानी में हो। कुंओं की सफाई की जाये। रांझी में नये हाईडेंट लगाये जायें। कुंओं में पम्प डालकर पानी की सप्लाई की जाये। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, राजेश यादव, मथुरा प्रसाद चौधरी, अनुपम जैन, रामकुमार यादव, कमलेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कल्चुरी डायग्नोस्टिक्स एंड हेल्थ केयर का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**जबलपुर।** कल्चुरी डायग्नोस्टिक्स एंड हेल्थ केयर, भारत कॉलोनी, मदन महल, जबलपुर द्वारा 28 जून 2026 को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जबलपुर एवं आसपास के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता और प्रारंभिक जांच की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।



इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में डॉ. जीडी मेहरा (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. रितेश शुक्ला (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. रौनक सिंघई (फेफड़ा रोग विशेषज्ञ), डॉ. अक्षय ताम्रकर (ईएनटी सर्जन), डॉ. अभिषेक सिंह (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) तथा डॉ. अक्षय त्रिवेदी (ऑर्थोपेडिक सर्जन) ने अपनी सेवाएं दीं। इस प्रकार के शिविर समय पर रोग पहचान, स्वास्थ्य जागरूकता और रोकथाम में सहायक होते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का लाभ उठाया और स्वास्थ्य जांच कराई। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कल्चुरी डायग्नोस्टिक्स एंड हेल्थ केयर, भारत कॉलोनी, जबलपुर द्वारा 28 जून 2026 को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



# दाज़लिंग दीवा क्लब ने आयोजित किया "वेलकम" कार्यक्रम

## स्पोर्ट्स थीम पर आधारित आयोजन ने सभी सदस्यों का दिल जीत लिया

**जबलपुर।** दाज़लिंग दीवा क्लब की प्रेसिडेंट प्रियंका कालचुरी अग्रवाल के नेतृत्व में "वेलकम" कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में क्लब की डायरेक्टर्स विशेका मुक्कर, अलका जगवानी, रितिका सदाना, मनीषा श्रीवास्तव, प्रियंका माहेश्वरी और एनी मक्कर एवं नीना चंडोक का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम में फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डाइट और जिम से जुड़े कई रोचक खेल एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें पुश-अप्स प्रतियोगिता, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), कबड्डी, खेलों से संबंधित प्रश्नोत्तरी (स्पोर्ट्स क्विज़) और स्पोर्ट्स थीम हाउजी मुख्य आकर्षण रहे। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। मनोरंजन के साथ-साथ स्वादिष्ट खान-पान की भी बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# पुनर्जीवित मेख सरोवर तट पर चला हरियाली का महाअभियान

**जबलपुर।** 25 हजार पौधारोपण का संकल्प हरियाली का महाअभियान पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत मेख जनपद पंचायत गोटेगांव स्थित 21 एकड़ में पुनर्जीवित ऐतिहासिक मेख सरोवर के तट पर पर्यावरणविद् एवं शिक्षाविद् डॉ. मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 501 पौधों का पौधारोपण किया गया। 25 हजार पौधे लगाने के अपने संकल्प के तहत आयोजित इस अभियान में जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह, जनपद पंचायत मेख की सीईओ दीक्षा जैन, सरपंच रेखा ठाकुर, प्राणी मित्र संस्था के डॉ. विनय पटेल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों और एन.ई.एस. बी.एड. कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने रोपे गए पौधों के संरक्षण के लिए शीघ्र फेंसिंग कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल हरियाली बढ़ाने का अभियान नहीं, बल्कि जल स्त्रोतों के संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने का संकल्प है। डॉ. यादव ने बताया कि उनका अभियान अब शहर से निकलकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच रहा है और समाज की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।



# डॉ. शिखा ताम्रकार को मिली (विद्यावाचस्पति) पीएचडी उपाधि

**जबलपुर।** डी.एन. जैन महाविद्यालय जबलपुर में (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र विभाग) कार्यरत डॉ. शिखा ताम्रकार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में पी.एच.डी. की उपाधि मध्यप्रदेश के कृषि विकास में सिंचाई परियोजनाओं का आर्थिक विश्लेषण (जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में) शोध शीर्षक पर प्रदान की गई। शिखा ने अपना शोध कार्य डॉ. ममता पाठक (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग) हितकारिणी महिला महाविद्यालय के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ. शिखा ताम्रकार जीवन लाल ताम्रकार (मास्टर साहब), सावित्री ताम्रकार की (पुत्री), प्रमोद ताम्रकार, श्यामली ताम्रकार, मंजू ताम्रकार, दिलीप ताम्रकार, कु. मृदुला ताम्रकार की (बहन) एवं शुभी ताम्रकार एवं खुशी ताम्रकार की मौसी हैं। इस उपलब्धि से महलवार परिवार एवं ताम्रकार समाज हर्षित एवं गौरवान्वित है। शिखा ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शुभचिंतकों को दिया।




# नया मोहल्ला में विशाल लंगर-ए-आम का आयोजन आज

**जबलपुर।** शहीद-ए-आज़म हज़रत इमाम हुसैन आली मुकाम रज़ियल्लाहु अन्हु की याद में प्रति वर्षानुसार 29 जून, सोमवार को नया मोहल्ला स्थित बंद कुआँ प्रांगण में वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू वसीम खान के सौजन्य से विशाल लंगर-ए-आम का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9:00 बजे क़ुरआन ख़्वानी एवं नज़र-ओ-नियाज़ पेश की जाएगी। इसके पश्चात उपस्थित अकीदतमंदों एवं शहरवासियों के लिए विशाल लंगर-ए-आम तकसीम किया जाएगा। जावेद खान एवं नजीब खान ने समस्त शहरवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लंगर में शामिल होने की अपील की है।

# मुफ्ती-ए-आज़म मप्र ने मुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन पर प्रशासन व मीडिया का जताया आभार

**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी एवं मुस्लिम इस्लाह कमेटी के पदाधिकारियों ने हाजी क़दीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, मुबारक अली क़ादरी, हाजी मुईन खान, ज़मा खान, याक़ूब अंसारी, प्यारे साहब, अकबर खान सरवर, सैय्यद कादिर अली कादरी, ख़लीफ़ा इनायत क़ादरी, शमीम अंसारी (गुड्डू भाई), इनायत अली शाह, नियाज़ मंसूरी, जवाहर क़ादरी, अशरफ़ राईन सहित अन्य सदस्यों ने मुहर्रम के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

कमेटी ने कहा कि इस वर्ष मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और कौमी एकता के वातावरण में संपन्न हुआ, जो जबलपुर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और संस्कारधानी की पहचान को दर्शाता है।

मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश ने अपने बयान में मुहर्रम के दौरान कुछ स्थानों पर पेयजल की कमी का भी उल्लेख करते हुए नगर निगम से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसे धार्मिक आयोजनों के दौरान पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि अकीदतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त सहित सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी सक्रियता, समन्वय और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों से मुहर्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मुफ्ती ए आजम व कमेटी ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भी सराहना करते हुए कहा कि मीडिया ने पर्व से जुड़ी सटीक एवं सकारात्मक जानकारी प्रसारित कर शांति, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में, शहरवासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सभी समुदायों के सहयोग और सहभागिता से एक बार फिर जबलपुर ने कौमी एकता और भाईचारे की मिसाल कायम की है।

# बिना किसी शुल्क के लगाए जाएंगे आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक हाथ

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में सामाजिक सरोकारों और मानवता की सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था प्रथम अंश फाउंडेशन अब दिव्यांगजनों के जीवन में स्वावलंबन और उम्मीद की एक नई रोशनी लाने जा रही है। संस्था द्वारा इनाली फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से जबलपुर में आगामी 15 और 16 अगस्त को एक विशाल 'निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक हाथ कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजित एक विशेष पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रथम अंश फाउंडेशन के अध्यक्ष राघवेंद्र दत्त तिवारी ने बताया कि इस अनूठे शिविर का मुख्य ध्येय "दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना, जीवन को सक्षम बनाना" और "एक समावेशी समाज का निर्माण करना" है।

### त्योहारों की खुशियों से लेकर आत्मनिर्भरता के सफर तक

पत्रकार वार्ता के दौरान संस्था के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि प्रथम अंश फाउंडेशन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जबलपुर के जरूरतमंदों का एक सुदृढ़ संबल है। शहर का कोई भी त्योहार हो चाहे दीपावली हो, होली हो या कोई अन्य पावन अवसर संस्था के सेवाभावी सदस्य समय-समय पर समाज के अंतिम छोर पर बैठे वंचितों, बेसहारा लोगों और बच्चों के बीच पहुँचकर खुशियाँ बांटते हैं और उनके हक के लिए




मजबूती से खड़े होते हैं। हर त्योहार पर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने की इसी निरंतर सेवा यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, संस्था ने अब आगामी 15 और 16 अगस्त को होने वाले इस भव्य 'निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक हाथ कैंप' के रूप में एक बेहद अनूठी और नई मानवीय पहल की शुरुआत की है।

### क्या है इस नई पहल का उद्देश्य?

राघवेंद्र दत्त तिवारी ने कहा कि अक्सर किसी दुर्घटना, बीमारी या जन्मजात कारणों से जो लोग अपना हाथ खो देते हैं, वे न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से भी खुद को असहाय महसूस करने लगते हैं। हमारा प्रयास उन्हें समाज में फिर से सिर उठाकर जीने का हौसला देना है। आधुनिक रोबोटिक/इलेक्ट्रॉनिक तकनीक के माध्यम से हम उन्हें ऐसे कृत्रिम हाथ प्रदान करेंगे, जिससे वे अपने दैनिक कार्य स्वयं कर सकें और किसी पर निर्भर न रहें। यह तकनीक उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का एक नया सवेरा लेकर आएगी।

### कैंप की मुख्य विशेषताएँ और नियम

1. आयोजन की तिथियाँ- यह विशेष कैंप आगामी 15 और 16 अगस्त को जबलपुर में आयोजित किया जाएगा।2. पूर्णतः निःशुल्क सेवा- इस शिविर में चयनित होने वाले किसी भी हितग्राही से कृत्रिम हाथ (इलेक्ट्रॉनिक हैंड) या फिटिंग के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पूरी तरह से मुफ्त सेवा है।3. आधुनिक तकनीक (कृत्रिम हाथ)- प्रदान किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक हाथ अत्याधुनिक सेंसर तकनीक पर आधारित हैं, जिनकी मदद से लिखने, सामान उठाने और अन्य जरूरी काम करने में आसानी होती है।

4. महाकौशल क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर- जबलपुर में आयोजित होने वाले इस कैंप का लाभ जबलपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद दिव्यांग उठा सकते हैं।अग्रिम पंजीकरण अनिवार्य- शिविर के सुव्यवस्थित संचालन और सीमित सीटों को देखते हुए हितग्राहियों का एडवांस रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। संस्था ने अपील की है कि आपके आस-पास यदि ऐसा कोई भी व्यक्ति है जिसे इसकी आवश्यकता है, तो तुरंत नीचे दिए गए आधिकारिक नंबरों पर संपर्क कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करवाएं।संपर्क सूत्रः 7566444492, 8668724001, 9834265826, 9300444492, 9617557600 आवश्यक दस्तावेज- पंजीकरण के समय आवेदक को अपना आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि हो) और प्रभावित हाथ की कोहनी/कलाई के हिस्से की दो स्पष्ट तस्वीरें वॉट्सएप या संस्था के कार्यालय में जमा करानी होंगी। अंत में, प्रथम अंश फाउंडेशन ने संस्कारधानी के समस्त मीडिया बंधुओं से करबद्ध प्रार्थना की है कि इस पुण्य कार्य, आयोजन की तिथियों (15 व 16 अगस्त) और इस नई पहल को अपने सम्मानित समाचार पत्र/चैनल/पोर्टल के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि कोई भी जरूरतमंद इस ऐतिहासिक कैंप के लाभ से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी (रघु तिवारी), संरक्षक शान्तनु सोनकर, लीगल एडवाइज़र पराग रैकवार, सचिन कुमार राजपूत, प्रेम, दीपेश राय, अमित पंडित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डीटीयू-एसरी करेंगे जियो एआई केंद्र स्थापित

**नई दिल्ली।** एसरी इंडिया ने जियो एआई शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत डीटीयू में जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज का एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र का उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं और डेटा वैज्ञानिकों को विश्वस्तरीय जियोस्पैटियल तकनीकों और जियो एआई क्षमताओं से लैस करना है। वैश्विक स्तर पर प्रख्यात आर्कजीआईएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से तकनीकी सहयोग प्रदान करेगी।

### सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी लांच

**सियोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी लोकप्रिय गैलेक्सी ए सीरीज का नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए27 5जी लांच करने की घोषणा की है। कंपनी का दावा है कि नया स्मार्टफोन शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स के साथ यूजर्स को बेहतर मोबाइल अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी ए27 5जी की सफलता के बाद पेश किए गए इस नए मॉडल में कई महत्वपूर्ण अपग्रेड किए गए हैं। गैलेक्सी ए27 5जी में 6.7 इंच का सुपर डिस्प्ले दिया गया है।

### विनीत का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** मल्टी-ब्रांड मोबाइल रिटेल कंपनी विनीत मोबाइल लिमिटेड 30 जून 2026 से अपना एसएमई आईपीओ निवेशकों के लिए खोलने जा रही है। कंपनी इस सार्वजनिक निर्गम के जरिए 34.13 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। यह इश्यू पूरी तरह फ्रेश इश्यू होगा, जिसके तहत 21.60 लाख इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी ने आईपीओ के लिए 150 से 158 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशक 800 शेयरों के एक लॉट के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह इश्यू 2 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### होम क्रेडिट का 'लोन मिलेगा' अभियान लांच

**नई दिल्ली।** होम क्रेडिट इंडिया ने नई ब्रांड फिल्म सीरीज लोन मिलेगा के तहत एक नया अभियान लांच किया है। यह अभियान मजेदार तरीके से दिखाता है कि कैसे होम क्रेडिट आसान ऋण प्रदान करके पारिवारिक असहमति को दूर करता है और सपनों को सच करता है। यह ब्रांड अभियान होम क्रेडिट के व्यापक दर्शन जिंदगी हिट को आगे बढ़ाता है।

---

मांग सालाना करीब 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

# 2030 तक करीब 1,520 बिलियन पहुंचेगा हीरा आभूषण बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में प्राकृतिक हीरों (नेचुरल डायमंड) के आभूषणों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी के साथ भारत अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा आभूषण बाजार बन गया है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, देश में हीरा आभूषणों की मांग सालाना करीब 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि वर्ष 2019 में यह वृद्धि लगभग 10 प्रतिशत थी। बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय बाजार में महिलाओं और युवा उपभोक्ताओं के बीच प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक हीरा आभूषणों की मांग में भारत की हिस्सेदारी अब करीब 12 प्रतिशत हो गई है और देश ने इस मामले में चीन और जापान जैसे बाजारों को भी पीछे छोड़ दिया है।

भारत में हर 100 महिलाओं में 15 महिलाएं खरीद रहीं हीरों के आभूषण

भारत ने चीन और जापान जैसे बाजारों को भी पीछे छोड़ दिया


फाइल फोटो

**हीरा आभूषणों की मांग में और तेजी देखने को मिलेगी**

भारत में हर 100 महिलाओं में लगभग 15 महिलाएं हीरों के आभूषण खरीदती हैं, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 70 प्रतिशत के करीब है। उनका मानना है कि आने वाले वर्षों में भारत में भी हीरा आभूषणों की मांग में तेज बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार, मिलेनियल्स और जेन जेड उपभोक्ता अब भारत के प्राकृतिक हीरा बाजार मूल्य का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। यह वर्ग हीरों को केवल आभूषण नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, प्रामाणिकता और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक मानता है। रिपोर्ट के अनुसार, एक उपभोक्ता औसतन 1.98 लाख रुपए हीरा आभूषणों पर खर्च करता है। इधर डी बीयर्स इंडिया ने कई प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है। इसके अलावा कंपनी जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सहयोग से छोटे ज्वेलर्स तक पहुंच बना रही है। इस पहल के तहत हीरा आभूषणों की बिक्री बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक डिजाइन, नई तकनीकों और बेहतर निर्माण प्रक्रियाओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। डी बीयर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यदि वर्तमान रफ्तार बनी रही तो भारत का प्राकृतिक हीरा आभूषण बाजार 2030 तक 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर करीब 1,520 बिलियन रुपए तक पहुंच सकता है।

नई तकनीकों और बेहतर निर्माण प्रक्रियाओं को भी बढ़ावा दिया

---

मध्यप्रदेश की चार विशिष्ट कृषि उपजों को मिला जीआई टैग, बोले कृषि मंत्री कंसाना

# हम उत्पादों की ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन निर्यात को दे रहे सर्वोच्च प्राथमिकता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की चार पारंपरिक कृषि उपजों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिलने से प्रदेश के किसानों, विशेषकर महाकौशल और आदिवासी क्षेत्रों के किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी, बैगानी अरहर और छत्रिय धान को जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है।


इसी संकल्प के तहत किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के सहयोग तथा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के तकनीकी प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और निर्यात को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि चार कृषि उपजों को जीआई टैग मिलना प्रदेश के किसानों के लिए गर्व का विषय है और इससे उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने कहा कि जीआई टैग स्थानीय कृषि विरासत के संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। वहीं, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि मंडी बोर्ड भविष्य में भी प्रदेश की अन्य विशिष्ट कृषि उपजों के जीआई पंजीयन और वैश्विक ब्रांडिंग के लिए सक्रिय सहयोग देता रहेगा।



**किसानों को मिलेगा बेहतर दाम बढ़ेगी वैश्विक पहचान**

जीआई टैग मिलने से इन कृषि उत्पादों को कानूनी संरक्षण मिलेगा, उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता मजबूत होगी। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ कृषि निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से महाकौशल के आदिवासी क्षेत्रों में उत्पादित इन फसलों की मांग बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही पारंपरिक कृषि पद्धतियों, जैव विविधता और स्थानीय कृषि विरासत के संरक्षण को भी बल मिलेगा। जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात के नए अवसर विकसित होंगे, जिससे कृषि आधारित उद्योगों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।


### कृषि उपजों के जीआई पंजीयन और ब्रांडिंग में सक्रिय भूमिका निभाएगा मंडी बोर्डः एमडी कुमार पुरुषोत्तम



बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है कि मंडी बोर्ड भविष्य में भी प्रदेश की विशिष्ट कृषि उपजों के भौगोलिक संकेतक (जीआई) पंजीयन और उनकी ब्रांडिंग में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि जीआई टैग मिलने से प्रदेश की पारंपरिक एवं विशिष्ट कृषि उपजों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलती है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों की विश्वसनीयता और बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ती है। एमडी ने कहा कि मंडी बोर्ड का उद्देश्य प्रदेश की अधिक से अधिक विशिष्ट कृषि उपजों का जीआई पंजीयन कराना, उनकी प्रभावी ब्रांडिंग करना और उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभिन्न विभागों और संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश को कृषि विपणन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

---

दुग्ध संघ ने दुग्ध उत्पादकों को दी सौगात



# दूध खरीदी दर में वृद्धि, उत्पादकों को मिलेगा 870 रुपए प्रति किलोग्राम फैट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ ने दुग्ध उत्पादकों को बड़ी सौगात देते हुए दूध खरीद दर में एक बार फिर ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। संघ ने दूध की खरीद दर बढ़ाकर 870 रुपए प्रति किलोग्राम फैट कर दी है, जो 26 जून 2026 से प्रभावी हो गई है। इसे भोपाल दुग्ध संघ के इतिहास की अब तक की सर्वाधिक खरीद दर बताया जा रहा है।

एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने बताया कि राज्य सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुए सहकारिता समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नई दुग्ध समितियों का गठन किया गया है। इसके तहत संघ के कार्यक्षेत्र में 50 हजार से अधिक नए पशुपालकों को जोड़ा गया है।

**पशुपालकों में खुशी की लहर**

दूध खरीद दर में बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की व्यवस्था से दुग्ध उत्पादकों और सहकारी समितियों में उत्साह का माहौल है। पशुपालकों का कहना है कि यह निर्णय उनकी आय बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालन व्यवसाय को और अधिक लाभकारी बनाएगा। दुग्ध उत्पादकों और विभिन्न समितियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे किसानों और पशुपालकों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। भोपाल दुग्ध संघ का मानना है कि बढ़ी हुई खरीद दर से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी सकारात्मक बढ़ोतरी होगी। यह निर्णय प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

---

## एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल ने जीता ग्लोबल उत्कृष्ट कंपनी का खिताब, इतिहास रच दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल ने प्रतिष्ठित उत्कृष्ट कंपनी में सर्जिकल रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी उद्योग अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। कंपनी ने इस श्रेणी में दुनिया की अग्रणी सर्जिकल रोबोटिक्स कंपनियों जैसे इंट्यूटिव, मेडट्रॉनिक, जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक, डिस्टलमोशन, मेरिल, माइक्रोपोर्ट, थिंक सर्जिकल, फ्यूटेक और प्रिसिजन आईओ ग्रुप को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। एसआरटी उद्योग पुरस्कारों में सेलबोटिक्स क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार शामिल हैं। इसका आयोजन सर्जिकल रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी और क्यूएनएक्स के सहयोग से किया जाता है। ये पुरस्कार रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता, व्यावसायिक उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। एसएस इनोवेशन संस्थापक और सीईओ डॉ. अंतःशिरा ने कहा कि एसआरटी इंडस्ट्री अवार्ड्स में उत्कृष्ट कंपनी पुरस्कार जीता एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल और पूरे भारत के लिए गर्व की बात है।




---

## एसबीआई कार्ड ने जागरूकता पर दिया जोर

# डिजिटल भुगतान में बढ़ा फ्रॉड का खतरा, सतर्कता की सलाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन लेन-देन के बढ़ते चलन के साथ साइबर धोखाधड़ी के मामलों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर वित्तीय संस्थाएं जागरूकता बढ़ाने और उन्नत सुरक्षा उपाय अपनाने पर विशेष जोर दे रही हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, देश में दर्ज कुल वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 74 प्रतिशत हिस्सेदारी कार्ड और इंटरनेट आधारित फ्रॉड की रही। इन घटनाओं के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव और असुविधा का भी सामना करना पड़ता है। बदलती डिजिटल जीवनशैली में ग्राहक अब खरीदारी, यात्रा बुकिंग, बिल भुगतान और रोजमर्रा के खर्चों के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। इसी बढ़ते उपयोग का फायदा उठाकर साइबर अपराधी नए और अधिक उन्नत तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं।

ग्राहकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसबीआई कार्ड आधुनिक सुरक्षा तकनीक, मजबूत डेटा सुरक्षा, 24x7 लाइव चैट सहायता और ग्राहक जागरूकता अभियानों के माध्यम से सुरक्षित डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पर एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलिला पांडे ने कहा कि डिजिटल भुगतान और क्रेडिट कार्ड उद्योग का भविष्य ग्राहकों के विश्वास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगातार उन्नत सुरक्षा ढांचे और डेटा सुरक्षा में निवेश कर रहा है। लेकिन बदलते साइबर फ्रॉड के दौर में ग्राहकों की सतर्कता सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है।

---

## राशिफल

**मेष** — आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृष** — आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** — दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।

**कर्क** — भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।

**कन्या** — स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।

**तुला** — संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक** — गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।

**धनु** — यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।

**मकर** — करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।

**कुंभ** — सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।

**मीन** — दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

---

## आईडीए के डिजाइन स्टूडेंट्स का हुनर चमका, रोमानिया फैशन वीक में होगा प्रदर्शन

**जबलपुर।** विजय नगर स्थित इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए) द्वारा साउथ एवेन्यू मॉल में दो दिवसीय डिजाइन एक्सपो एंड एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। शुभारंभ आईडीए की फाउंडर एवं डायरेक्टर बतुल अली ने किया। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को पहचान दिलाना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रिंट और मिरर वर्क पर आधारित आकर्षक परिधान प्रस्तुत किए, जबकि इंटीरियर डिजाइन के विद्यार्थियों ने रेजिडेंशियल व कमर्शियल आर्किटेक्चरल मिनिएचर मॉडल्स प्रदर्शित किए, जिन्हें विशेषज्ञों ने सराहा। बतुल अली ने बताया कि आईडीए के विद्यार्थियों की भारतीय पारंपरिक कला पर आधारित डिजाइन 29 जुलाई को रोमानिया फैशन वीक में भी प्रदर्शित की जाएंगी, जो जबलपुर के लिए गौरव की बात है। प्रदर्शनी के दौरान शहर के डिजाइन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन कर कई प्रतिभागियों का इंटर्नशिप के लिए चयन भी किया। आयोजन में इंटीरियर और फैशन डिजाइन के 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में फैकल्टी सदस्यों कुरुई अली, अमृता गुप्ता, आशा मंझानी, काजोल सिंह ठाकुर, सम्राट सराफ, मुस्कान मतानी, आजरा अंसारी, दक्षिता जैन, सृष्टि कुशवाहा, निमिशा यादव, एशा धमान, मुर्तजा अली और मुस्तफा अली का विशेष सहयोग रहा।





### श्रीराम फाइनेंस ने वरिष्ठ मैनेजर सचिन के निधन पर जताई संवेदना

भोपाल। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने अपने वरिष्ठ रिलेशनशिप मैनेजर सचिन सेन के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे कंपनी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। कंपनी ने कहा कि इस कठिन समय में उसकी संवेदनाएं सचिन सेन के परिवार, प्रियजनों और सहकर्मियों के साथ हैं। कंपनी द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रीमियम संग्रह से जुड़ी कुछ शिकायतों की आंतरिक जांच के दौरान सचिन सेन को सहयोग के लिए कार्यालय बुलाया गया था।

---

## शब्द पहेली - 6271



**बाएं से दाएं-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत काटने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. प्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त, मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेंहदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली - 6270 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6281

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6280 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

**मुंबई।** 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।



लाइफ Style

# ईशा

## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार हैं। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।


आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'

हॉलीवुड मसाला



# 10 साल बाद अलग हुए कोर्टनी-जॉनी

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी शो 'फ्रेंड्स' की अभिनेत्री कोर्टनी कॉक्स और 'स्नो पेट्रोल' बैंड के म्यूजिशियन जॉनी मैकडैड का रिश्ता अब खत्म हो गया है। दोनों 10 साल से भी ज्यादा समय से साथ थे। कोर्टनी कॉक्स और जॉनी मैकडैड की मुलाकात साल 2013 के आखिर में एक हाउस पार्टी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू की। रिश्ते के 9 महीने बाद ही दोनों ने सगाई कर ली थी, लेकिन 2015 के आखिर में उनकी सगाई टूट गई। साल 2016 में दोनों फिर से साथ आ गए, लेकिन इस बार उन्होंने दोबारा सगाई नहीं की।



# टायरेस ने की शिव की पूजा चढ़ाया दूध; मार्टिन को किया याद

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और सिंगर टायरेस गिब्सन हाल ही में भारत आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक संदेश शेयर करते हुए अपनी भारत की यात्रा को 'जिंदगी बदलने वाला' और एक आध्यात्मिक सफर बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत का यह सफर उनके जीवन के एक बड़े और प्रेरणादायक बदलाव की शुरुआत है। टायरेस गिब्सन ने इंस्टाग्राम पर मुंबई के एक मंदिर की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसमें वह शिवलिंग पर दूध चढ़ाते और आरती करते नजर आ रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने साल 1959 में डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की भारत यात्रा का जिक्र किया। टायरेस ने लिखा, 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग भी गांधी जी के विचारों को समझने भारत आए थे। उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ने उन्हें प्यार करना सिखाया, लेकिन महात्मा गांधी ने उन्हें अहिंसा का रास्ता दिखाया। उस यात्रा ने इतिहास बदल दिया था।'



# उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार

**मुंबई।** इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए...।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।



# भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल

**मुंबई।** 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला।

टीवी मसाला



# सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाईं। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था। खबर में लिखा था, 'जब तक पति पत्नी साथ हों तो अंखियों से गोली मारे। जब थर्ड पार्टी आ जाए तो घुटनों पर गोली मारे।' इस पर सुनीता ने जवाब दिया, 'सुन रहे हो चीची (गोविंदा) तो सुन लेना। घुटनों पर गोली तभी लगती है जब कोई लाइफ में आ जाती है। वो भी मैंने झूठ नहीं बोला।' वह आगे कहती हैं, 'वैसे मेरा निशाना मिस नहीं होता है।' इस बात पर फराह भी कहती हैं कि सुनीता ने कहा था कि वह घुटनों पर नहीं सीने पर गोली मारती। बता दें कि गोविंदा को घर पर बंदूक साफ करते हुए घुटनों पर गोली लग गई थी। वह कई दिन हॉस्पिटल में रहे। इसी बात पर अब सुनीता ने तंज कसा है। कुछ महीने पहले सुनीता आहूजा ने एक पॉडकास्ट में अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने गोविंदा पर धोखा देने का आरोप लगाया। पत्नी सुनीता के आरोपों पर गोविंदा ने खुलकर बात की है। अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था।

# तलाक की खबर को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर गौरव-आकांक्षा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' विनर और टीवी के चर्चित एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा ने रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपने अलगाव की बात



सामने रखी। इस खबर को सुनकर फैंस चौंक गए। इस वजह से गौरव और आकांक्षा को ट्रोल भी कर रहे हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के शुरुआती एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह लगभग एक साल से पति गौरव खन्ना से अलग रह रही हैं। दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। बीते दिनों इस कपल को जिस तरह से फैंस ने एक साथ देखा था, उससे अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इनका डिवोर्स होने वाला है। वहीं, कुछ यूजर्स इस पूरे मामले को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। एक यूजर ने गौरव और आकांक्षा के डिवोर्स की खबर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कोई डिवोर्स नहीं हो रहा है, टीआरपी और लाइमलाइट में आने के लिए हो रहा है।

# 'गुलाबी साड़ी' गाने में रितेश और अंजलि का तगड़ा डांस...

**मुंबई।** अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख जैसे कलाकरों से सजी फिल्म 'धमाल 4' का एक और गाना रिलीज हो गया है। संजू का 'गुलाबी साड़ी' नया ट्रैक है जिस पर फैंस भी झूम रहे हैं। गाने में अंजलि आनंद और रितेश ने कमाल का डांस किया है। 'धमाल 4' के रिलीज होने में दो हफ्ते से भी कम समय बचा है और इसका प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। इसका ट्रेलर लॉन्च 12 जून को मुंबई के बाहरी इलाके में मौजूद मशहूर एम्यूजमेंट पार्क, 'इमैजिका' में हुआ था। अब हम आपके लिए 'धमाल 4' का एक और नया गाना लेकर आए हैं जो रविवार को ही रिलीज हुआ है और फैंस को ये खूब पसंद भी आ रहा है। 27 जून को रितेश देशमुख और अंजलि आनंद मुंबई के एक मॉल में 'धमाल 4' के गाने 'साड़ी' को बड़े शानदार तरीके से लॉन्च करने आए। दोनों कलाकारों ने मिलकर इस गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी और स्टेज पर धूम मचा दी। 'धमाल 4' का नया गाना है 'गुलाबी साड़ी', जिसे संजू ने गाया है जिन्होंने अपना ही ओरिजिनल वर्जन भी गाया था। उन्होंने इस गाने में भी मस्ती का तड़का लगाया है। गाने में अंजलि आनंद और रितेश देशमुख डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। संजीदा शेख और अरशद वारसी भी इसमें हैं।



अजय देवगन के सीन्स भी गाने में दिखाए गए हैं। 'साड़ी' मशहूर मराठी गाने 'गुलाबी साड़ी' का एक जोशीला, रीक्रिएटेड हिंदी वर्जन है, जिसे संजू राठौड़ ने गाया, कंपोज और लिखा है। इस गाने को भी उन्होंने ही आवाज दी है और वो वीडियो में दिखे भी हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी 'धमाल 4' में इस फ्रैंचाइजी की कास्ट – अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की वापसी हो रही है।

# वाराणसी में रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और बाप-बेटे की कहानी

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर एसएस राजामौली अभी फिल्म 'वाराणसी' की चल रही शूटिंग से ब्रेक लेकर यूरोप के दौरे पर हैं। फ्रांस में हुए एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्में 'आरआरआर' और 'ईगा' दिखाई गईं। डायरेक्टर ने एक मास्टरक्लास में अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात की और कन्फर्म किया कि 'बाहुबली' के उलट, यह फिल्म किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी।


बातचीत के दौरान, राजामौली ने बताया कि दर्शक 'वाराणसी' से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अंटार्कटिका की ठंड और बर्फ का अनुभव करेंगे। रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और शानदार फैक्ट्स - यही सब अनुभव आपको मिलेगा, लेकिन इन सबके केंद्र में पिता और पुत्र की भावनाएं हैं। यही सब मिलकर आपके लिए 'वाराणसी' बनाते हैं।' जब राजामौली से पूछा गया कि यह प्रोजेक्ट एक ही फिल्म होगी या कोई फ्रेंचाइजी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'एक फिल्म। हां, एक फिल्म।' जब टीजर रिलीज हुआ, तो राजामौली ने यह भी बताया कि महेश बाबू फिल्म के एक सीन में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। बाद में, राइटर विजयेन्द्र प्रसाद ने फिल्म के 30 मिनट के एक सीन के बारे में हिंट देते हुए कहा, 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच की लड़ाई है। आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर एक रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं... जो हैरान कर देने वाला है।' 'वाराणसी' हाल के सालों की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। राजामौली ने हाल ही में बताया कि फिल्म के मेन एक्शन सीन पहले ही पूरे हो चुके हैं और अक्टूबर तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एसएस राजामौली के निर्देशन और विजयेन्द्र प्रसाद की लिखी कहानी वाली 'वाराणसी', 'आरआरआर' की ग्लोबल सफलता के बाद इस फिल्ममेकर की पहली फीचर फिल्म है।



## हॉलीवुड को टक्कर देती है लव-क्राइम की ये कॉकटेल!

# 75 साल पहले गुरुदत्त ने बनाई थी भारत की पहली क्राइम नॉयर

*मुंबई। गुरुदत्त का नाम आते ही प्रेम और विरह, दर्द और संवेदना, दया और करुणा, मासूमियत और बेबसी जैसे शब्दों को परदे पर उतारनेवाले दृश्य याद आने लगते हैं। याद आती हैं उनकी फिल्में साहिब बीबी और गुलाम, प्यासा और कागज के फूल। ऐसा लगता है कि कम ही लोग इस बारे में जानते होंगे कि गुरुदत्त ने सिर्फ दर्द और संवेदना वाली फिल्में ही नहीं बनाईं बल्कि उनकी शुरुआती फिल्में क्राइम स्टोरीज पर आधारित थीं।*



### गुरुदत्त की पहली फिल्म

जब गुरुदत्त फिल्मों में काम करने आए थे तो उन्होंने क्राइम स्टोरीज पर फिल्म बनाने वाले ज्ञान मुखर्जी के साथ काम किया था। फिल्म निर्देशन की बारीकियां उनसे ही सीखीं। देवानंद की फिल्म कंपनी नवकेतन के लिए गुरुदत्त को पहली बार फिल्म निर्देशित करने का अवसर मिला। फिल्म थी 'बाजी',जो 1 जुलाई 1951 को प्रदर्शित हुई थी। गुरुदत्त 39 की उम्र में दुनिया से चले गए । कम उम्र में ही उन्होंने कई कल्ट फिल्में बनाईं जिनका विश्लेषण अब भी होता रहता है। इन कल्ट मानी जाने वाली फिल्मों के अलावा गुरुदत्त ने क्राइम पर आधारित चार फिल्में बनाई - बाजी, जाल, बाज और सैलाब।

### न्वार मूवमेंट का हिस्सा मानी गई बाजी

यह वही दौर था जब देश में क्राइम स्टोरीज को लेकर एक खास किस्म की उत्सुकता का वातावरण था। अपराध कथाओं पर आधारित उपन्यास खूब बिक रहे थे। उधर हॉलीवुड में फिल्म न्वार मूवमेंट शुरू हो चुका था। इस तरह की फिल्मों का नायक कुटिल भी होता था, उसका कैरेक्टर संदेहास्पद होता था लेकिन जो दिखता था वो उससे अलग होता था। इन फिल्मों में ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम का यूज होता था। फ्लैशबैक और वायस ओवर के साथ नैरेशन इस तरह की फिल्मों में एक अलग ही तरह का प्रभाव पैदा करता था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के वैश्विक परिदृश्य में इस तरह की फिल्में बननी शुरु हुई थी। हिंदी फिल्मों की दुनिया पर भी इसका असर दिखा। गुरुदत्त की फिल्म 'बाजी' को भी न्वार मूवमेंट का हिस्सा माना गया।

### रोंगटे खड़े करने वाली है कहानी

फिल्म की कहानी बहुत अलग नहीं थी। फिल्म का नायक मदन (देव आनंद) एक संपन्न परिवार से आता है लेकिन परिस्थितियों के कारण जीवनयापन कठिन हो जाता है। वो छोटी बहन मंजू (रूपा वर्मन) के साथ रहता है। रोजगार की तलाश में भटकते-भटकते जुआ खेलने लगता है। एक दिन एक होटल में उसकी भेंट डांसर लीना (गीता बाली) से होती है। लोग लीना की अदाओं के दीवाने हैं। मदन को अपने होटल में देख लीना उसको अपने बॉस के लिए काम करने का ऑफर देती है। मदन के अंदर बची-खुची नैतिकता उसको ऐसा करने से रोक देती है। वो लीना के ऑफर को ठुकरा कर घर लौट आता है। अपनी बहन के इलाज के लिए वो डा. रजनी (कल्पना कार्तिक) से मिलता है और दोनों में नजदीकियां बढ़ जाती हैं।

### प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा

डा. रजनी के पिता को ये मंजूर नहीं था। बदलते घटनाक्रम में रजनी का एक पुलिस इंस्पेक्टर से विवाह हो जाता है। बहन के इलाज के लिए पैसों की जरूरत मदन को लीना के पास ले जाती है। लीना से मिलकर वो उसके बॉस के लिए काम करने की हामी भर देता है। दोनों एक-दूसरे से अपना सुख-दुख बतियाते हैं। कहानी आगे बढ़ती है और एक दिन लीना की हत्या हो जाती है। जिस रिवाल्वर से उसकी हत्या होती है उसपर मदन की अंगुलियों के निशान पाए जाते हैं। 'बाजी' की कहानी बेहद कसावट के साथ घटनाओं में पिरोई गई है। दो छोटी प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा चलती है जो दर्शकों को बांधे रखती है। गुरुदत्त प्रेम और अपराध का ऐसा कॉकटेल बनाते हैं जिसमें दर्शक बंधे रहते हैं। गुरुदत्त शताब्दी वर्ष में एक बार फिर से गुरुदत्त की उन फिल्मों पर भी चर्चा होनी चाहिए जो विश्लेषक और फिल्म इतिहासकारों की दृष्टि से ओझल हैं। 75 साल पहले बनी फिल्म 'बाजी' उनमें से एक है।

# मेस्सी का 'मैजिक', लगातार 7 विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के बने पहले खिलाड़ी



एजेंसी ⏭ अर्लिंग्टन

लियोनेल मेस्सी का विश्व कप में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है और अब वह विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर लगातार सात मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

इस स्टार स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जॉर्डन के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच में 3-1 से जीत के दौरान अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आकर यह कारनामा किया।

### फ्री किक से किया 72वां गोल

39 साल के होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर गिराए जाने के बाद फ्री किक पर गोल किया। घास की सतह से थोड़ा ऊपर उठी उनकी नीची किक जॉर्डन के दो डिफेंडरों को भेदकर दनदनाती हुई नेट के बाएं कोने में चली गई। इससे पहले मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। यह उनके करियर का फ्री किक पर किया गया 72वां गोल था। इनमें से 12 गोल उन्होंने अर्जेंटीना के लिए किए हैं। मेस्सी ने अब तक 202 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 गोल किए हैं और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने के रिकॉर्ड के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 145 गोल के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

**मेस्सी ने 19वें गोल के साथ विश्व कप में फिर बनाया नया रिकॉर्ड**

**ग्रुप चरण के अंतिम मैच जॉर्डन पर अर्जेंटीना की 3-1 से जीत**




## ईरान बाहर, नॉकआउट में ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया

**कनसास सिटी।** ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया दोनों ने एक रोमांचक मुकाबले में इंजरी टाइम में गोल करके ग्रुप जे का अपना आखिरी मैच 3-3 से ड्रॉ खेला और विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाई, जिससे ईरान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इस मैच का अंत बेहद रोमांचक रहा, जिसमें एक समय ईरान की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद बन गई थी लेकिन अमेरिका के साथ युद्ध के कारण यात्रा प्रतिबंधों से जुड़ी समस्याएं झेलने वाले इस एशियाई देश की टीम को अब स्वदेश लौटना होगा। मैच के आखिरी मिनटों में स्कोर 2-2 से बराबर था। तभी अल्जीरिया के रियाद महरेज़ ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दाग दिया।



## कोलंबिया ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका



**मियामी गार्डन्स।** पुर्तगाल और कोलंबिया की टीम मैच शुरू होने से पहले ही विश्व का फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी लेकिन अब मुकाबला ग्रुप विजेता बनने के लिए था। मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जिससे कोलंबिया ग्रुप के में पहले स्थान पर रहा। इस मैच को लेकर काफी चर्चा थी लेकिन यह किसी भी समय रोमांच की पराकाष्ठा तक नहीं पहुंचा। कोलंबिया ने तीन मैच में से दो मैच जीते और एक ड्रॉ कराया और उसने सात अंक के साथ ग्रुप चरण का समापन किया। पुर्तगाल एक जीत और ड्रॉ के साथ पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

## कांगो पहली बार नॉकआउट में, उज्बेकिस्तान को हराया

**अटलांटा।** योआने विस्सा के दो गोल और फिस्टन मायेले के एक गोल की मदद से कांगो ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया।



## घाना को मात देकर नॉकआउट में क्रोएशिया

**फिलाडेल्फिया।** लुका मोड्रिक ने कॉर्नर किक को छह गज वाले बॉक्स के शीर्ष तक पहुंचाया और निकोला वलासिच ने कई खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऊंची छलांग लगाकर गेंद को हेडर से गोल में पहुंचा दिया, जिससे क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराकर शान के साथ विश्व कप फुटबॉल के अगले दौर में जगह बनाई। इस तरह से 40 वर्षीय मोड्रिक विश्व कप इतिहास में गोल में मदद करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशिया की तरफ से वलासिच (83वें मिनट) के अलावा पीटर सुसिच (31वें) ने भी गोल किया। घाना के लिए डेरिक लुकासेन ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल दागा था। इस जीत से क्रोएशिया ने छह अंक लेकर ग्रुप एल में इंग्लैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया जबकि घाना चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। क्रोएशिया पिछले विश्व कप में कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रहा था।

---

## खबर संक्षेप



### चेक लेडीज टूर्नामेंट: भारतीय तिकड़ी ने किया कट हासिल

**बेरोन।** पूर्व चैंपियन दीक्षा डागर ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड बनाकर भारत के लिए उम्मीद बरकरार रखी है। उन्होंने अपनी साथी गोल्फर प्रणवी उर्स (67) और वाणी कपूर (70) के साथ रॉयल बेरोन गोल्फ क्लब में कट हासिल कर भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। दीक्षा ने 2019 में यह टूर्नामेंट जीता था और लेडीज यूरोपीय टूर पर शानदार फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने अपने शुरुआती दिन के 66 के स्कोर के बाद दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड शामिल किया। इस तरह पिछले हफ्ते डच लेडीज ओपन में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहने वाली दीक्षा 36 होल के बाद नौ अंडर पार स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रही गोल्फर से चार शॉट पीछे हैं और अंतिम दिन से पहले अच्छी स्थिति में हैं।

### ब्लॉट प्ले9 : शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब तलवार



**प्लेन्यूफ।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट के तीसरे दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेलने के दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाईं, जिससे वह शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। वह अब 54 होल में पांच अंडर पर हैं। उन्होंने इससे पहले 68 और 67 के कार्ड खेले। इस सत्र में डीपी विश्व पीजीटीआई टूर रैंकिंग में सबसे आगे चल रहे तलवार अब संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं और अभी एक दौर और बाकी है। शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी को अगले सत्र के लिए डीपी विश्व टूर में जगह मिलती है प्लानर रैंकिंग के शीर्ष 15 खिलाड़ियों को भी मुख्य टूर में जगह मिलती है।

## खिताब का बचाव करने उतरेंगे सिनर अल्काराज चोट के कारण हुए बाहर

एजेंसी ⏭ लंदन

ग्रास-कोर्ट सीजन अपने सबसे बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। सोमवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन 2026 की शुरुआत होगी। लंदन में होने वाले इस रोमांचक टूर्नामेंट में जाने-माने चैंपियन, उभरते हुए सितारे और कुछ दिग्गज खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे।

वर्ल्ड नंबर-1 यानिक सिनर मौजूदा चैंपियन होने के दबाव के साथ टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इटली के इस खिलाड़ी ने पिछले साल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। अल्काराज कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में सिनर के पास पुरुषों के टेनिस में अपनी शीर्ष स्थिति को और मजबूत करने का शानदार मौका है। सिनर यहां अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने और अपने टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव करने के इरादे से आए हैं। सेरेना विलियम्स ने सिंगल्स टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड स्वीकार कर लिया है, जो डबल्स ड्रॉ में अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ फिर से जोड़ी बनाएंगी।



**वापसी के साथ सेरेना लगाएंगी चार चांद**

**आज ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन की शुरुआत**

### जोकोविच ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने उतरेंगे

हालांकि, पुरुषों का ड्रॉ आसान नहीं है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन की ट्रॉफी जीतने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज हैं, जबकि नोवाक जोकोविच एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के इरादे से एलडब्ल्यू19 (विंबलडन) लौट रहे हैं। 7 बार के विंबलडन चैंपियन रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाते हुए अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। 39 साल के होने के बावजूद, ग्रास कोर्ट पर वे अब भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

### सबालेंका टॉप सीड में सबसे आगे

वहीं महिलाओं के वर्ग में, आर्यना सबालेंका टॉप सीड के तौर पर ड्रॉ में सबसे आगे हैं और अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने की कोशिश करेंगी। साल 2022 की चैंपियन एलेना रयबाकिना ग्रास कोर्ट के अनुकूल खेल के साथ उतरी हैं, जबकि मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक पिछले साल की जीत को दोहराने की कोशिश करेंगी। मीरा एंड्रीवा, कोको गॉफ, अमांडा अनिसिमोवा और पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और बारबोरा क्रेजिकोवा की मौजूदगी में अनुभवी विजेताओं और उभरते हुए दावेदारों का एक शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

## रोमांचक मुकाबले में जीते श्रीकांत, फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ⏭ फुलर्टन

भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा।

- अमेरिकी ओपन: अब यांग से अगला मुकाबला



### रौनक का सफर समाप्त

*युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं।*

## विश्वकप से बाहर हुई न्यूजीलैंड डिवाइन, सूजी और ताहुहू का संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड में खेले जा रहे महिला आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से गत चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम बाहर हो गई। इंग्लैंड के खिलाफ जैसे ही टीम को हार मिली, उनकी दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और ली ताहुहू का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया। इन तीनों को इंग्लैंड की खिलाड़ियों ने मैच के बाद 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर विदाई भी दी। अब न्यूजीलैंड के लिए ये तीनों खिलाड़ी कभी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलती नजर नहीं आएंगी। न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में जाने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ हर हाल में जीत चाहिए थी। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 20 ओवर में 163 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने बड़ी आसानी से 17.2 ओवर में एक विकेट पर 164 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।



**विमेंस टी20 वर्ल्ड कप**

## बांग्लादेश की 4 विकेट से हार दूसरे पायदान पर साउथ अफ्रीका



एजेंसी ⏭ लंदन

साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को विमेंस टी20 वर्ल्ड कप का लीग मैच 4 विकेट से गंवाने के साथ बांग्लादेशी टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी भी काफी धीमी नजर आई, लेकिन टीम ने जीत हासिल करते हुए 'ग्रुप-ए' की प्वाइंट्स टेबल में दूसरा पायदान हासिल कर लिया है। रविवार को लॉर्ड्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी बांग्लादेशी टीम ने 5 विकेट खोकर 117 रन बनाए। इस टीम ने 14 के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सोभना मोस्तरी ने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंदों में 56 रन की साझेदारी की। शर्मिन 29 गेंदों में 22 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि सोभना ने 48 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 42 रन बनाए। इसके बाद कप्तान निगार सुल्ताना ने 20 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों के साथ 32 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जैसे-तैसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### साउथ अफ्रीका ने किया 19.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम

इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (0) के रूप में बड़ा झटका लग गया था। यहां से ताजमिन ब्रित्ज ने एनेरी डर्कसेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। ताजमिन 24 गेंदों में 2 चौकों के साथ 20 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद एनेरी ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 45 गेंदों में 2 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 45 रन बनाए। इस दौरान मारिजैन कप्प के साथ चौथे विकेट के लिए 28 रन जुटाए। टीम ने 4 गेंदें शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्प ने 16 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि नादिन डी क्लार्क ने 15 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से नाहिदा अख्तर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। मारुफा अख्तर, संजीदा अख्तर और रितू मोनी ने 1-1 विकेट निकाला।

**इंटारो ओपन टूर्नामेंट में जीती ट्रॉफी, फ्रांस के बालशॉ को हराया**

# नागल ने किया दो साल का खिताबी सूखा खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता।

इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी, जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है।

### हासिल किए 75 एटीपी रैंकिंग अंक

*नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्होंने 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नयी रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली।*



### नागल ने खेला शानदार खेल

भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बालशॉ मुकाबले में बने हुए थे। हालांकि नागल ने मैच के आखिरी पलों में संयम बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह खिताब नागल के लिए सही समय पर आया है क्योंकि इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह फिर से बनाने की कोशिश में जुटे नागल ने इस सत्र का अधिकतर समय चैलेंजर सर्किट पर खेलते हुए बिताया है। इस टूर्नामेंट से पहले उन्होंने 13 चैलेंजर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और दूसरे दौर से आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस ट्रॉफी से पहले उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन मोल्दोवा में चिसिनाउ टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल तक जगह बनाना रहा था।

एक आरोपी गिरफ्तार; साइबर ठगी से जुड़े मिले कई सुराग

# बैंक खातों और एटीएम से फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का खुलासा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में बैंक खातों और एटीएम कार्डों का अवैध कारोबार करने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड, 20 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और बिना नंबर की एक्सिस स्कूटी जब्त की है। प्रारंभिक जांच में मामला देश के विभिन्न राज्यों में हुई साइबर ठगी से जुड़ा सामने आया है। थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि 27 जून को बेलबाग तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की स्कूटी से जा रहे संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम 31 वर्षीय सौरभ कुमार रजक निवासी न्यू कंचनपुर, थाना आधारताल बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक सहित विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड तथा 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए।



### व्हाट्सएप चैट से मिले साइबर ठगी के सबूत

साइबर सेल ने आरोपी का मोबाइल खंगाला तो नितिन 3333 नामक व्हाट्सएप संपर्क से हुई बातचीत में कई लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खातों की जानकारी, पासबुक की प्रतियां, लॉगिन आईडी, पासवर्ड और क्यूआर/बारकोड साझा किए जाने के प्रमाण मिले। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने स्वयं विभिन्न बैंकों में कई खाते खुलवा रखे थे। पुलिस को इन खातों से जुड़े ऐसे रिकॉर्ड मिले हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में दर्ज साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों से कनेक्शन सामने आया है। अन्य व्यक्तियों के खातों की जानकारी भी व्हाट्सएप के जरिए गिरोह के सदस्यों को भेजी गई थी।

### पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा

पुलिस पूछताछ में सौरभ ने बताया कि उसका संपर्क गोरखपुर थाना क्षेत्र की मांडवा बस्ती निवासी रोहित से हुआ था। रोहित अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क कर उसे प्रतिदिन कई एटीएम कार्ड उपलब्ध कराता था। उसके निर्देश पर सौरभ विभिन्न खातों में कैश डिपॉजिट मशीन के माध्यम से नकदी जमा करता था। बरामद 20 हजार रुपये भी वह जमा कराने ही जा रहा था।

### तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

पुलिस ने सौरभ रजक, रोहित (निवासी मांडवा बस्ती, गोरखपुर) तथा नितिन 3333 नाम से व्हाट्सएप संचालित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) और 61(2) के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ रजक को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और साइबर ठगी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

आत्महत्या या हत्या? पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी

# रात तक घर में था बेटा सुबह पेड़ पर मिला शव

**जबलपुर।** कुण्डम थाना क्षेत्र के ग्राम तिलसानी में रविवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शंकर सिंह परस्ते के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का माना जा रहा है, लेकिन मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



पुलिस के अनुसार शंकर शनिवार रात अपने पिता मानसिंह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भोजन करने के बाद सोने चला गया था। रविवार सुबह जब पिता ने खेत जाने के लिए उसे आवाज लगाई तो वह कमरे में नहीं मिला। परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर बालाजी प्लांट के पीछे सागौन के पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर कुण्डम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों तथा ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

अवैध रेत परिवहन पर पुलिस का शिकंजा

# चोरी की रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**जबलपुर।** चरगवां थाना पुलिस ने अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि रविवार को मुरकटिया घाट में अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम अहमदपुर स्थित हनुमान मंदिर के सामने घेराबंदी की। इसी दौरान गोटेगांव की ओर से चरगवां आ रहा आयशर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-49-ए-6716 रोककर उसकी जांच की गई। ट्रॉली में रेत लोड मिली। पूछताछ में चालक ने अपना नाम धीरेन्द्र पिपरोलिया (25 वर्ष), निवासी ग्राम नोनी करेली, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर बताया। उसने स्वीकार किया कि ट्रैक्टर उसके पिता का है और वह नोनी करेली से चोरी की रेत लेकर चरगवां में बेचने जा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 317(5) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 4/21 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### *शराब कारोबारी के घर पर देसी बमों से हमला, दो आरोपी गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार*

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना क्षेत्र की रतन नगर कॉलोनी शनिवार देर रात उस समय दहल उठी, जब नकाबपोश बदमाशों ने शराब कारोबारी आशीष शिवहरे के घर को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक पांच देसी बम फेंक दिए। लगातार हुए धमाकों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक जिंदा देसी बम बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज तथा मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में ग्रीन सिटी दीनदयाल क्षेत्र निवासी 19 वर्षीय आर्यन चौधरी और उसका एक नाबालिग साथी शामिल है। पूछताछ के दौरान दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस के अनुसार हमले की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी अरमान अभी फरार है, जिसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हमले के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

धर्म परिवर्तन कराने और 5 लाख में बेचने का आरोप

# लव जिहादः युवती का दैहिक शोषण

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र की एक युवती ने मुस्लिम युवक नेक अली खान पर फर्जी हिंदू पहचान बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करने, शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने और 5 लाख रुपए में बेचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने हिंदूवादी संगठनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



युवती के अनुसार नवंबर 2022 में फेसबुक पर उसकी पहचान अंकित नाम के युवक से हुई थी। बाद में पता चला कि उसका वास्तविक नाम नेक अली खान है और उसने हिंदू नाम से फर्जी आईडी बनाकर उससे संपर्क किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। इसके बाद जून 2023 में वह उसे मुंबई के कल्याण ले गया, जहां एक मौलवी की मौजूदगी में उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया तथा उसे गौमांस खाने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िता ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि नेक अली खान और उसके पिता शौकत खान ने मिलकर उसे अमरनाथ होटल में 5 लाख रुपए में बेच दिया। वहां उसे बंधक बनाकर लगातार प्रताड़ित किया गया। युवती का कहना है कि वह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर 23 जून 2026 को जबलपुर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

मामले के सामने आने के बाद विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने थाना घमापुर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत और प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

घटना सीसीटीवी में कैद, महिला घायल

# पुरानी रंजिश में घर पर बमों से हमला

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 में रविवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों ने पवन चक्रवर्ती के घर पर देसी बमों से हमला कर दिया। करीब चार बम फेंके जाने से मकान के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। उस समय घर में पूजा कर रहीं पवन की मां सरोज चक्रवर्ती की आंख के पास चोट लग गई। उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सुबह-सुबह हुए धमाकों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। बरेला पुलिस के अनुसार पवन चक्रवर्ती की क्षेत्र के कुछ युवकों से लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। सुबह करीब 8 बजे मोटरसाइकिलों से पहुंचे हमलावरों ने ताबड़तोड़ बम फेंके और लोगों को धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। पीड़ित परिवार ने अमन, विशाल और प्रदीप सोनकर पर हमले का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि जनवरी 2026 में दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी, जिसके बाद से तनाव बना हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच जारी है।

बादल दे रहे राहत की वजाय उमस की आफत

# राहत के लिए आसमान पर लगी निगाहें

**जबलपुर।** जेठ के महीने में उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। तापमान लगातार औसत से ऊपर बना हुआ है मानसून की दस्तक हो चुकी है आसमान पर बादल छाते हैं, लेकिन राहत की बजाय उसम की आफत देकर निकल जाते हैं। उमस सौगुना बढ़ गई है। शनिवार की जगह रविवार को भी दोपहर में घने काले बादल छाये और बूंदाबांदी कर निकल गये। इसके बाद उमस और बढ़ गई, मौसम एकदम साफ हो गया। शीतल हवाओं और खुशनुमा माहौल के लिये लोग तरस रहे हैं। मानसून की दस्तक के बाद भी असरदार बारिश नहीं हो पा रही है। कल हल्की बूंदाबांदी हुई, जो मौसम कार्यालय में दर्ज तक नहीं हो पाई। मौसम कार्यालय रोज बारिश की संभावना व्यक्त करता है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों की चेतावनी रोज झूठी साबित हो रही है।




स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब से बंगाल की खाड़ी तक उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के रास्ते हवा के कम दबाव की रेखा बन रही है। ऐसी संभावना है कि दो-चार दिनों में जोरदार बारिश हो सकती है। फिलहाल दिन का तापमान और रात का तापमान औसत से अधिक होने के कारण चुभन भरी गर्मी का माहौल बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया। न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 72 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.28 और सूर्यास्त 7.02 बजे हुआ। जबकि 1 जून से अब तक कुल 42.5 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अगले 24 घंटों के दौरान जिलों में कुछ स्थानो में पानी की बौछारे पड़ने व तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।




भ्रष्टाचार — जीसीएफ में ठेकेदार की प्रतिस्पर्धा ने खोला राज, आरोपित का तबादला

# निजी बंगले में लग रही थी सरकारी निर्माण सामग्री

**जबलपुर।** सरकारी निर्माण कार्यों के लिए आवंटित नॉट फॉर सेल सीमेंट के कथित रूप से निजी आवासों के निर्माण में उपयोग का मामला सामने आने के बाद गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने तथा उन्हें निर्माण संबंधी कार्यों से अलग किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि इस मामले में आरोपित डीआरएस विभाग के प्रभारी अधिकारी का सीधे हमने तबादला भी कर दिया. अब उनके पुराने रिकार्ड की भी बात की जा रही है. सरकारी सीमेंट रेत गिट्टी का कथित दुरुपयोग निजी निर्माण में किये जाने की बात सामने आने पर पूरे मामले की गहन पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, फैक्ट्री परिसर एवं सरकारी परियोजनाओं के लिए आवंटित 'नाट फार रिटेल सेल अंकित सीमेंट की कुछ बोरियों का उपयोग कथित रूप से निजी बंगलों के निर्माण में किया गया। नियमानुसार इस प्रकार की सीमेंट केवल सरकारी निर्माण कार्यों अथवा अधिकृत एजेंसियों के उपयोग के लिए होती है और इसका निजी इस्तेमाल प्रतिबंधित माना जाता है। बताया जाता है कि स्थानीय स्तर पर एक अधिकारी के बिलहरी स्थित निवास पर चल रहे एक निजी निर्माण कार्य के दौरान जांच में 'नाट फार रिटेल सेल अंकित सीमेंट की बोरियां मिलने के बाद मामले ने तूल पकड़ा। प्रारंभिक पड़ताल में इसकी आपूर्ति का संबंध जीसीएफ से होने की आशंका जताई गई, जिसके बाद संबंधित विभागों ने जांच शुरू कर दी।



सूत्रों के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामले में कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विभागीय जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों से अलग रखा गया है। साथ ही फैक्ट्री से जारी सीमेंट की खेप का रिकॉर्ड और वितरण प्रक्रिया का ऑडिट भी कराया जा रहा है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सेवा नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई, आर्थिक वसूली तथा आवश्यक होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने पर भी विचार किया जा सकता है। जांच एजेंसियों से निर्धारित अवधि में रिपोर्ट मांगी गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

### प्रतिस्पर्धी ठेकेदारों ने खोली कलई

इस मामले की जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आए की बीआरएस अनुभाग के प्रभारी ने निर्माण सामग्री को उपयोग के लिये निकाला, लेकिन उसे जीसीएफ स्टेट क्षेत्र की मरम्मत में इस्तेमाल कराए जाने की बजाए, सीधे अपने बिलहरी स्थित आवास पर भेज दिया. इस पूरे खेल में ठेकेदार के कर्मचारियों की मदद ली गई और ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर निर्माण सामग्री निजी आवास पर पहुंचाई गई. कुछ प्रतिस्पर्धी ठेकेदारों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने बड़े अधिकारियों के सामने बात रखी और मामले का पर्दाफास हुआ. अचानक हई इस कार्यवाही से जीसीएफ के पूरे सिस्टम में खलबली मच गई. इस खुलासे के दौरान सीजीएम शहर के बाहर थे, लिहाजा मामले को दबाने की कोशिश की गई. इसी बीच मामला मीडिया सामने आने के बाद सीजीएम ने शहर लौटते ही पूरे मामले की तहकीकात की और तत्काल आरोपित अधिकारी का ताबादला आदेश जारी कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240